फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 47, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 15 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

विपक्ष की ओर से अडानी और हिंडनबर्ग से जुड़े मुद्दे को उठाया गया, सत्ता पक्ष राहुल गांधी के विदेश में दिए बयान का मुद्दा उठाता रहा

थम नहीं रहा संसद में हंगामा

नई दिल्ली: बजट सत्र के दूसरे भाग के दूसरे दिन मंगलवार को हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही नहीं चल सकी। हालांकि, राज्यसभा में थोड़े समय के लिए ऑस्कर पुरस्कार जीतने पर आरआरआर और एलिफेंट विस्पर पर संक्षिप्त चर्चा हुई, लेकिन कार्यवाही पहले दो बजे तक और फिर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में सुबह सदन की शुरूआत होते ही ही इस दौरान अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी नेताओं को प्रश्नकाल चलने देने का अनुरोध किया। लेकिन, हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही को दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। फिर दोपहर दो बजे के बाद सदन को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया। वहीं राज्यसभा की कार्यवाही हंगामे के चलते मंगलवार को दोपहर दो बजे तक और फिर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामा विपक्ष की ओर से अडानी-हिंडनबर्ग मामले पर चर्चा की मांग और दूसरी तरफ सत्ता पक्ष की ओर से राहुल गांधी की विदेश में की गई टिप्पणी पर कड़े रुख के चलते हुआ।

राज्यसभा में कार्यवाही की शुरूआत ऑस्कर में फिल्म आरआरआर और एलिफेंट विस्पर पर संक्षिप्त चर्चा के साथ हुई। इस दौरान फिल्म और कला जगत से जुड़े सदन के सदस्यों तथा विभिन्न पार्टियों के नेताओं ने दोनों से जुड़ी टीम को बधाई दी। इसके बाद राज्यसभा में सदन के नेता व केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने राहुल गांधी की विदेश में की गई टिप्पणी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता ने देश के बाहर जाकर यह बयान दिया है। इसके पीछे कोई मंशा छिपी हुई लगती है। उन्हें सदन से माफी मांगनी चाहिए। गोयल ने अन्य पार्टियों की चुप्पी और समर्थन पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि बाकी पार्टियों की इस मुद्दे पर चुप्पी शर्मनाक है। यह चिंता का विषय है कि अन्य पार्टियां उनके बयान पर कुछ नहीं कह रहीं।

इसके बाद हंगामे को बढ़ता देख सभापति जगदीप धनखड़ ने कार्यवाही को दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। बाद में कार्यवाही के दोबारा शुरू होने पर पीयूष गोयल ने कहा कि कांग्रेस नेता ने संसद पर टिप्पणी की है और दोनों सदन इसमें आते हैं। उनकी इस बात का समर्थन केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने भी किया। उन्होंने कुछ उदाहरण देते हुए कहा कि संसद की कार्यवाही के विषय पर की गई टिप्पणियों को सदन में उठाया जा सकता है। पूरे विषय पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि वे वरिष्ठ नेताओं से चर्चा करने के बाद इस विषय पर कोई राय रखेंगे और सदन को इससे अवगत करायेंगे। इसके बाद कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया।

ऑस्कर के बहाने खड़गे का मोदी पर तंज

नई दिल्ली: ऑस्कर में भारत को दो अवॉर्ड मिलने की खुशी राज्यसभा तक पहुंच गई। दरअसल, द एलिफेंट व्हिस्परर्स के अलावा एसएस राजमौली की फिल्म आरआरआर के गाने 'नाटू-नाटू' को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग कैटेगरी में ऑस्कर अवॉर्ड मिला है। आरआरआर के राइटर के. विजयेन्द्र कुमार राज्यसभा के सदस्य भी हैं। इस पर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने चर्चा की बात कही। इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से लेकर समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन तक ने भारतीय फिल्म जगत की जमकर तारीफ की। इस दौरान खड़गे ने तो सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज भी कसा। खड़गे ने आरआरआर के गाने नाटू-नाटू को ऑस्कर मिलने पर सराहना की। सरकार पर कटाक्ष किया और कहा, 'उम्मीद है कि मोदी सरकार इन पुरस्कारों का श्रेय नहीं लेगी।'

खड़गे बोले- रूलिंग पार्टी ये न कह दे कि हमने इसे डायरेक्ट किया है: खड़गे ने कहा कि पहली बार नाटू-नाटू गाने को ऑस्कर में अवॉर्ड मिला है। 'द एलिफेंट व्हिस्पर्स' ने भी पुरस्कार जीता है। अच्छी बात ये है कि ये दोनों ही अवॉर्ड दक्षिण भारतीय फिल्मों को मिले हैं। हमें बेहद खुशी है। मेरा आग्रह है कि रूलिंग पार्टी इसका क्रेडिट नहीं ले कि हमने इसे डायरेक्ट किया है।

योगी सरकार रामनवमी पर कराएगी अखंड रामायण पाठ

लखनऊ: यूपी की सियासत गरमा गई है। इस बार रामनवमी पर योगी सरकार अखंड पाठ कराने के निर्देश के बाद अब सपा मुखिया अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर तीखा तंज कसा है। अखिलेश ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से ट्वीट कर योगी सरकार के इस फैसले का स्वागत किया लेकिन ज़िलाधिकारियों को दी जाने वाली रकम को लेकर तीखा तंज भी किया।

भाजपा सरकार त्योहारों पर फ्री सिलेंडर दे: अखिलेश यादव ने कहा-"रामनवमी मनाने के लिए उप्र के ज़िलाधिकारियों को 1 लाख रुपये दिये जाने के प्रस्ताव का स्वागत है पर इतनी कम रकम से होगा क्या, कम से कम 10 करोड़ देने चाहिए जिससे सभी धर्मों के त्योहारों को मनाया जा सके।

यूपी में निकाय चुनाव की सुगबुगाहट

पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में दाखिल, अप्रैल में अधिसूचना और मई में चुनाव

लखनऊ: राज्य सरकार ने नगर निकाय चुनाव में पिछड़ी जातियों का आरक्षण तय करने के लिए गठित उप्र राज्य समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में दाखिल कर दी। अब कोर्ट इस प्रकरण पर सुनवाई कर फैसला देगा, जिसके आधार पर सरकार आगे की कार्रवाई करेगी। वहीं, सूत्रों का कहना है कि कोर्ट के दिशा-निर्देश के मुताबिक ही निकाय चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण देने की प्रक्रिया तय की जाएगी। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा निकाय चुनाव में पिछड़ों के लिए आरक्षित सीटों की जारी सूची पर विवाद होने के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया था। कोर्ट ने राज्य

सरकार को पिछड़ा वर्ग का आयोग गठन करके निकाय चुनाव में पिछड़ों को दिए गए आरक्षण का परीक्षण कराने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने आयोग को 31 मार्च तक रिपोर्ट तैयार करने की समयसीमा तय की थी। इसी कड़ी में गठित आयोग ने तय समयसीमा से करीब 22 दिन पहले अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी थी। सरकार ने भी आयोग की रिपोर्ट को कैबिनेट से मंजूरी देने के बाद उसे सुप्रीम कोर्ट में दाखिल कर दिया है। नगर विकास विभाग प्रमुख सचिव अमृत अभिजात और न्याय विभाग के अधिकारी सोमवार सुबह सुप्रीम कोर्ट पहुंचे और अधिवक्ता के जरिए आयोग की रिपोर्ट दाखिल कर कोर्ट से इस प्रकरण पर सुनवाई के लिए तारीख देने का अनुरोध किया गया है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से पक्ष रखा जाएगा कि इस रिपोर्ट के आधार पर निकाय चुनाव में पिछड़ों की हिस्सेदारी की प्रक्रिया तय करते हुए उनके लिए सीटें आरक्षित करने और चुनाव कराने की अनुमति दी जाए।

देश के सभी मंडलों तक शाखा को विस्तार देगा संघ

संघ ने राहुल को दी बोलने में सावधानी बरतने की सलाह, आरएसएस समान-लिंग विवाह पर केंद्र के दृष्टिकोण से सहमत

समालखा/नई दिल्ली: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना के 100वें वर्ष में प्रवेश करने से पूर्व चाहता है कि वह देश के सभी मंडलों तक शाखाओं का विस्तार कर दे। इसके लिए हरियाणा के सोनीपत में स्थित पट्टीकल्याणा में आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में विस्तार से चर्चा हुई है। उसके लिए आगामी वर्ष में कार्यकताओं तक इसकी रूपरेखा भेजी जाएगी। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभाह्न के अंतिम दिन यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मंडल स्तर पर संघ की शाखाओं का विस्तार महत्वपूर्ण है। संघ का 2025 शताब्दी समारोह 2024 में विजयादशमी से शुरू होगा। संघ कार्य के विस्तार को लेकर उन्होंने कहा कि पिछले कोविड के कालखंड में उसके कार्यक्रमों विशेषकर फील्ड के कार्यक्रमों जैसे शाखा आदि में थोड़ी कठिनाईयां आई थीं, लेकिन पिछले वर्ष में जिस तेज गति से काम हुआ है उससे प्रत्येक क्षेत्र में कम से कम नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वह आगामी समय में इसको और

विस्तार से और खासकर संघ ने यह विचार किया है कि वह अपने सामाजिक समरसता का अभियान जो वह पहले से चलाता आ रहा है उसको और गति देगा। समाज में छुआछूत और भेदभाव को दूर करने के लिए कार्यकताओं को और सजग करेगा। इसके साथ ही वह पारिवारिक मूल्यों के लिए और कुटुम्ब प्रबोधन के कार्यक्रमों को और गति देगा। साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य करेगा। लोक जागरण जो सामाजिक जीवन मूल्य हैं उनके प्रति लोगों को जागृत करेगा। कुछ सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि यह बैठक पूरी तरह से सामाजिक ढांचे को चुस्त-दुरस्त रखने और भारत राष्ट्र और हिन्दू व भारतीय समाज को संगठित करने के लिए आयोजित थी। इसमें किसी भी प्रकार की राजनीतिक व अन्य प्रकार की चर्चा नहीं हुई।

वरिष्ठ नागरिकों को ट्रेन टिकट पर फिर से मिले छूट

नई दिल्ली: संसद की एक स्थायी समिति ने कोरोना महामारी से पहले वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में मिलने वाली छूट को फिर से बहाल करने की सिफारिश की है।

भारतीय रेलवे सभी वरिष्ठ नागरिकों को मेल, एक्सप्रेस, राजधानी, शताब्दी, दूरंतो समेत सभी ट्रेनों की सभी श्रेणियों में यह छूट देती थी जिसे 20 मार्च, 2020 से बंद कर दिया गया था। भारतीय रेलवे साठ साल से अधिक आयु के पुरुष यात्रियों को किराये में 40 प्रतिशत की छूट देती थी।

'जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा'

नई दिल्ली: दुनिया में यह समझ बनने लगी है कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और इससे जुड़ा कोई भी मामला भारत का आंतरिक मामला है। यह बात विदेश मंत्रालय ने हाल ही में जारी अपनी सालाना रिपोर्ट में कही है।

भारत के खिलाफ दुष्प्रचार में जुटा पाकिस्तान: वर्ष 2022-23 की इस सालाना रिपोर्ट में पाकिस्तान, चीन, अमेरिका, रूस समेत दुनिया के दूसरे देशों के साथ भारत के रिश्तों और इस वर्ष के दौरान घटित हो रहे वैश्विक घटनाक्रम व इससे भारत के हितों पर पड़ने वाले प्रभावों की समीक्षा रिपोर्ट में पाकिस्तान-भारत के रिश्तों पर काफी प्रकाश डाला गया गया है। भारत ने यह दोहराया है कि वह अपने पड़ोसी देश के साथ शांति व सद्भाव का रिश्ता रखना चाहता है, लेकिन यह भी कहा है कि घरेलू और राजनीतिक असफलता से जनता का ध्यान भटकाने के लिए भारत के खिलाफ आक्रामक व काल्पनिक दुष्प्रचार चलाता है। जम्मू-कश्मीर के बारे में भारतीय विदेश मंत्रालय की यह टिप्पणी इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि हाल ही में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कहा है कि उनका देश वैश्विक जगत को कश्मीर के मुद्दे पर अपनी बात मनवाने में असफल रहा है। पहली बार पाकिस्तान के विदेश मंत्री की तरफ से ऐसी बात कही गई है।

हर मंच पर पाकिस्तान अलापता है कश्मीर का राग: भारत हमेशा से कश्मीर को लेकर पाकिस्तान की तरफ से की गई किसी भी टिप्पणी को अपने अंदरूनी मामलों मे हस्तक्षेप के तौर पर लेता है। इसके बावजूद पाकिस्तान की तरफ से तकरीबन हर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर का राग अलापा जाता रहा है।

आतंकवाद के खिलाफ ठोस और निर्णायक कार्रवाई करे पाकिस्तान: पाकिस्तान के बारे में इस रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि भारत ने हमेशा से अपने पड़ोसी देश को कहा है ।

बिहार विधानसभा में मारपीट की नौबत

पटना: बिहार विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान मंगलवार को भाजपा और भाकपा (माले) के विधायकों के बीच मारपीट की नौबत आ गई। दोनों दलों की ओर से जबर्दस्त हंगामा हुआ। विधायक अध्यक्ष के आसन की तरफ से एक-दूसरे दल के सीट की ओर बढ़ने लगे। विधानसभा अध्यक्ष ने मार्शलों को बुलवा लिया। लगभग आधा दर्जन से अधिक मार्शलों ने एक घेरा बनाकर दोनों दलों के उग्र विधायकों को रोका। इसके पहले भाजपा विधायक लखेंद्र कुमार रौशन ने अपनी माइक तोड़ दी। इस हंगामे के बीच प्रश्नकाल को बीच में ही विधानसभा अध्यक्ष ने रोक दिया

और सदन की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

इस तरह हुआ हंगामा: भाजपा के पातेपुर के विधायक लखेंद्र कुमार रौशन ने आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के मानदेय में बढ़ोतरी से संबंधित सवाल को तारांकित प्रश्न के माध्यम से उठाया था।

चीनी मोबाइल फोन के 11 ब्रांड का उपयोग करने से परहेज करने की सलाह जारी

सेना ने 11 ब्रांड के चीनी मोबाइल फोन इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगाया

नई दिल्ली: भारतीय सेना ने देश भर में तैनात सैन्य कर्मियों के चाइनीज फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। नई दिल्ली स्थित सेना मुख्यालय के सैन्य खुफिया अधिकारियों ने देश भर में तैनात सैनिकों को चीनी मोबाइल फोन के 11 ब्रांड का उपयोग करने से परहेज करने की सलाह जारी की है। मिलिट्री इंटेलिजेंस के महानिदेशक ने एडवाइजरी में फॉर्मेशन और यूनिट कमांडरों को चीनी मोबाइल फोन के इस्तेमाल से होने वाले खतरों के बारे में सैनिकों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं।

सेना मुख्यालय की ओर से जारी एडवाइजरी में सैनिकों और उनके परिवारों को दुश्मन देश की कंपनियों के मोबाइल फोन खरीदने या इस्तेमाल करने से बचने की सलाह दी है। इस सूची में चीनी कंपनी वीवो, ओप्पो, ऑनर, श्याओमी, वन प्लस, रियल मी, जेडटीई, मीजू, जियोनी, इनफिनिक्स और आसुस के मोबाइल फोन शामिल हैं। सलाह में यह भी कहा गया है कि जिन जवानों के पास उक्त कंपनियों के मोबाइल फोन हैं, वे 30 मार्च तक अवश्य बदल लें। सैन्य खुफिया अधिकारियों ने फॉर्मेशन और यूनिट कमांडरों को चीनी मोबाइल फोन के इस्तेमाल से होने वाले खतरों के बारे में सैनिकों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इस संबंध में 30 मार्च तक पूर्णता रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

चीन शीर्ष पांच आयातकों और निर्यातकों दोनों में शामिल

भारत अभी भी हथियारों का सबसे ज्यादा आयात करने वाला देश

नई दिल्ली: भारत अभी भी दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा आयातक देश बना हुआ है। हालांकि वर्ष 2013-17 और वर्ष 2018-22 के बीच भारत द्वारा हथियारों के आयात में 11 प्रतिशत की कमी आई है। थिंक टैंक स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया है।

आयात में गिरावट का कारण जटिल खरीद प्रक्रिया: रिपोर्ट के मुताबिक, भारत द्वारा हथियारों के आयात में गिरावट का कारण जटिल खरीद प्रक्रिया, हथियार आपूर्तिकताओं में विविधता का प्रयास और आयातों की जगह स्थानीय डिजाइन को

अपनाने का प्रयास है। सिपरी का कहना है कि वर्ष 2018-22 के दौरान हथियारों के पांच सबसे बड़े आयातक भारत, सऊदी अरब, कतर, आस्ट्रेलिया और चीन थे। जबकि पांच सबसे बड़े निर्यातक अमेरिका, रूस, फ्रांस, चीन और जर्मनी रहे। वर्ष 2018-22 के दौरान पाकिस्तान हथियारों का आठवां सबसे बड़ा आयातक रहा। इस दौरान उसके आयातक में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और चीन उसका मुख्य आपूर्तिकर्ता है।

फ्रांस के हथियारों के निर्यात में 44 प्रतिशत की वृद्धि: वर्ष 2013-17 और वर्ष 2018-22 के बीच फ्रांस के हथियारों के निर्यात में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें से अधिकतर निर्यात एशिया और ओशिनिया देशों को किए गए। वर्ष 2018-22 के दौरान फ्रांस के कुल हथियार निर्यात का 30 प्रतिशत भारत को किया गया।

साल 2024-25 तक 1.75 लाख करोड़ के रक्षा निर्माण का लक्ष्य

नई दिल्ली: सरकार ने कहा कि उसने 2024-25 तक 35,000 करोड़ रुपये के रक्षा निर्यात सहित 1,75,000 करोड़ रुपये के रक्षा निर्माण का लक्ष्य रखा है। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने राज्यसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि 2021-22 में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा निमार्ताओं द्वारा किए गए उत्पादन का मूल्य 86,078 करोड़ रुपये था। इनके द्वारा किए गए उत्पादन का मूल्य वर्ष 2020-21 में 88,631 करोड़ और 2019-20 में 63,722 करोड़ रुपये था।

बाल अपचारी की तलाश

सम्बंधित मु.अ.सं. 345/22 धारा 363 आईपीसी

थाना औद्योगि क्षेत्र के प्रकाश में आये बाल अपचारी मो. इसरार उर्फ साहिल पुत्र निजामुद्दीन निवासी ग्राम मुगांरी थाना- औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज

रंग-गोरा, उम्र- करीब 16 वर्ष

पहनावा- सफेद शर्ट, धारीदार नीला जीन्स पहने हुए

स्थान-ग्राम मुगांरी, दिनांक 12/13.12.2022 को अपने साथ कथित अपहृता दिव्या साहू पुत्री अनिल साहू को लेकर फरार है।

इनका पता बताने वाले को उचित ईनाम दिया जायेगा।

थाना प्रभारी, थाना औद्योगिक क्षेत्र जनपद प्रयागराज

मो.9454402829, 9651412495

खबर संक्षेप

तीन अलग अलग गांवों में मार पीट कई घायल एक दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। मऊआइमा के तीन अलग अलग गांवों में मार पीट कई घायल तीनों मामलों में एक दर्जन के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महरौंडा निवासी राजेन्द्र कुमार पटेल पुत्र किशोरीलाल पेशे से अधिवक्ता हैं। राजेंद्र कुमार का आरोप है कि कतिपय लोग उनके पीछे पडे हैं। किसी भी समय उनकी हत्या कर सकते हैं। अधिवक्ता राजेंद्र कुमार पटेल का आरोप है कि वह सरपताही नहर के पास खडा था तभी कतिपय लोग आ कर उन्हें गालियां दी और जान से मारने की धमकी भी दी। अधिवक्ता ने सीता देवी ,राम लखन ,झुन्ने ,त्रिपुरारी दुबे तथा पांच अज्ञात निवासीगण हरिसेनगंज के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।उधर ग्राम खोजापुर निवासी अमृत लाल पुत्र छोटेलाल के मुताबिक रास्ते के विवाद को लेकर मारा पीटा गया जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने अमृतलाल की तहरीर पर धर्मपाल ,राम पाल ,राम प्रकाश ,सुनील कुमार ,अनिल कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम सिसवां निवासी चन्द्र प्रकाश पांडेय पुत्र शिवमूर्ति का आरोप है कि पुरानी रंजिशन में उसके घर में घुस कर मारा पीटा गया जान से मारने की धमकी दी गई। चन्द्र प्रकाश ने प्यारे लाल उर्फ बुलई ,फूलचंद्र ,अमर चंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

अमीन पर हुई फायरिंग की घटना हुआ पर्दाफाश

अखंड भारत संदेश

प्रतापपुर। सरायममरेज पुलिस टीम द्वारा 10 मार्च को थाना सरायममरेज में पंजीकृत मु0अ0सं0-057/2023 धारा 307/394 भादवि से संबंधित अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए निशादेही / कब्जे से घटना प्रयुक्त 02 अदद मोटरसाइकिल लीवो नीले रंग , सुपर स्पेलेण्डर नीले रंग, 1 अवैध पिस्टल मय 1 अदद जीवित कारतूस 32 बोर, तथा अमीन से लूटी हुई 4 कागज की फाइल व 135 वर्क कागजात बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सराय ममरेज में मु0अ0सं0 61/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया तथा घटना में प्रयुक्त उपरोक्त मोटरसाइकिलों को वैद्य प्रपत्र न होने के कारण धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। 10 मार्च को राघवेन्द्र कुमार पुत्र जंग बहादुर निवासी ग्राम सियाडीह थाना हंडिया जनपद प्रयागराज द्वारा थाना सरायममरेज क्षेत्र के गोठवा में उनके दोस्त तहसील हंडिया में कार्यरत अमीन रमाकान्त पुत्र रामदीन निवासी कोईरौना बाजार थाना कोईरौना जनपद भदोही को मोटरसाइकिल सवार 3 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जान से मारने की नियत से गोली मारकर उनके बैग को छीनकर भाग जाने के सम्बन्ध

में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना सरायममरेज में मु0अ0सं0 057/2023 धारा 307/394 भादवि बनाम मोटर साइकिल सवार 3 अज्ञात व्यक्ति पंजीकृत किया गया था । घटना के शीघ्र एवं सफल अनावरण हेतु थाना सरायममरेज पुलिस टीम द्वारा लगातार थाना क्षेत्र/संभावित स्थानों पर भ्रमणशील रहकर अभियुक्तों के आने/जाने वाले रास्तों पर स्थित दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की वीडियों फुटेज को चेक किया गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मुकदमा उपरोक्त का सफल अनावरण करते हुये अभियुक्तों की पहचान की गयी। जिसमें अभियुक्तगण रवि कुमार विश्वकर्मा पुत्र मेवालाल विश्वकर्मा निवासी ग्राम मऊ रामशाला थाना सुरियांवा जनपद भदोही, सूरज गौतम पुत्र बृजेश निवासी किचकिला रिखीपुर, सूर्य प्रकाश उर्फ नन बाबा पुत्र स्व0 भागीरथी निवासी ग्राम किचकिला रिखीपुर थाना हंडिया प्रयागराज का नाम प्रकाश में आया । मुखबिर की सूचना के आधार पर 14 मार्च को कुंदौरा महादेव मंदिर से अभियुक्तगण रवि कुमार विश्वकर्मा , सूरज गौतम, सूर्यप्रकाश उर्फ ननबाबा उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया । उक्त अभियुक्तों से पूंछताछ के आधार पर अभियुक्त धीरज कुमार पुत्र सुखलाल निवासी ग्राम किचकिला थाना हंडिया प्रयागराज व शनि भारतीया उर्फ शनि देवल का नाम प्रकाश में आया। अभियुक्त धीरज कुमार उपरोक्त को पकड़े गये अभियुक्तों के बताने के आधार पर बिना विलम्ब किये बन्दीपट्टी चौराहे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त शनि भारतीया की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है ।अभियुक्तगण से पूछताछ करने पर बताया गया कि हम तीनों ने 10 मार्च को ग्राम गोठवां के नजदीक रोड पर एक मोटरसाइकिल पर सवार 2 व्यक्तियों पर पीछे बैठे व्यक्ति पर इसी बरामद पिस्टल से गोली मारकर बैग छीना गया था तथा रवि कुमार विश्वकर्मा द्वारा बताया गया कि गोली मैने इसी बरामद पिस्टल से चलायी थी पकड़े गये तीनों अभियुक्तों ने यह भी बताया कि हम तीनों पैसे की जरूरत थी तो हम तीनों ने मिलकर लूट करने की योजना बनायी थी जिसके लिये हमें पिस्टल व मोटरसाइकिल की जरूरत थी। मोटरसाइकिल रवि विश्वकर्मा के दोस्त सूरज गौतम पुत्र विजयशंकर निवासी रोही नेवादा सुरियांवा भदोही से दवाई लेने जाने का बहाना बनाकर लिया गया था तथा पिस्टल हम लोगो को शनि भारतीया उर्फ शनि देवल ने उपलब्ध करायी थी।हमारे साथ ही धीरज कुमार पुत्र सुखलाल निवासी ग्राम किचकिला थाना हंडिया प्रयागराज ने इसी बरामद सुपर स्पेलेण्डर मोटरसाईकिल से 10 मार्च को हंडिया जाकर एसबीआई बैंक के पास रेकी कर हमें बताया था कि किस मोटरसाईकिल का पीछा कर लूट करनी हैं तथा हमारा सहयोग करने के लिये इसी सुपर स्पेलेण्डर मोटरसाईकिल हमारे पीछे-पीछे आया था। गिरफ्तार अभियुक्तों में रवि कुमार विश्वकर्मा पुत्र मेवालाल विश्वकर्मा ग्राम मऊ रामशाला थाना सुरियांवा जनपद भदोही 23 वर्ष सूरज गौतम पुत्र बृजेश निवासी किचकिला रिखीपुर थाना हंडिया प्रयागराज उम्र 19 वर्ष, सूर्यप्रकाश उर्फ नन बाबा पुत्र स्व0 भागीरथी निवासी ग्राम किचकिला रिखीपुर थाना हंडिया प्रयागराज उम्र 23 वर्ष, धीरज कुमार पुत्र सुखलाल निवासी ग्राम किचकिला थाना हंडिया प्रयागराज उम्र 23 वर्ष मु0अ0सं0 57/23 धारा 307/397/120बी/412 भादवि- थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज, मु0अ0सं0 61/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट झ बनाम रवि कुमार विश्वकर्मा।एक अदद अवैध पिस्टल मय 01 अदद जीवित कारतूस 32 बोर, 04 अदद कागज की फाइल व 135 वर्क कागजात, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल लीवो नीला रंग, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सुपर स्पेलेण्डर नीला रंग मु0अ0सं0 122/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सरायममरेज जनपद प्रयागराज।गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सरायममरेज तरूणेन्द्र त्रिपाठी, वरिष्ठ उ0नि0 रामेन्द्र कुमार सिंह, उ0नि0 कपिल कुमार, उ0नि0 अरविन्द कुमार, उ0नि0 बल्ली सिंह यादव, उ0नि0 विशाल कुमार गुप्ता, हे0का0 सत्येन्द्र कुमार पाल, का0 याहिया खाँ, का0 नन्दकिशोर, का0 अमित यादव, का0 पवन धनगर आदि लोग शामिल रहे।

कलश यात्रा के साथ ही प्रारम्भ हुआ रुद्र महायज्ञ

नैनी। श्री रामलीला मैदान औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज के पावन प्रांगड़ में क्षेत्र कल्याण की भावना से नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ एवं सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को कलश यात्रा के साथ ही यज्ञ का शुभारंभ हुआ। क्षेत्र की माताओं बहनों ने सिर पर कलश रखकर शोभायात्रा में भाग लिया। यज्ञाचार्य एवं कथा व्यास परम श्रद्धेय आचार्य श्री शम्भु शरण जी महाराज जी ने क्षेत्रवासियों से इस पावन यज्ञ एवं कथा को भाग लेकर पुण्य अर्जित करने का निवेदन किया। आज की शोभायात्रा में सच्चा बाबा आश्रम के पूज्य संत डा०सत्रुघ्न ब्रह्मचारी जी महाराज ने कन्या पूजन किया। आज की शोभायात्रा में मुख्य यजमान दयाशंकर द्विवेदी एवं उनकी धर्म पत्नी श्रृंगारी देवी के साथ साथ श्यामा प्रसाद द्विवेदी,प्रेम नारायण तिवारी,सालिक राम पाठक,ज्ञान प्रकाश द्विवेदी,अजय मिश्रा,प्रधान निशिकांत मिश्रा,छोटू पाठक तथा क्षेत्र के बहुत से भक्तजन उपस्थित रहे।

साधन सहकारी समितियों में डायरेक्टर पद के चुनाव हेतु बिके 143 पर्चे

18 मार्च को होगा कोरांव के 11 समितियों में चुनाव मतदान

अखंड भारत संदेश

रत्योरा। विकासखंड कोरांव में संचालित हो रही कुल 11 साधन सहकारी समितियों में डायरेक्टर पद के चुनाव हेतु मंगलवार को विकासखंड मुख्यालय कोरांव पर कुल 143 सदस्यों ने नामांकन पत्र खरीदा और जमा भी किया। साधन सहकारी समिति गौहानी रामगढ़ खीरी के कुल 9 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हो गए। जबकि साधन सहकारी समिति सिकरो के कुल 9 सदस्यों में 7 निर्विरोध तो दो सदस्यों के बीच लड़ाई हो गई है। सर्वाधिक नामांकन पत्र साधन सहकारी समिति सजी में कुल 22 पर्चे खरीदे गए। इसी प्रकार साधन सहकारी समिति महुली में 16, बड़ोखर में नौ, पवारी में नौ, डीही लेडियारी में 18, जादीपुर में 16, कोरांव एफ एस एस में 16, कापुरी में 14, पूरादत्तू में 12 नामांकन पत्रों की खरीद की गई। आगामी 18 मार्च को निर्विरोध निर्वाचित सदस्यों के अलावा अन्य सभी सदस्यों के चुनाव के लिए साधन सहकारी समिति के सदस्यों के द्वारा मतदान किया जाएगा। तत्पश्चात 19 मार्च को चुने गए साधन सहकारी समितियों के डायरेक्टर सदस्य समिति के अध्यक्ष का निर्वाचन करेंगे। नामांकन पत्रों की बिक्री एवं जमा कराने के लिए अलग-अलग सहकारी समितियों के अलग-अलग काउंटर बनाए गए थे। जहां निर्वाचन अधिकारी के रूप में ग्राम पंचायतों के सचिवों द्वारा नामांकन पत्रों की बिक्री कर जमा कराए गए। ब्लॉक मुख्यालय पर सुबह 9 बजे से लेकर सायं 4 बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री की गई और जमा भी कराए गए। सभी निर्वाचन अधिकारियों के द्वारा सहकारिता विभाग के ए आर को रिपोर्ट सौंप दी गई है। नामांकन पत्रों के बिक्री एवं जमा कराने के दौरान खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार भी मानिटरिंग करते रहे। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह भी दल बल के साथ ब्लॉक मुख्यालय पर डटे रहे।

समितियों के डायरेक्टर के लिए हुआ नामाकन

अखंड भारत संदेश

करछना। नौ सहकारी समितियों के निदेशक के लिए मंगलवार को करछना ब्लाक में नामांकन किया गया।18 मार्च को चुनाव होगा। परिणाम आने के बाद सभापति और उप सभापति चुने जाएंगे। क्षेत्र की किसान सेवा सहकारी समिति करछना पथरिया रोकड़ी पुरैनी, डीहा, अंतहिया,बीरपुर,भगेसर के लिए दावेदारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बुधवार को नाम निर्देशन प्रपत्रों का परिनिरीक्षण और वैध नाम निर्देशन का प्रदर्शन किया जाएगा। 16 मार्च को नाम निर्देश प्रपत्र की नाम वापसी अंतिम नाम निर्देशन पत्रों का प्रदर्शन और चुनाव चिह्नों का आवंटन होगा। एआर कोऑपरेटिव सोनल शुक्ला ने बताया कि 18 मार्च को सभी समितियों में निदेशक चुनने के लिए मतदान होगा। इसके बाद सभापति उप सभापति व अन्य समितियों में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू होगी।

जसरा सहकारी समितियों का नामांकन संपन्न

जसरा। प्रारंभिक सहकारी समितियों के हो रहे नामांकन में विकास खंड जसरा की 6 समितियों का नामांकन का कार्य सकुशल संपन्न हुआ। जिसमें चौवन संचालकों में से 42 संचालकों का निर्विरोध निर्वाचन होना तय माना जा रहा है। वहीं घूरपुर के मुरादपुर सीट महिला होने के कारण एक भी महिला प्रत्याशी न होने से सीट रिक्त रह गई। सहायक विकास अधिकारी सहकारिता जसरा राकेश सिंह ने बताया कि जसरा के 6 समितियों में किसान सेवा सहकारी समिति जसरा, चिल्ला गौहानी,घूरपुर,क्षेत्रीय सहकारी समिति बारा, साधन सहकारी समिति जारी व लोटाढ़ गौहानी में संचालकों का चुनाव के लिए नामांकन का कार्य किया गया। जिसमें बारा क्षेत्रीय सहकारी समिति के 9संचालक,साधन सहकारी समिति जारी में 9संचालक,साधन सहकारी समिति लोटाढ़ गौहानी में 9 संचालकों के साथ ही किसान सेवा सहकारी समिति जसरा में 6,किसान सेवा सहकारी समिति चिल्ला गौहानी में 5 व किसान सेवा सहकारी समिति घूरपुर में चार संचालक सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचित होना लगभग तय हो गया है। जब कि किसान सेवा सहकारी समिति घूरपुर के मुरादपुर की सीट महिला सीट रही। यहां पर एक भी महिला मतदाता न होने के कारण इस सीट से किसी भी महिला का नामांकन नहीं हो सका।निर्वाचन अधिकारी राजीव मिश्रा ने बताया कि यह सीट रिक्त रह गई है। इस मौके पर निर्वाचन अधिकारीजीतेन्द्र कुमार गौड़,रामलाल यादव,विनोद कुमार, यशवंत सिंह,नीतेश पाल,जगत नारायण शुक्ला,सुरेन्द्र पटेल सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

डायरेक्टर पद के लिये नामांकन पूरा,18 मार्च को होगा मतदान

चार स्थानों पर निर्विरोध निर्वाचन लगभग तय

शंकरगढ़। साधन सहकारी समितियों के डायरेक्टर/संचालक पद के चुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन करवाया गया। नामांकन के लिए ब्लाक मुख्यालय पर भारी भीड़ देखने को मिली। एडीओ (कोआपरेटिव) ने बताया कि नामांकन के बाद कल, 15 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच, 16 को नाम वापसी करवाई जाएगी। इसके बाद यदि कहीं पर चुनाव की जरूरत पड़ती है तो 18 मार्च को चुनाव संपन्न करवाया जाएगा और उसी दिन मतगणना करवाकर चुनाव परिणाम की घोषणा की जाएगी। इसके बाद अगले दिन 19 मार्च को साधन सहकारी समितियों के सभापति पद का चुनाव होगा। विकास खंड शंकरगढ़ में कुल नौ साधन सहकारी समितियां हैं। शंकरगढ़ साधन सहकारी समिति, शिवराजपुर, गोइसरा और अतरसुइया में नौ-नौ वार्ड हैं, जहां पर आज हुए नामांकन के बाद डायरेक्टर/ संचालक का निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। एडीओ (कोआपरेटिव) ने बताया कि इसी क्रम में नौढ़िया उपरहार में 15 लोगों ने नामांकन किया है। इसी तरह अकौरिया में 12,बड़गड़ी में 13, भारतनगर में 13 और सुरबल साहनी में 10 लोगों ने पर्चा भरा है। सभी स्थानों पर स्थानीय ग्राम विकास अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। नामांकन पत्रों की जांच और वापसी के बाद जहां-जहां चुनाव की स्थिति बनेगी, वहां निदेशक/सदस्य (संचालक) का चुनाव करवाया जाएगा।

पुलिस को पैसा देने के नाम पर दलाल ने हड़पा 20 हजार, पुलिस ने किया गिरफ्तार

थाने के बाउंड्री के अन्दर बीस हजार लेकर चम्पत हो गया था दलाल

मऊआइमा। एक दलाल जमीन पर बाउंड्री कराने के लिए एक व्यक्ति से थाने के अन्दर बीस हजार लेकर चम्पत हो गया और मोबाइल बंद कर लिया। भुक्तभोगी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बसरही निवासी मनोज कुमार मिश्रा पुत्र पारसनाथ का कहना है कि तिलई बाजार का एक व्यक्ति निरंतर उसके यहां आता जाता था। मनोज कुमार मिश्रा का आरोप है कि उसके घर पास ग्राम समाज की आधा बिस्वा जमीन पर उसका कब्जा है। जमीन पर बाउंड्री कराने के लिए तिलई बाजार का व्यक्ति उससे कहा कि वह पुलिस से बात किया। आरोप है कि मंगलवार को सुबह दस बजे व्यक्ति उसके घर आया और बीस हजार लेकर थाने चलने के लिए बोला। मनोज कुमार मिश्रा का आरोप है कि उसे पहले पेट्रोल पंप पर ले जाकर तीन सौ रुपये का बाइक में तेल भराया फिर भरपेट नाश्ता करने के बाद उसे थाने के बाउंड्री के अन्दर ले जाकर पुलिस को देने के लिए बीस हजार रुपये ले लिया और कहा सादा कागज लाओ लिखना है। मनोज कुमार का आरोप है कि जब वह कागज लेकर आया तो फ्राडी दलाल भाग गया था। मनोज कुमार मिश्रा ने आप बीती सुनाते हुए । एक शिकायतीपत्र दिया।दलाल मोबाइल नंबर बंद था। पुलिस घर जाकर अवधेश कुमार सिंह को गिरफ्तार कर थाने लायी। पूछताछ के दौरान वह पैसा लेने से इंकार करता रहा। भुक्तभोगी थाने में बैठा था। पुलिस का कहना है कि पुलिस के नाम पर पैसा लेकर दलाल अवधेश कुमार सिंह यदि भुक्तभोगी को पैसा वापस नहीं करता तो मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया जाएगा।फिलहाल अवधेश कुमार सिंह हवालात में बंद है।

न्यूज झरोखा

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना किसानों के लिए वरदान : संतरा देवी

देवघाट बैठकवा में माइक्रो वाटर शेड स्तरीय क्षमता विकास कार्यशाला आयोजित

रत्योरा। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। वाटर सेड विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत भूमि संरक्षण एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार की सयुक्त पहल ग्रामीण गरीबों के लिए मददगार होगी। यह बातें भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला मीडिया प्रभारी संतरा देवी निषाद ने विकासखंड कोरांव के देवघाट बैठकवा में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को वाटर सेल के लिए जहां जागरूक किया जा रहा है वही भूमि संरक्षण के नियम व तरीके भी किस वैज्ञानिकों के द्वारा बताए जा रहे हैं जो काबिले तारीफ है। जागरूकता प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता देवघाट प्रधान शिव लाल ने किया। कृषि विभाग के वैज्ञानिक डॉ आरपी सिंह ग्रामीण किसानों को विभिन्न जानकारियां दी। परियोजना प्रभारी जियान यादव यादव ने भी ग्रामीणों को जागरूक किया। इस दौरान प्रमुख रुप से वाटर विकास दल के प्रभारी सत्य प्रकाश, अवर अभियंता विश्वजीत यादव, डब्लूडीपी के सदस्य रमेश, भूमि संरक्षण इकाई प्रयागराज के लोग मौजूद रहे। कार्यशाला में प्रमुख रूप से प्रमुख रूप से सलिता, ललिता, कुसुम पूजा, रीना कृष्णा आदि लोग मौजूद रहे।

करणी सेना के संस्थापक लोकेंद्र सिंह का निधन, पदाधिकारियों ने शोक संवेदना व्यक्त किया

प्रतापपुर। करणी सेना के संस्थापक लोकेंद्र सिंह कालवी के निधन पर मंगलवार को करणी सेना के जिला संयोजक रुद्र प्रताप सिंह के हरभानपुर, बरना आवास पर शोकसभा का आयोजन किया गया। रुद्र प्रताप सिंह ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि कालवी जी का निधन संगठन के ही लिए नही बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति है वह अपने समाजसेवा एवं सेवाभाव के कार्यों के लिए सदैव याद किए जाएंगे।इस अवसर पर करणी सेना के पधाधिकारी विपिन सिंह, योगेश सिंह, शुभम सिंह, अभिषेक सिंह, अतुल सिंह, अतुल सिंह, विनय सिंह, सर्वजीत सिंह, हीर सिंह आदि लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

मेजा के ऊरवा में औता महावीर लेदर बॉल क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन

नैनी। वीरों के वीर औता महावीर लेदर बॉल क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन मंगलवार को मेजा के ऊरवा ब्लाक, औता खेल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी सुधीर शर्मा, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी ने पहली गेंद खेल कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इससे पूर्व प्रतियोगिता में मौजूद दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया एवं परिचय दिया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुधीर शर्मा ने कहा कि खेल का खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल से हमारे शरीर का विकास होने के साथ शरीर स्वस्थ्य रहती है। पहला मुकाबला फतेहपुर एवं प्रयागराज की टीम के बीच हुआ। इस मौके पर संयोजक मंटू सिंह, मोनू सिंह, विनय सिंह, संदीप पाल, विकास गौतम, पप्पू गौतम, नीरज मिश्रा पत्रकार आदि लोगों ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

63 जोडों ने मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक विवाह में लिए सात फेरे

मुख्य अतिथि के रूप में सुरेन्द्र चौधरी, एम एल सी निर्मल पासवान कार्यक्रम में रहे शामिल

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत मंगलवार को सोरांव के पांच जोडे और मऊआइमा विकास खंड के 57 जोडों ने एक दूजे के लिए सात फेरे लिए।जिनको आए हुए आगंतुकों ने शादी की शुभकामनाएं दी। प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत मंगलवार को मऊआइमा विकास खंड परिसर में 57 जोडे मऊआइमा क्षेत्र के तथा पांच जोडे सोरांव विकास खंड क्षेत्र वर वधू ने सामूहिक विवाह में मंत्रोच्चारण के साथ सात फेरे लेकर एक दूजे के लिए हो गए। शादी पंडित बबलू मिश्रा ने कराया।इस अवसर पर मुख्त अतिथि के रूप में एम एलसी सुरेंद्र चौधरी, निर्मला पासवान ने नव वर वधू को आशिर्वाद दिए। सामूहिक विवाह में कन्या के खाते में पैंतीस हजार ,तथा डिनर सेट ,बीच बैग ,चांदी की बिछिया, पायल, कूकर आदि पन्द्रह हजार रुपये का सामान दिया गया। नव वर वधू को कपडे भी दिए। फिर भोजन आदि करा कर बिदा किया गया। मऊआइमा सामूहिक शादी समारोह में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज समी, विकास खंड अधिकारी श्याम नारायण चतुवेर्दी , बीडीओ सोरांव धीरेंद्र यादव ,समाज कल्याण अधिकारी नरेशचंद्र कटिहार ,अनवर हुसैन रोजगार सेवक संघ के अध्यक्ष ,अमजद प्रधान ,सरताज ,जंग बहादुर ,ए डी ओ पंचायत प्रेम दास ,एडीओ आई एस बी रमेश कुमार ,एडीओ कोआपरेटिव विजय सिंह ,एडी ओ एस टी शैलेंद्र ओझा , ग्राम पंचायत अधिकारी चन्द्र शेखर ,कन्हैयालाल ,ग्राम प्रधान अशोक कुमार उर्फ गुड्डू विश्वकर्मा ,गांगापार भाजपा आई टी सेल के संयोजक निमिष खत्री ,तथा भाजपा के मंडल अध्यक्ष एंव उपाध्यक्ष सहित बडी संख्या में लोग मौजूद थे ।

धनुवा स्थित मुख्य सेवा केंद्र सद्भावना भवन में होली मिलन समारोह संपन्न

अखंड भारत संदेश

नैनी। ब्रह्माकुमारीज के बसवार रोड, धनुवा स्थित मुख्य सेवा केंद्र सद्भावना भवन में होली मिलन का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर गुजरात से पधारे ‘ वर्षा जीगीसा उषा निक्की रूपल अर्पिता विनीता दिव्या अलका भारती बहनों का विशेष ग्रुप के सदस्यों का अभिवादन भी किया गया। कार्यक्रम के बारे में प्रियंवदा बहन ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज प्रयागराज द्वारा आज सारे भाई बहनों के लिए होली मिलन का विशेष कार्यक्रम रखा गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में भाई-बहने उपस्थित हुए तथा गुजरात से बहनों का एक विशेष ग्रुप होली के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आया था। सभी ने गुजराती, हिंदी, पंजाबी तथा अवधी संगीत के माध्यम से खूब होली खेली और गरबा किया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज की क्षेत्रीय निदेशिका राजयोगिनी मनोरमा दीदी ने होली का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि होली नीरस में रस भरने, पुराने को नया करने, मतभेद और मनभेद मिटाने और सभी के साथ घुल मिल कर रहने का यादगार है। होली का त्योहार बसंत ऋतु में मनाया जाता है, इसकी शुरूआत होलिका दहन से की जाती है जिसमें हम अपनी पुरानी चीजों को, बुराइयों को भस्म करते हैं उसके अगले दिन हम एक दूसरे को तिलक लगाकर उनका आत्मिक अभिवादन करते हैं और गले मिलकर एक दूसरे के

खिले शिकवे को भूल साथ में प्रेम से रहने की प्रतिज्ञा करते हैं। तथा एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर उनके साथ खुशी मनाते और सभी का मुख मीठा कराते। उन्होंने कहा कि यदि हम आपस में परमात्मा प्रेम का रंग लगाए तो हमारे जीवन में निश्चित तौर पर सुख शांति और खुशहाली आएगी। बाकी यदि केवल बाहरी तौर पर हम दिखावे के लिए ही होली खेलते हैं तो वह बस एक दिन का त्यौहार ही है। परंतु यदि एक दूसरे से दिल मिले कड़वाहट हटे और परमात्मा प्रेम का रंग हमको भी लगे तथा सभी को लगे तो यह सारा संसार एक बेहतर समाज बन सकता है।इस अवसर पर कई कवियों ने भी अपनी प्रस्तुतियां दी जिसमें डॉ राजेंद्र शुक्ला, वीरेंद्र सिंह सुरेश महेश और भारी संख्या में भाई-बहन मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

रोजगार मेले में 70 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

शंकरगढ़। शंकरगढ़ के कृषक इण्टर कालेज कसौटा में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय प्रयागराज द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनी पीपल ट्री आनलाइन, डस्की स्टैलियन कन्सलटेंसी सर्विस प्रा.लि., गोल्डेन फार्मा आर्गेनिक एग्रीकल्चर प्रा. लि. ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा.लि. एवं कैरियर ब्रीज स्किल साल्यूशन द्वारा चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 70 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में बड़ी संख्या में बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में आये हुए अभ्यर्थियों की प्रीप्लेसमेंट काउंसिलिंग का भी आयोजन किया। उपरोक्त रोजगार मेले में मुख्य अतिथि सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय, अध्यक्ष मो0 हसन अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राम सिंह नेगी द्वारा की गयी। इस रोजगार मेले में खण्ड विकास अधिकारी शंकरगढ़ राम विलास राय तथा सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज के समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला गंगा सुरक्षा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न

जिलाधिकारी ने बैठक से अनुपस्थित रहने पर जिला कृषि अधिकारी का वेतन रोकने के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में जिला गंगा सुरक्षा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिला कृषि अधिकारी का वेतन रोके जाने के साथ ही साथ सम्बंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को ही बैठक में उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। बैठक में जिलाधिकारी ने नमामि गंगे योजना के तहत चल रहे कार्यों के प्रगति, गंगा में प्रवाहित होने वाले नालों के टैपिंग कार्य की प्रगति, अर्थ गंगा, नेहरू युवा केन्द्र द्वारा गंगा जागरूकता हेतु आयोजित कार्यक्रमों की प्रगति, ठोस अपशिष्ट, जैव चिकित्सा अपशिष्ट, अपशिष्ट निस्तारण एवं अपशिष्ट जलाये जाने की रोकथाम हेतु किए गए कार्यों की प्रगति, वेट लैण्ड कंजरवेशन/वाटर बाडीज रेस्टोरेशन प्रोजेक्ट्स, प्राकृतिक/जैविक खेती को बढ़ावा देने की गतिविधियों, वृक्षारोपण वर्ष 2023-24 हेतु मियावाकी वृक्षारोपण हेतु स्थलों के चयनित किए जाने की प्रगति सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गयी। उन्होंने सभी सम्बंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने नदियों के सौन्दर्यीकरण की समीक्षा करते हुए उपरदहा हण्डिया तहसील में स्थित झील के सौन्दर्यीकरण हेतु किए जाने वाले कार्यों के प्रोजेक्ट रिपोर्ट की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जनपद की सीमा के अन्तर्गत गंगा में प्रवाहित होने वाले नालों एवं उनके टैपिंग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जो भी नाला टैप्ड किया गया है, वहां पर बायोमेडिएशन का कार्य भी सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने ठोस अपशिष्ट एवं जैव चिकित्सा अपशिष्ट के निस्तारण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने नगर निगम एवं चिकित्सा विभाग की टीम को अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण हेतु संयुक्त रूप से कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर डीएफओ महावीर कौजलगी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्रयागराज में मिले टीबी के 240 नए मरीज

13 लाख घरों में पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। प्रयागराज में टीबी (क्षय रोग) मरीजों को चिह्नित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष अभियान चलाया गया। 20 फरवरी से शुरू हुआ यह अभियान पांच मार्च तक चला। इसमें टीबी के 240 नए मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इनकी पूरी सूची बनाते हुए इनका इलाज शुरू करा दिया है। एक्टिव केस फाईंडिंग अभियान के दौरान कुल जनसंख्या की 20% आबादी को लक्ष्य बनाकर चलाया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एके तिवारी ने बताया कि अभियान के दौरान 13,68125 घरों में 3647 लोगों के बलगम की जांच की गई। इसमें टीबी के नए 160 मरीज तथा 80 मरीज एक्स-रे की जांच में पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि देश समेत जनपद को क्षय रोग मुक्त बनाने के लिए अधिकाधिक लोगों की जांच का लक्ष्य है। इसे निरंतर क्रियावान के लिए हर माह की 15 तारीख को एकीकृत निक्षय दिवस भी मनाया जाता है।

ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा मिले हैं मरीज

डॉ. तिवारी ने बताया कि अभियान में ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी मरीजों की संख्या ज्यादा मिली है। जिला क्षय रोग केंद्र (डीटीसी) में 8 , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरिया में 6, चाका में 3, बनी में 9, धनुपुर में 11, जसरा में 10, कौंडिहार में 5, कौंधियारा में 7, मऊआइमा में 18, प्रतापपुर में 3, रामनगर में 6, सैदाबाद में 9, हड़िया में 11, करछना में 11, खीरी में 6, कोरांव में 9, शंकरगढ़ में 13, मांडा में 9, मेजा में 12, होलागढ़ में 5, फूलपुर में 4, सोरांव में 13, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कीटगंज में 3, दारागंज में 3, सुलेमसराय में 7, जीटीबी नगर में 3, अरैल नैनी में 5, अंदावा में 5, लालगोपालगंज में 10, असरावल कला में 4, गौस नगर में 4, नारी बारी में 3, मोतीलाल नेहरू मंडलीय अस्पताल में 3, एसआरएन अस्पताल 3 मरीज पाए गए हैं।

न्यूज झरोखा

बार एसोसिएशन सोरांव के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न

सोरांव। बार एसोसिएशन बार एसोसिएशन सोरांव अधिवक्ता संघ के चुनाव में निर्वाचित हुए सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य विधिक परिषद प्रयागराज देवेंद्र मिश्र (नगरहा) एडवोकेट रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि में सोरांव समाजवादी पार्टी की विधायिका गीता पासी, सोरांव ब्लाक प्रमुख प्रदीप पासी, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी,निर्मला पासवान तथा नवाबगंज भाजपा विधायक गुरु प्रसाद मौर्या, फूलपुर तहसील के बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महामंत्री संग कई लोग मौजूद रहे। विगत शनिवार को सोरांव तहसील में बार एसोसिएशन अधिवक्ता संघ का चुनाव हुआ था। जिसमें कोषाध्यक्ष के पद पर आलोक कुमार द्विवेदी, संयुक्त मंत्री के पद पर घनश्याम द्विवेदी,संयुक्त मंत्री प्रशासन के पद पर रणविजय सिंह यादव, संग कनिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार पांडे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार पांडे, महामंत्री पद पर अच्युतानंद मिश्र तथा अध्यक्ष के पद पर भाईलाल पटेल ने अपने निकटतम साथियों को हराकर विजई घोषित हुए थे। सभी विजई पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह तहसील प्रांगण में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। वही वरिष्ठ कार्यकारिणी तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी के सदस्यों सहित सभी अधिवक्तागण मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र यादव, व पूर्व अध्यक्ष राम सजीवन एडवोकेट, पूर्व महामंत्री राजीव कुमार ओझा, राजेश कुमार एडवोकेट, राजेश कुमार यादव, सचिन कुमार एडवोकेट(पूर्व प्रधान), शिवपूजन पटेल एडवोकेट, नरेंद्र कुमार एडवोकेट, पंकज गौतम एडवोकेट, वरिष्ठ अधिवक्ता बच्चू लाल, आशीष कुमार एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष वामिक एजाज फारूकी, मनोज कुमार यादव, संजय सिंह एडवोकेट, वरिष्ठ अधिवक्ता ईश्वरचंद्र एडवोकेट, धर्मेंद्र कुमार एडवोकेट संग सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

अज्ञात कारणों से लगी आग, गृहस्थी का सामान जलकर हुआ खाक



मेजा रोड। मेजा के पौसिया दुबे गांव मे अज्ञात कारणों से लगी आग से गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। जिससे गरीब परिवार पर भारी संकट खड़ा हो गया।बता दें कि मेजा थाना क्षेत्र के पौसिया दुबे गांव निवासी प्रेम शर्मा के घर मे सोमवार की बीती रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे उनका खपरैल मकान व बगल मे झोपड़ी जलने लगी।शोर शराबा सुनकर आस पास के लोग दौड़े और आग बुझाने मेंजुट गए। तब तक उसकी झोपड़ी जलकर राख हो गई और उसमें रखा रजाई, गद्दा, पंखा, कुर्सी, चावल, गेहूं और कुछ बर्तन जलकर राख हो गया। पीड़ित गरीब परिवार ने बताया कि उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया।

सूर्य नमस्कार करते समय शिक्षक की मौत,कर्जनब्रिज पर कर रहे थे योग

प्रयागराज। प्रयागराज में योग करते समय शंकरघाट मोहल्ले में रह रहे मध्य प्रदेश के बालाघाट निवासी ओम प्रकाश त्रिपाठी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह प्रयागराज के तेलियरगंज में कर्जनब्रिज के ऊपर रोज की तरह ही अपने दोस्तों के साथ योग कर रहे थे। सूर्य नमस्कार करते समय अचानक वह नीचे गिर गए और उनके नाक से खून बहने लगा। इसके बाद दोस्तों ने उन्हें टीबी सप्रू (बेली) अस्पताल पहुंचाया। वहां से डॉक्टरों ने उन्हें स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय रेफर कर दिया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मंगलवार को उनका रसूलाबाद घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

राजभवन का घेराव करने जा रहे प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी सहित सैकड़ों कांग्रेसी नेता किये गए गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों को अडानी समूह को बेच रही : बृजलाल खाबरी महंगाई, आराजकता की भेंट चढ़ गया प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर पांडेय

लखनऊ। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार देश के सभी राज्यों में कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं अडानी के पक्ष में भाजपा सरकार की क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति के खिलाफ तथा राहुल गांधी द्वारा सदन में एवं सदन के बाहर बार-बार पूछे जाने कि प्रधानमंत्री का अडानी से रिश्ता क्या है? मोदी की विदेश यात्राओं और अडानी समूह के मध्य क्या रिश्ता है? क्या कारण है मोदी जी अडानी का नाम लेने से बचते हैं? एलआईसी, एसबीआई का नुकसान होने के बावजूद भी कोई भी जांच एजेंसी इस प्रकरण की जांच क्यों नहीं कर रही है? देश के तमाम संस्थान अडानी सहित कुछ ही उद्योगपतियों को ही क्यों दिये जा रहे हैं, प्रधानमंत्री जवाब नहीं देते हैं। कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों द्वारा जेपीसी की मांग नहीं मानी जाती है, इन सभी ज्वलंत मुद्दों को लेकर कांग्रेसजनों ने ह्यचलो राजभवन मार्च के तहत सोमवार को राजभवन की ओर च कूच किया । कांग्रेसियों की अपार भीड़ देखकर पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूल गए । इस अभियान का नेतृत्व कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी कर रहे थे ने। भाजपा सरकार की नीतियों के विरोध में कार्यकर्ता नारेबाजी भी कर रहे थे। राष्ट्रीय सचिवगण सत्य नारायण पटेल, तौकीर आलम, प्रदीप नरवाल, पूर्व सासंदगण राजेश मिश्रा, कमल किशोर कमांडो, ए0पी0 गौतम, पूर्व विधायकगण सतीश अजमानी, हरीश बाजपेई, प्रदीप माथुर, श्रीमती लुईस खुर्शीद, भगवती प्रसाद चौधरी, श्याम किशोर शुक्ल, अनुग्रह नारायण सिंह, विवेक बंसल, सतीश शर्मा, अनिल अमिताभ दुबे, सोहिल अख्तर अंसारी, डॉ0 मसूद अहमद, इन्दल रावत, फूल कुंवर, प्रदेश महासचिव प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह सहित हजारों की तदात में कांग्रेसी कार्यकर्ता राजभवन की ओर बढ़ते जा रहे थे जिस दौरान रास्ते में ही योगी सरकार की पुलिस ने बलपूर्वक रोकने का प्रयास किया, तद्पशात धक्का-मुक्की के बीच कांग्रेसजनों को गिरफ्तार कर अस्थाई जेल ईको गार्डन ले जाया गया। उसी समय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ममता चौधरी, शहला अहरारी, प्रतिभा अटल पाल, रूबीना रईस, सय्यदा तनवीर फातिमा सहित तमाम कांग्रेसजन राजभवन तक पहुंच गई।कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने बताया कि विधायक एवं प्रांतीय अध्यक्ष वीरेन्द्र चौधरी को अपने क्षेत्र में ही नजरबंद कर दिया गया ।वही राजभवन जाते समय प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, प्रांतीय अध्यक्ष, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे, अजय राय, योगेश दीक्षित, अनिल यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह, मकसूद खान, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, महासचिव शरद मिश्रा, विवेकानंद पाठक, श्याम सुंदर उपाध्याय बिट्टू, सैफ अली नकवी, सुबोध श्रीवास्तव, बदरूद्दीन कुरैशी, अरशद अली गुड्डू, राघवेन्द्र सिंह, विदित चौधरी, जयकरन वर्मा, संगठन सचिव अनिल यादव, मनोज यादव, सेवादल मुख्य संगठन डॉ0 प्रमोद कुमार पाण्डेय, मीडिया संयोजक ललन कुमार, अशोक सिंह, अंशू अवस्थी, प्रदेश प्रवक्ता पंकज तिवारी, विकास श्रीवास्तव, संजय सिंह, मुकेश सिंह चौहान, सचिन रावत, *प्रभाकर पाण्डेय*, आस्था तिवारी, रफत फातिमा, प्रदेश सचिव मुकेश धनगर, चन्द्रशेखर मिश्रा, सच्चिदानंद पाण्डेय, बृजेश सिंह, शाहनवाज मंगल आजमी, मनोज तिवारी, ज्ञानेश शुक्ला, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, राजेश सिंह काली, डॉ0 जियाराम वर्मा, डॉ0 रेहान अहमद खान, अजय सिंह, कनिष्क पाण्डेय, वर्चस्व पाण्डेय, नरेन्द्र शुक्ला, अनस रहमान, सौरभ, समीर श्रीवास्तव, महिला कांग्रेस अध्यक्षगण ममता चौधरी, शहला अहरारी, ममता राजपूत, प्रतिभा अटल पाल, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, प्रमोद सिंह, बृजेन्द्र सिंह, अमरनाथ अग्रवाल, रमेश मिश्रा, सीमा चौधरी, सुनीता रावत, अमित श्रीवास्तव त्यागी, हनीफ खान, शामीना शफीक, सुशीला शर्मा, प्रज्ञा सिंह, डॉ0 रिचा शर्मा, डॉ0 सुधा मिश्रा, रूबीना रईस, अयूब सिद्दीकी, दिलदार हुसैन, बाबा जुबैर बेग, सहित हजारों कांग्रेसजनों को गिरफ्तार कर लिया गया । मौजूद कांग्रेसी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि जहां पूरा देश गहरे आर्थिक संकट से जूझ रहा है महंगाई चरमोत्कर्ष पर है, बेरोजगारी से नौजवानों की कमर टूट गई है, वहीं भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों को अडानी समूह को बेंच रही है।स्टेट बैंक, एलआईसी, जैसे सार्वजनिक संस्थानों को निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग की करोड़ों की बचत जोखिम में है प्रवक्ता प्रभाकर पांडेय ने कहा कि रोजगार के नाम पर भाजपा सरकार नौजवानों को लाठी मार रही है किसान आत्महत्या कर रहे हैं।भाजपा का मुख्य मकसद जाति, धर्म के नाम पर लोगों को बांटना तथा समाज में नफरत फैलाना है,इस नफरत को समाप्त करने के लिए कांग्रेस पार्टी आम जनमानस के साथ संघर्ष करती रहेगी ।श्री पाण्डेय ने बताया कि लगभग सभी जनपदों के जिला शहर अध्यक्ष, सहित हजारों कॉंग्रेसजन मार्च में भागीदार रहे। प्रशासन द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी सहित गिरफ्तार किये गये सभी नेताओं को शाम को रिहा कर दिया गया।

बीएनटी कॉलेज मेजारोड ने जीती सबजूनियर वॉलीबाल की ट्रॉफी

अखंड भारत संदेश

मंगला प्रसाद इ.का. बामपुर की टीम बनी उपविजेता

मेजा। डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन (डीवीए),प्रयागराज के तत्वावधान में विभिन्न श्रृंखलाओं में आयोजित की जाने वाली वर्तमान सत्र 2022-23 की छठवीं सबजूनियर बालकों की " वालीबाल लीग प्रतियोगिता उरुवा ब्लॉक के मिश्रपुर गाँव में संपन्न हुई। प्रतियोगिता का फाइनल मैच बीएनटी कॉलेज मेजारोड़ और मंगला प्रसाद इंटर कॉलेज बामपुर के बीच तीन सेटों का खेला गया। जिसमें बीएनटी कॉलेज मेजारोड़ की टीम ने मंगला प्रसाद इंटर कॉलेज बामपुर की टीम को सीधे तीनों सेटों में 25 - 18 और 25 - 15 अंकों से हराकर सबजूनियर वॉलीबाल लीग प्रतियोगिता की ट्रॉफी जीत ली। इसके पूर्व प्रतियोगिता के खेलें गए प्रथम सेमीफाइनल मैच में मंगला प्रसाद इंटर कॉलेज बामपुर की टीम ने वॉलीबाल क्लब मिश्रपुर की टीम को 27 - 25 व 25 - 23 अंकों से हराकर तथा दूसरे सेमीफाइनल मैच में बीएनटी कॉलेज मेजारोड ने वशिष्ठ सेवा संघ इंटर कॉलेज महेवाकलां,मांडा की टीम को 25 - 21 और 25 - 22 अंकों से हराकर अगले चक्र फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह ग्राम प्रधान मिश्रपुर अजय कुमार यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिला वॉलीबाल संघ,प्रयागराज के संरक्षक ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी व व्यक्तिगत पुरस्कार वितरित करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जबकि पूर्व प्रधान मिश्रपुर राम सिंह ने उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार के साथ-साथ अन्य प्रतिभागी टीमों के खिलाड़ियों को स्पेशल पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिला वॉलीबाल संघ,प्रयागराज के महासचिव आर.पी.शुक्ला ने प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी ऋषभ यादव(डी कुमार पब्लिक स्कूल), सोनू(राम प्रताप इंटर कॉलेज सिरसा), अभिषेक(मिश्रपुर), आयुष तिवारी(इंटर कॉलेज महेवा) को विशेष पुरस्कार प्रदान किया ततपश्चात प्रतियोगिता में पधारें समस्त खिलाड़ियों,दर्शकों व आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोजन समिति की ओर से वॉलीबाल क्लब मिश्रपुर के मंत्री चंद्रमोहन राव ने सभी अतिथियों को बैच व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रभाकर चौबे ने किया। उक्त अवसर पर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष के.बी.एल.श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष के.पी.सिंह, वॉलीबाल क्लब मिश्रपुर के अध्यक्ष टी.एन.सिंह, संतोष भास्कर, अनुराग मिश्रा, असफाक अहमद, जितेंद्र कुमार यादव, रमाशंकर, राजेंद्र कुमार व राकेश भास्कर आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

चोरी की घटनाएं से व्यापारी है परेशान

नैनी। डांडी (डभांव) रीवां रोड से चोरी की वारदातें घटित हो रही हैं इन घटनाओं में किसी भी किया जा रहा हैं विगत कुछ वर्षों की अधिकाँश घटनाएं पंजीकृत नहीं हो पाई क्योंकि प्रार्थना पत्र देने के बावजूद भी घटनाओं को पंजीकृत नहीं किया गया या दबाव देकर पंजीकृत होने नहीं दिया जाता जो किसी तरह पंजीकृत हो जाती हैं वह भी प्रशाशन के लापरवाही के कारण ठंढे बसते में चली जाती हैं। 4 दिसंबर 2021 को नवीन कुमार सिरेमिक व्यापारी के यहाँ चोरी की वारदात में कैश और लाखों का सामान चोरी गया जिसके जांच अधिकारी उपेन्द्र तिवारी थे 5 अक्तूबर 2022 शाहिद अहमद पुत्र जमील अहमद के यहाँ लाखों का सामान चोरी हुआ जिसके जांच अधिकारी विपिन कुमार जी थे अभी सबसे ताजा घटना 11 मार्च को नसीम पुत्र हमीद के यहाँ चोरी की वारदात हुई जिसके जांच अधिकारी उपेन्द्र तिवारी ही हैं नसीम के यहाँ से भी लाखों का सामान चोरी गया यहाँ के व्यापारी स्पष्ट शब्दों में प्रशाशन की मिलीभगत का आरोप लगाते हैं 11 मार्च की घटना में व्यापारियों ने कैमरों के माध्यम से चोरों का चिन्हीकरण करके नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई लेकिन अभी तक कोई कारवाई नहीं की गई जिसके कारण चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं अगर इसी तरह की स्थितियां रही तो डभांव का बाजार चोरों के आतंक से खतम हो जाएगा।

कांग्रेसियों की हुई बैठक प्रमोद को दी बधाई

करछना। राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी को राज्य सभा में विपक्ष का उपनेता चुनें जाने कांग्रेस जनों मे हर्ष। जिला कांग्रेस कमेटी यमुनापार कांग्रेस कार्यकताओं की आवश्यक बैठक जिला कांग्रेस कमेटी यमुनापार जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी की अध्यक्षता में अकोड़ा बाजार में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होने ने कहा कि कांग्रेस हाईकमान सोनिया गांधी व कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे जी ने कांग्रेस के नेता प्रमोद तिवारी को राज्यसभा में विपक्ष का उपनेता बनाकर ऐतिहासिक कार्य किया अरूण तिवारी ने कहा कि प्रमोद तिवारी पर कांग्रेस कार्यकताओं पदाधिकारियों को गर्व है। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकताओं ने आपस में एक दुसरे का मुंह मीठा कराया और उन्हे बधाई देने वालों में डा दिनेश कुमार सोनी, शिव विजय सिंह,रंगराज सिंह उपाध्याय विवेक पाण्डेय, राम अनुग्रह मिश्र,विनय कृष्ण पांडेय माता अम्बर मिश्र पक ाश पाण्डेय, सुरेश कुमार पटेल सतीश द्विवेदी, नागेश पांडेय, आशीष कुमार मिश्र, बेदानन्द वेद, राम छबिले मिश्र, त्रिपुरारी मिश्र, राजकुमार पटेल, प्रमेन्द्र झा,राजकुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

एंबुलेंस का स्ट्रेचर टूटने से जमीन पर गिरा मरीज

प्रयागराज। सड़कों पर दौड़ रहीं ज्यादातर सरकारी एंबुलेंस खटारा हो चुकी हैं। इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। एक बार फिर एक मरीज एंबुलेंस इसका शिकार हो गया। शहर के तेज बहादुर सप्रू (बेली) हास्पिटल के ट्रामा सेंटर में एक मरीज 108 एंबुलेंस से पहुंचा था। एंबुलेंस (वढ 32 ए 4999) के कर्मचारी मरीज को स्ट्रेचर पर लिटाकर अंदर ले जाना चाहते थे लेकिन तभी स्ट्रेचर टूट गई और मरीज जमीन पर गिर गया। तत्काल एंबुलेंस कर्मियों ने मरीज मनोज सक्सेना को उठाकर स्ट्रेचर पर रखा लेकिन स्ट्रेचर फिर से टूट गया और मरीज दोबारा जमीन पर गिर पड़ा। वह दर्द से तड़पता रहा। किसी तरह मरीज को ट्रामा सेंटर ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसका इलाज शुरू कराया।उधर, सीएमओ डॉ. आशु पांडेय ने मामले का संज्ञान लिया है। एंबुलेंस के को-आर्डिनेटर को नोटिस जारी करते हुए शीघ्र ही इस लापरवाही में जवाब मांगा है। प्रयागराज में 108 की 42 एंबुलेंस हैं और 102 की 51 एंबुलेंस हैं। इसके अलावा 5 अतिरिक्त एंबुलेंस हैं जो इमरजेंसी के लिए रखी गई हैं। इसमें जो एंबुलेंस खराब हैं उनकी देखभाल नहीं हो पाती है, जिम्मेदारी अधिकारी इस तरफ ध्यान नहीं देते हैं, यही कारण है कि खटारा एंबुलेंस मरीजों के लिए तकलीफदेह हो जाती हैं।मरीज मनोज सक्सेना ने बताया कि उसके पैर में तकलीफ है, इसलिए वह 108 एंबुलेंस से बेली अस्पताल आया था। लेकिन यहां स्ट्रेचर से दो बार जमीन पर गिरा, जिससे चोटें आई हैं। मनोज दारागंज का रहने वाला है और वह आटो चालक है। **नोडल बोले- लापरवाही है, कराएंगे जांच :** एंबुलेंस के नोडल अधिकारी व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरूण कुमार तिवारी ने बताया कि यह बड़ी लापरवाही है। जो भी एंबुलेंस खराब होती हैं उसकी मरम्मत होती रहती है। इस मामले में जांच कराई जाएगी कि यह लापरवाही कैसे हुई है।

कल्चरल इवेंट से निखरती है बच्चों की छिपी प्रतिभा : रामविलास

जेनिथ मॉडल स्कूल पगुवार के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। जेनिथ मॉडल स्कूल पगुवार का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समारोह का आगाज मां सरस्वती की वंदना और स्वागत गीत से किया गया। सालाना जलसे में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके पूर्व समारोह के चीफ गेस्ट बीडीओ शंकरगढ़ रामविलास राय ने कार्यक्रम का दीप जलाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा, शिक्षक समाज का दर्पण होता है। वह बच्चों का भविष्य संवारता है और शिक्षा से बच्चों का भविष्य संवरता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है। आज, यहां के बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम इस बात की गवाही दे रहे हैं कि यहां के शिक्षकों ने बच्चों को संवारने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। यदि बच्चों को सही मार्गदर्शन मिले तो वह अपना रास्ता खुद चुन लेते हैं। जेनिथ माडल स्कूल की स्थापना वर्ष 2022 में 13 मार्च को हुई थी। प्रथम एनुअल फंक्शन की थीम ह्यउड़ान एक साल में शिक्षकों की लगन, कड़ी मेहनत के बाद बच्चों ने हाई स्पीड उड़ान भरीह्न रखी गई थी। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया, जिसमें डांस, गीत-संगीत, नाटक से अतिथियों को माता-पिता की जीवन में अहमियत, शिक्षा का महत्व, भारतीय कल्चर आदि की अनुभूति कराई। अतिथियों का स्वागत स्कूल की प्रिंसिपल प्रियंकला सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में दीवान सिंह पूर्व आरआई, गिरीश सिंह प्राचार्य सूती, समर जीत सिंह प्राचार्य जमुनिहा, पुष्पराज सिंह अध्यक्ष प्रधान संघ शंकरगढ़, डा.मंगलेश सिंह प्रधान मवैया पहलवान, डा.शैलेंद्र सिंह, डा. बबिता सिंह, समर जीत सिंह डायरेक्टर, विजय सिंह शिक्षक, अजय सिंह शिक्षक, राकेश सिंह संचालक जमुनिहा स्कूल, मनीष सिंह व्यवस्थापक की मौजूदगी में अतिथियों ने फीता काटकर और दीप जलाकर सालाना जलसे का आगाज किया। माल्यार्पण एवं बैज लगाकर स्वागत मनीष सिंह, सुनील सिंह, ममता सिंह, अभिषेक सिंह, वीरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का सफल संचालन नजराना ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से समर बहादुर सिंह प्रधानाचार्य दुबरी स्कूल, प्रभाकर सिंह एडवोकेट, समर सिंह, अमर सिंह, कमलाकर सिंह, दिनेश सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, आनंद सिंह, सुधा सिंह, जाह्नवी, सीमा सिंह, स्वाती सिंह धर्मेंद्र पांडेय, जंग बहादुर सिंह, प्रदीप सिंह उपस्थित रहे।

परिश्रम के साथ समर्पण से लक्ष्य प्राप्ति संभव : ओम प्रकाश मिश्र

प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। विकासखंड कौड़िहार में प्रधानाध्यापकों के साथ खंड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र एवं एकेडमिक रिसोर्स पर्सन की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें निपुण लक्ष्य प्राप्ति के संदर्भ में मुख्य रुप से आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। विकासखंड का औसत लगभग 70% के आसपास है 65% से कम निपुण लक्ष्य हासिल करने वाले प्रधानाध्यापकों को इसे शीघ्र प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। बैठक के दौरान विभिन्न एकेडमिक एवं प्रशासनिक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान समस्त परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ-साथ एकेडमिक रिसोर्स पर्सन जय सिंह, प्रभाशंकर शर्मा, विष्णु कुमार मिश्रा, अजमल अमीन अंसारी के अतिरिक्त राधे कृष्ण, बालेंद्र पांडेय, राजेश शुक्ला, गायत्री सरोज रुकमणी सिंह गीता बघाड़िया एवं बीआरसी स्टाफ मौजूद रहे।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै मोहम्मद हारुन (Mohammad Harun) पुत्र मोहम्मद इस्लाम पता मालवीय नगर कोरांव प्रयागराज जो कि मुझे इसी वास्तविक नाम एवम पते से जाना पहचाना जाता हूं।

प्रतापगढ़ संदेश

भगवान की सेवा से बढ़कर भागवत सेवा हैः स्वामी वल्लभाचार्य

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। रामानुज आश्रम शिवजीपुरम में परम वैष्णव संत श्रीमद जगद्गुरु रामानंदाचार्य श्री श्री 1008 स्वामी श्री वल्लभाचार्य जी महाराज श्री राम हर्षण मैथिल संख्य पीठाधीश्वर धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट चारुशिला मंदिर जानकी घाट श्री अयोध्या धाम एवं एवं उनके परिकरों का धूमधाम से स्वागत संपन्न हुआ।

धमार्चार्य ओम प्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास एवं नारायणी रामानुज दासी द्वारा स्वामी जी का पाद प्रक्षालन कर आरती उतारकर अंगवस्त्रम एवं माल्यार्पण भेंट करके सादर बहुमान कर रामानुज पंचांगम एवं दास द्वारा लिखित मां वाराही महात्म्य की पुस्तक सेवा में प्रदान

शिवजीपुरम में धूमधाम से हुआ स्वागत

दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते स्वामी वल्लभाचार्य।

किया। इस अवसर पर आपने कहा कि भगवान की सेवा से बढ़कर भागवत सेवा है। वैष्णवों का जहां समागम होता है वहां पर ठाकुर जी स्वयं आगे आगे चलकर पधारते हैं। इतिहास पुराण वेद शास्त्र विधि के बिना मन मुखी भक्ति जो हम करते हैं उससे उत्पात खड़े होते हैं भगवान कभी नहीं मिलते। ठाकुर जी की कृपा सदा रामानुज आश्रम पर बनी रहे यही प्रभु श्री राम और माता सीता जी से हमारी प्रार्थना है। ठाकुर जी से संबंध जोड़ो और यह संबंध सीताराम कीर्तन से प्राप्त होगा। इसके पूर्व आप द्वारा कौटिल्य इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ओम प्रकाश त्रिपाठी पूर्व अध्यक्ष भाजपा सूर्यमणि शुक्ला संतोष दुबे पूर्व सभासद प्रदीप शुक्ला अध्यक्ष परशुराम सेना इं अनामिका पांडे डॉ अर्वतिका पांडे डॉ अंकिता पांडे विश्वम प्रकाश पांडे श्रीमती रीना सिंह चंद्र भूषण शुक्ला पंकज मिश्रा रामचंद्र सेठ रघुनंदन रामानुज दास सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।

चार सौ अठहत्तर अधिवक्ताओं का निर्वाचक मण्डल चुनेगा नई कार्यकारिणी

लालगंज प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में इस बार चार सौ अठहत्तर मतदाता कार्यकारिणी का भविष्य तय करेंगे। हालांकि चुनाव समिति ने अन्तरिम मतदाता सूची जारी करते हुए आपत्ति का अवसर देते हुए बुधवार को इसके निस्तारण किये जाने का ऐलान किया है। मंगलवार को चुनाव समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष राममोहन सिंह की अध्यक्षता मे हुई। बैठक की जानकारी देते हुए प्रेस प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि अन्तिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद आगामी सत्रह एवं अठारह तथा बीस मार्च को प्रत्याशियों का नामांकन दाखिल हो सकेगा। संघ की कार्यकारिणी का चुनाव अटठाईस मार्च को होगा। इसी दिन चुनाव परिणामों की घोषणा भी की जाएगी। इस मौके पर केबी सिंह, विकास मिश्र, देवी प्रसाद मिश्र, रामलगन यादव, टीपी यादव, वीरेन्द्र सिंह, राजेन्द्र मिश्र, बेनीलाल शुक्ल, शिवाकांत उपाध्याय, कालिका प्रसाद पाण्डेय, संतोष पाण्डेय आदि रहे।

स्टेशन पर रेल कर्मचारियों ने दिया धरना

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन शाखा ने रनिंग कर्मचारियों के शोषण के खिलाफ केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान पर शाखा अध्यक्ष मोहम्मद अफजल खान की अध्यक्षता में मगंलवार को लाबी के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मण्डल मंत्री अवधेश कुमार दूबे एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व मण्डल मंत्री रविभूषण सिन्हा शामिल हुए। शाखा मंत्री एवं सहायक मण्डल मंत्री धर्मेंद्र कुमार दूबे ने सभा का संचालन करते हुए कर्मचारियों की समस्याओं के निदान का भरोसा दिलाया। उक्त सभा में के. डी. तिवारी, जे. के. पाण्डेय, प्रदीप कुमार शर्मा रंजन सिंह, विद्याभूषण तिवारी, उदयराज वर्मा, एम.वी. सिंह, अजीत कुमार पाल, रंजन सिंह, डी.के.दूबे, रहमत उल्ला मो0 यासिर, रवींद्र कुमार, प्रदीप कुमार यादव,श्रीमती निर्मला, मालती यादव, किरन सिंह, निशांत विश्वकर्मा, संतोष पटेल ने भाग लिया।

मजदूर नेता का स्वागत करते रेल कर्मचारी।

जमीनी विवाद में मां बेटे को आरोपियों ने पीटा

पट्टी, प्रतापगढ़। जमीनी विवाद को लेकर आरोपियों ने एक महिला सहित उसके बेटे को जमकर मारा पीटा, जिससे दोनों को गंभीर चोट आई। पीड़ित महिला ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बेला गांव की रहने वाली शकुंतला पत्नी उमाशंकर ने बताया कि जमीनी विवाद के कारण उसके पड़ोसी आधा दर्जन लोग एक राय होकर मंगलवार की सुबह 8 बजे उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगे उसने मना किया तो आरोपी लाठी डंडा लेकर घर में घुस गए और उसे जमकर मारपीट बीज बचाव करने आये उसके बेटे को भी आरोपियों ने लाठी-डंडे से पीटकर जख्मी कर दिया पीड़ित महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

धरा पर भगवान का अवतार सत्य पथ की रक्षा का कवचः पं. वाचस्पति शुक्ल

अखंड भारत संदेश

लालगंज प्रतापगढ़। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर मार्ग पर हो रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में मंगलवार को कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। कथाव्यास आचार्य पं. वाचस्पति शुक्ल ने कहा कि धर्म वही है जो दूसरों के दुःख के निवारण में मनुष्य को सद्आचरण की प्रेरणा दे सके। उन्होंने कहा कि श्रीमदभागवत कथा का सार भी मानवीय कल्याण के लिए धर्म की रक्षा के प्रति सजग रहने की प्रेरणा है। आचार्य वाचस्पति शुक्ल जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने धरा पर अवतार लेकर आततायी प्रवत्तियों का समूल विनाश करते हुए सत्य पथ की रक्षा की। उन्होंने कहा कि भगवान की आराधना तभी फलीभूत हुआ करती है जब यह आराधना निश्छल मन से की जाय। उन्होने कहा कि प्रभु का स्मरण करने वाले प्राणी के कल्याण की चिन्ता भगवान स्वयं किया करते है। कथाव्यास ने श्रद्धालुओं से कहा कि नई पीढ़ी को चरित्रवान तथा संस्कारवान बनाए रखने के लिए उसे धार्मिक ग्रन्थों के अध्ययन के प्रति अभिरूचि की तरफ आगे बढाना चाहिए। कथा की संयोजिका सुशीला शुक्ला एवं प्रदीप शुक्ल ने व्यासपीठ का विधिविधान से पूजन अर्चन किया। इस मौके पर कृष्ण कुमार शुक्ल, अंशू शुक्ला, श्रीनाथ तिवारी, विनोद सोनी, आशीष शुक्ला, शेष तिवारी, बच्चा तिवारी, लवकुश शुक्ल, किरन शुक्ला, हरिमोहन यादव, राजकुमार विश्वकर्मा, केशवराम ओझा, राकेश तिवारी आदि रहे।

स्थानांतरण पर प्रभारी निरीक्षक को किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। सांगीपुर थाना परिसर मे मंगलवार को स्थानांतरित प्रभारी निरीक्षक जीतेन्द्र कुमार सिंह को समारोहपूर्वक विदाई दी गयी। वक्ताओं ने थानाध्यक्ष रहे जीतेन्द्र सिंह के द्वारा थाना परिसर मे जनसुविधाओं के लिए निर्माण कार्यो की शुरूआत को प्रशंसनीय ठहराया। वहीं कार्यकाल मे उनके द्वारा जनता से बेहतर संवाद व अपराध नियंत्रण मे भी कारगर प्रयासों की लोगों द्वारा सराहना देखी गयी। आयोजकों ने निरीक्षक जीतेन्द्र सिंह को माल्यार्पण के साथ स्मृति चिन्ह देकर सराहनीय सेवा के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम में व्यापारी नेता गुडडू सिंह, राजेन्द्र सिंह, अनिल अग्रहरि, राजेश शुक्ल, शंकरलाल मोदनवाल, सुनील वैश्य, जगदीश केसरवानी, अधिवक्ता सुजीत तिवारी, अजय शुक्ल, संदीप तिवारी, समाजसेवी सूबेदार सिंह, अभिषेक सिंह, रिंकू सिंह परिहार, अशोकधर द्विवेदी आदि रहे। उप निरीक्षक राजेश शुक्ला, मनोज यादव, अश्विनी पटेल, कृष्णावतार सिंह, अतुल यादव, घनश्याम यादव ने भी स्थानांतरित निरीक्षक जीतेन्द्र के प्रभावी मार्गदर्शन को प्रेरणास्पद ठहराया।

संसद की वित्त मंत्रालय स्थायी समिति में प्रमोद तिवारी को मिली बड़ी जिम्मेदारी

समर्थकों व प्रशंसकों मे उत्साह की लहर

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। संसद में राज्यसभा की महत्वपूर्ण कमेटी वि×ा मंत्रालय की स्थायी समिति में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी अब पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह की जगह लेंगे। उपनेता बनने के बाद प्रमोद तिवारी का वि×ा मंत्रालय जैसी संसदीय समिति में स्वयं पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के सुझाव पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा राजाज्ञा निर्गत होने से पार्टी मे लगातार वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी के बढते कद को लेकर कांग्रेसियो मे मंगलवार को उत्साह दिखा।

प्रमोद तिवारी।

वित्त मंत्रालय की स्थायी समिति मे महत्वपूर्ण सदस्य होने के साथ प्रमोद तिवारी के नाम एक और बड़ी उपलब्धि पर भी मुहर लगी है। राज्यसभा के सभापति उपराष्ट्रपति की अध्यक्षता में गठित संसद के कार्य संचालन तथा महत्वपूर्ण निर्णयों से जुड़ी कार्य मंत्रणा समिति में भी प्रमोद तिवारी कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करने का उत्तरदायित्व संभालेंगे। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी हाल ही में पार्टी संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के द्वारा राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे की संस्तुति पर उपनेता प्रतिपक्ष के महत्वपूर्ण पद पर आसीन हुए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह ने अपनी अस्वस्थता के कारण राज्यसभा में वित्त मंत्रालय की स्थायी समिति के सदस्य के तौर पर त्याग पत्र दिया। डा. मनमोहन सिंह ने पार्टी नेतृत्व व सभापति को अपनी जगह समिति में संसदीय विधाओं मे अनुभवी तथा मर्मज्ञ माने जाने वाले प्रमोद तिवारी को सदन की इस महत्वपूर्ण कमेटी में वरिष्ठता के आधार पर सदस्य नामित किये जाने का सुझाव स्वयं सौंपा। इस पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने प्रमोद तिवारी को समिति का सदस्य नामित किये जाने की राजाज्ञा निर्गत की है। यह जानकारी राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने मंगलवार को यहां देते हुए कमेटियों मे प्रमोद तिवारी के चयन की उप राष्ट्रपति द्वारा निर्गत राजाज्ञा

अवशेष सामुदायिक शौचालय के कार्य पूर्ण कराकर क्रियाशील कराएंः डीएम

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी ने पिछली बैठक की कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की। डीपीआरओ ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत फेज-2 में ओडीएफ प्लस हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में गंगा किनारे अवस्थित ग्राम/ग्राम पंचायतों को ठोस, द्रव अपशिष्ट प्रबन्धक (एसएलडब्ल्यूएम) की कार्ययोजना पर कार्य चल रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि इस कार्य में जो नोडल अधिकारी नामित है उस कार्य की गुणवत्तापूर्ण जांच करें, अगर यदि कार्य की प्रगति धीमी है तो प्रगति में तेजी लायी जाये, यदि कार्य गुणवत्तापूर्ण नही पाया जाता है तो विभागीय कार्यवाही की जाये।

गोबर धन योजनान्तर्गत सामुदायिक बायोगैस प्लान्ट के निर्माण के सम्बन्ध में जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि विकास खण्ड लालगंज के चयनित ग्राम पंचायत पहाड़पुर में बायोगैस प्लान्ट निर्मित कराया जाना है। बायोगैस प्लान्ट निर्मित कराये जाने हेतु जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि बायोगैस प्लान्ट निर्मित होने के बाद ही एजेन्सी/फर्म का भुगतान किया जाये। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अन्तर्गत व्यक्तिगत शौचालय के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अवशेष लाभार्थियों के किस्त का

डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न

भुगतान समय से करायें जिससे लाभार्थियों का शौचालय जल्द से जल्द पूर्ण हो सके। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के किये जाने पर चर्चा की गयी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी जनपद के 5000 से अधिक

जिला स्वच्छता समिति की बैठक में बोलते डीएम डा0 नितिन बंसल।

योजनान्तर्गत विकास खण्ड स्तर पर चयनित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन यूनिट (पीडब्लूएमयू) निर्माण हेतु क्रेडिट लिमिट जारी आबादी वाली 47 ग्राम पंचायतों में क्रेडिट लिमिट के सापेक्ष धनराशि एवं ग्राम पंचायत द्वारा कराये गये कार्यो की प्रगति की जानकारी दी जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाये। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि सामुदायिक शौचालय में 80 कार्य अभी अपूर्ण है जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित एडीओ पंचायत को निर्देशित किया कि 31 मार्च तक सामुदायिक शौचालय के कार्य अवश्य पूर्ण कर लिये जाये एवं डीसी एनआरएलएम को भी निर्देशित किया कि अपने कर्मचारियों को लगाकर कार्य को पूर्ण करायें जिससे कि 31 मार्च तक सामुदायिक शौचालय क्रियाशील हो जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने निर्देशित किया कि जनपद में जो पंचायत भवन के कार्य के लिये धनराशि प्राप्त हुई है उसे पंचायत भवन के कार्यो में लगाया जाये, अन्य कार्यो में न लगाये, जिन ब्लाकों में पंचायत भवन अपूर्ण है वहां से सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा यदि लापरवाही बरती जाती है तो एफआईआर दर्ज कराकर विभागीय कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में व्यक्तिगत शौचालयों का उपयोग लोगों द्वारा शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाये। कायाकल्प योजना के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालयों में शौचालयों के कार्य पूर्ण कराये यदि लापरवाही पायी जाये तो वहां के प्रधान, सचिव, एडीओ पंचायत को नोटिस दी जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, वरिष्ठ कोषाधिकारी दीपक बाबू, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी सहित सम्बन्धित अधिकारी व समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

बुनियादी शिक्षा की मजबूती को लेकर शुरू हुआ दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। नई शिक्षा नीति के तहत फाउंडेशनल लिटरेसी एवं न्यूमरेसी दस से ग्यारह वर्ष के बच्चों के लिए बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान पर आधारित शिक्षण कार्य योजना का शिक्षक प्रशिक्षण शुरू हुआ। स्थानीय बीआरसी केंद्र पर प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री संतोष मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षा की मजबूती के लिए एफएलएन प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है ताकि शिक्षक बुनियादी शिक्षा की मजबूती पर विशेष जोर दे सके। प्रशिक्षण सत्र में संदर्भदाता राजीव नाथ पांडेय एवं अवनीश मिश्र ने शिक्षकों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को भाषा एवं गणित में दक्ष बनाने की विधियां बतायीं। प्रशिक्षण में शिक्षकों के छोटे-छोटे समूह में विषय वस्तु पर भी विस्तृत विमर्श हुआ। इस दौरान प्रशिक्षार्थी शिक्षको द्वारा ग्रुप द्वारा प्रेजेंटेशन भी दिया गया। इस मौके पर एआरपी जय प्रकाश पांडेय, एआरपी राजेश वर्मा, एआरपी रमेश मिश्र, सुभाषचन्द्र पांडेय, विष्णु कुमार सिंह, मणिशंकर मिश्र, संजीव द्विवेदी, आशीष द्विवेदी, शशांक सिंह, अर्चना जायसवाल आदि रहे।

उमेश पाल हत्याकांड को लेकर धनगर समाज महासंघ ने जताया आक्रोश

तहसील में विरोध प्रदर्शन करते धनगर समाज के पदाधिकारी।

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। प्रयागराज में उमेश पाल की हुई जघन्य हत्या को लेकर मंगलवार को यहां धनगर समाज महासंघ ने तहसील परिसर में आरोपियो के खिलाफ कडी कार्रवाई की मांग को लेकर आक्रोश जताया। उमेश पाल के हत्यारो को सजा दिलाये जाने की मांग को लेकर हाथ मे तख्तियां लिये आक्रोशित लोगों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि प्रयागराज में उमेश पाल तथा दो पुलिसकर्मियों की हत्या को लेकर लोगों मे आक्रोश है। धनगर समाज ने मुख्यमंत्री से उमेश पाल तथा मृतक सुरक्षा आरक्षी संदीप निषाद व राघवेन्द्र सिंह के निराश्रित परिजनों को आर्थिक सहायता व सुरक्षा एवं सरकारी नौकरी की भी मांग उठाई है। ज्ञापनदाताओं मे जिलाध्यक्ष राजेश कुमार धनगर, सुरेन्द्र कुमार धनगर, अमृतलाल धनगर, डीपी धनगर, शिवलाल, वैद्यनाथ, सुरेन्द्र कुमार, शिव बहादुर, अनिल पाल, रामअभिलाष, सालिकराम आदि रहे।

किशोरी के अपहरण को लेकर तहरीर, जांच मे जुटी पुलिस

लालगंज प्रतापगढ़। किशोरी को आरोपी द्वारा जबरिया बहलाफुसलाकर भगा ले जाने को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के खारा का पुरवा अगई निवासी बृजलाल की पत्नी सुनीता ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती नौ मार्च को उसकी नातिन ज्योती सरोज 17 पुत्री राजेश सरोज को गांव के ही दो आरोपियों की सह पर अमेठी जिले के दुदूनपुर थाना गौरीगंज निवासी एक आरोपी बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीडित का कहना है कि होली पर आरोपी पीडित के गावं मे ही अपनी बहन के घर आया था और देर शाम उसकी नातिन को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीडित ने आरोपी की बहन से उलाहना दिया तो आरोप है कि उसे कार्रवाई करने पर जानलेवा धमकी दी गयी। पीडित ने तहरीर मे आशंका जताई है कि उसकी किशोरी नातिन के साथ आरोपियो द्वारा अप्रिय घटना भी की जा सकती है। पुलिस का कहना है कि शिकायती तहरीर की जांच कराई जा रही है, कार्रवाई की जाएगी।

आवासीय युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केंद्र ऐठू में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन पर नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने युवाओं को तकनीकी ज्ञान को लेकर भारत को विश्व गुरु बनाने में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं, वह साथ ही साथ खुद को एक सशक्त रूप में उत्तम कर सकते हैं।

राज्य प्रशिक्षक विश्वजीत सिंह ने कहा कि सफल बनाने के लिए सूचनाओं को भंडार होना आवश्यक है नमामि गंगे परियोजना अधिकारी

बेहतरीन प्रदर्शन पर प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते अतिथिगण।

ने समाज में शिक्षित होने के साथ-साथ अपने मूल मूल कर्तव्य के प्रति सजग जिम्मेदार होना जरूरी है तभी अपने लक्ष्यों को सरलता पूर्वक अर्जित कर सकेंगे कृषि विज्ञान के प्राचार्य ए के श्रीवास्तव ने बताया कि खेती किसानी से स्वरोजगार स्थापित कर स्वयं के साथ-साथ कई लोगों को रोजगार उपलब्ध करा के आर्थिक स्तर मजबूत कर सकेंगे कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण करके विभिन्न तकनीको से अवगत कराया निदेशक नेहरू युवा केंद्र प्रतापगढ़ की उपस्थिति में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की प्रशिक्षण में युवाओं ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों वाद-विवाद पेंटिंग प्रतियोगिता करके एक अच्छा संदेश दिया भविष्य में विकसित भारत के लिए युवाओं की क्या माता होती हो सकती है प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले को ग्राम प्रधान मनीष सिंह उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र प्रतापगढ़ द्वारा और कैप बैग प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मदन मौर्य, अवनीश तिवारी, श्याम नारायण पटेल प्रज्ञा मिश्रा, ज्ञान प्रकाश, सुनील, पुस्पेश, राजेंद्र मौर्य, बलराम कश्यप, प्रीती मौर्या, काजोल, अंजली,कविता, प्रिया मिश्रा, और युवा मंडल महिला मंडल गंगा ग्राम के गंगा दूतों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

उड़ा ली बाइक, दी गई तहरीर

लालगंज प्रतापगढ़। शादी समारोह से अज्ञात बदमाश बाइक लेकर फुर्र हो गये। पीडित ने बाइक चोरी को लेकर लालगंज पुलिस को तहरीर दी है। जेठवारा थाना के जेठवारा बाजार निवासी गोपालशरण शुक्ल तेरह मार्च को लालगंज केतवाली के रानीगंज कैथौला स्थित केशव प्लाजा में शादी समारोह में आये थे। पीड़ित ने अपनी बाइक वहां खडी कर रखी थी। देर रात जब पीड़ित घर निकलने के लिए बाइक के पास पहुंचा तो वहां बाइक नदारद देख आवाक रह गया।

एसपी ने कई उप निरीक्षकों का किया स्थानांतरण

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा निम्नलिखित निरीक्षक/उ0नि0 ना0पु0 का स्थानान्तरण तात्कालिक प्रभाव से किया है। जिसमें निरी0 जितेन्द्र कुमार सिंह प्र0नि0 थाना सांगीपुर से प्र0नि0 थाना अंतू निरी0 सुनील कुमार सिंह पुलिस लाइन से प्र0नि0 थाना सांगीपुर, निरी0 सत्येन्द्र कुमार राय प्र0नि0 थाना संग्रामगढ़ से क्राइम ब्रांच, उ0नि0 धीरेन्द्र सिंह ठाकुर थानाध्यक्ष थाना दिलीपपुर से थानाध्यक्ष, थाना कंधई उ0नि0 धनन्जय राय प्र0चै0 सिविल लाइन थाना कोतवाली नगर से थानाध्यक्ष थाना संग्रामगढ़, उ0नि0 राधेश्याम थाना कोतवाली नगर से थानाध्यक्ष दिलीपपुर, उ0नि0 अमित द्विवेदी प्र0चै0 कटरा थाना कोतवाली नगर से प्र0चै0 सिविल लाइन थाना कोतवाली नगर, उ0नि0 श्री कबीर दास थाना कोतवाली नगर से प्र0चै0 कटरा थाना कोतवाली नगर, उ0नि0 राकेश कुमार सिंह प्र0चै0 कटरा गुलाब सिंह थाना जेठवारा से प्र0चै0 मोहनगंज थाना लीलापुर, उ0नि0 राजीव कुमार तोमर प्र0चै0 सकरदहा थाना बाघराय से प्र0चै0 कटरा गुलाब सिंह थाना जेठवारा व उ0नि0 शत्रुघ्न वर्मा प्र0चै0 मोहनगंज थाना लीलापुर से प्र0चै0 सकरदहा थाना बाघराय भेजा गया है।

खबर संक्षेप

वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त आर्यन सिंह पुत्र अवधेश सिंह निवासी 495ए ट्रान्सपोर्ट नगर थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज को धर्मुआपुर मोड़ से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पक्षात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

बम के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त मुकेश कुमार पुत्र सुखराम निवासी पवारा थाना करारी को पवारा नहर पुलिया के पास से 04 अदद देशी बम के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त राजू पाल पुत्र राज कुमार निवासी मसीपुर थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

आलू का समर्थन मूल्य 1000 रुपए प्रति कुंतल घोषित करे सरकार : अजय सोनी

अखंड भारत संदेश

आलू के समर्थन मूल्य में वृद्धि की मांग को लेकर सकिपा का सड़क पर प्रदर्शन, नारेबाजी कर सी एम को भेजा ज्ञापन

धरना प्रदर्शन करते समर्थ किसान पार्टी नेता

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे मंगलवार को जिला मुख्यालय मंझनपुर की सड़को पर प्रदर्शन किया गया और नारेबाजी कर माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में आलू के समर्थन मूल्य में वृद्धि की पार्टी की ओर से प्रदेश सरकार से मांग की गई। मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत समर्थ किसान पार्टी के तमाम कार्यकर्ता जिला मुख्यालय मंझनपुर के डायट परिसर में एकजुट हुए और बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पार्टी नेता अजय सोनी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आलू के समर्थन मूल्य में कमी करना प्रदेश सरकार का किसानो के प्रति दुर्भावना को प्रदर्शित करता है जिसे कत्तई बर्दाश्त नही किया जायेगा। कहा कि किसानो को आलू उत्पादन में जो लागत लगती है, उससे भी कम दाम पर आलू क्रय करने के प्रदेश सरकार के निर्णय की हम भर्त्सना करते हैं। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि एक ओर सरकार किसानो की आय दुगुनी करने की बात कहती है वहीं दूसरी ओर किसानो को आर्थिक रूप से कमजोर करने का प्रयास कर रही है। आगे कहा कि 650 रु प्रति कुंतल की दर से आलू बिक्री से किसानो की आय कैसे दुगुनी होगी, यह समझ से परे है जबकि एक कुंतल आलू उत्पादन में किसानो को करीब 700 रू प्रति कुंतल लागत आती है। अजय सोनी के मुताबिक 650 रु प्रति कुंतल आलू का दाम कम है, प्रदेश सरकार को चाहिए कि आलू क्रय करने का समर्थन मूल्य कम से कम 1000 रु प्रति कुंतल घोषित करे। बैठक के बाद अजय सोनी की अगुवाई में जुलूस की शक्ल में किसानो एवं पार्टी कार्यकताओं का एक जत्था जिला कलेक्ट्रेट पहुंचा और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में सरकार द्वारा किसानो से आलू क्रय करने का दाम 1000 रू प्रति कुंतल घोषित करने की मांग की गई। ज्ञापन स्वीकार करते हुए अपर जिलाधिकारी विश्राम यादव ने ज्ञापन को प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ को भेजने का प्रदर्शनकारियो को आश्वासन दिया है। इस मौके पर प्रेमचंद्र केसरवानी, सुरजीत वर्मा, फूलचंद्र लोधी, आलोक विश्वकर्मा, रंजीत सरोज, मुन्ना पटेल, मिथुन कुमार, मनीष मौर्य, जुम्मन अली आदि लोग मौजूद रहे।

नामजद भैंस चोरों से आखिर क्या रिश्ते हैं थाना पुलिस के!

नामजद मुकदमा दर्ज होने के बाद पेशेवर भैस चोरो के घरों पर देखी जाती है थाना पुलिस, बाहर क्षेत्र की पुलिस फोर्स ने महेवा घाट थाना क्षेत्र से गांजा की खेती और भारी मात्रा में शराब बरामद कर थाना पुलिस पर खड़े किए सवाल

कौशाम्बी। अपराध जगत के बादशाह अतीक अहमद से पुलिस के रिश्ते जगजाहिर हो चुके हैं तमाम पुलिस कर्मी अतीक अशरफ की मदद में लगे हैं बीते दिनों इस मामले का खुलासा भी हुआ है जिसमें पुलिस अफसरों ने बड़ी कार्यवाही भी की है एक तरफ पुलिस अधिकारी अपराधियों पर कार्यवाही करने का निर्देश अधीनस्थों को दे रहे है लेकिन थाना पुलिस सुधरने के लिए कतई तैयार नहीं है महेवा घाट थाना पुलिस लगातार सुर्खियों में रह रही है। बीते दिनों नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियों ने लखनऊ से चलकर कौशांबी में गांजा की खेती पकड़ी बड़े पैमाने पर गांजा बरामद हुआ लेकिन जिले के महेवा घाट थाना पुलिस को गांजा की खेती की महक नहीं मिल सकी महेवाघाट पुलिस गांजा की खेती पर कार्रवाई कर देती तो नारकोटिक्स विभाग लखनऊ को कार्रवाई के लिए कौशांबी नहीं आना पड़ता इस मामले में भी महेवाघाट पुलिस ने पुलिस वर्दी शर्मसार कर दी इसके पहले महेवाघाट थाना क्षेत्र से शराब का बड़ा जखीरा बाहर की फोर्स ने बरामद किया इस मामले में भी महेवाघाट पुलिस के बजाय बाहर की पुलिस को कार्रवाई करनी पडी क्षेत्र में संगठित अपराध फल फूल रहा है और थाना पुलिस अंकुश नहीं लगा पा रही है या मामला कुछ और है जो जांच का विषय है इन दिनों महेवाघाट थाना के एक उपनिरीक्षक पुलिस अभिलेखों में दर्ज नामजद आरोपियों के घर पर देखे जाते हैं दोनों के बीच खानपान के दौर चलता है नामजद मुकदमा दर्ज होने के बाद भैस चोर को पुलिस ने गिरफ्तार क्यो नही किया है आरोपियों पर लगातार कई वर्षों से क्षेत्र में भैंस चोरी का आरोप है लेकिन लगातार वह बच रहे हैं और इस बार भी पुलिस उन्हें क्लीन चिट देने की फिराक में लगी है थाना पुलिस के इनसे क्या रिश्ते हैं यह पुलिस अधिकारियों के लिए बड़ी जांच का विषय है क्षेत्र के शाहपुर गांव से 10 फरवरी को दो भैस चोरी करने के बाद पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया 3 मार्च को अपराधियों ने फिर भैंस चोरी कर ली जिस पर एक गांव से 5 भैंस चोरी करने की जानकारी पर अधिकारियों के दबाव के बाद भैंस चोरी करने वाले आरोपियों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन गिरफ्तार नहीं किया है तो पुलिस गायब भैस कैसे बरामद करेगी बल्कि भैंस चोरी के नामजद आरोपियों के धर थाना के एक निरीक्षक देखे जाते हैं उपनिरीक्षक के कारनामे से वर्दी कलंकित हो रही है वही उपनिरीक्षक चोरों की गिरफ्तारी के लिए साक्ष्य का इंतजार कर रहे हैं भैंस चोरों से उपनिरीक्षक के रिश्ते की जांच करा कर कार्यवाही किए जाने की मांग क्षेत्र के लोगों ने पुलिस अधिकारियों से की है।

आर्य समाज का 97 वां 3 दिवसीय वार्षिकोत्सव 16 मार्च से

अखंड भारत संदेश

तीन दिवसीय कार्यक्रम में बहन प्रियंका आर्य भजनों पदेशिका भरतपुर राजस्थान, आचार्य विश्वमित्र उपदेशक बिजनौर, सत्य मुनि भजन उपदेशक मिजार्पुर ,पंडित मोहित आर्य भजन उपदेशक बिजनौर करेंगे

अझुवा कौशाम्बी। आर्य समाज का 97 वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम नगर पंचायत अझुवा के सब्जी मंडी में 16 ,17 18 मार्च को किए जाएंगे ।आर्य समाज के प्रधान कपूर चंद केसरवानी ने बताया कि 19 वीं शताब्दी में धार्मिक राजनीतिक और सामाजिक जन जागरण के लिए महर्षि दयानंद सरस्वती ने 20 मई 1874 को इसकी स्थापना की थी इसके बाद से आर्य समाज वेदों की शिक्षा का ज्ञान का प्रकाश फैलाना, सामाजिक बुराइयों को दूर करना, छुआछूत को दूर करना ,स्त्री शिक्षा ,स्त्री सम्मान के क्षेत्र में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत अझुवा के सब्जी मंडी में तीन दिवसीय कार्यक्रम में बहन प्रियंका आर्य भजनों पदेशिका भरतपुर राजस्थान, आचार्य विश्वमित्र उपदेशक बिजनौर, सत्य मुनि भजन उपदेशक मिजार्पुर ,पंडित मोहित आर्य भजन उपदेशक बिजनौर जैसे विद्वान कार्यक्रम में शिरकत करेंगे ।प्रधान कपूर चंद्र आर्य ने बताया कि दिनांक 16 मार्च बृहस्पतिवार 2:00 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी दोपहर 8:00 से 11:00 तक भजन उपदेश प्रवचन होंगे 17 मार्च को उपदेश एवं प्रवचन होंगे एवं दोपहर महिला सम्मेलन का कार्यक्रम किया जाएगा 18 मार्च को सुबह 8:00 बजे से भजन उपदेश प्रवचन दोपहर 2:00 से मध्य निषेध एवं पाखंड खंडन का कार्यक्रम किया जाएगा उन्होंने नगर के सभी श्रद्धालुओं से आयोजन में शिरकत कर इसे सफल बनाने की अपील की है।

सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा व राम कथा के दूसरे दिन पांडाल में उमड़ी श्रोताओं की भीड़

अखंड भारत संदेश

भगवत कथा करते आचार्य तथा भगवत कथा में उमड़ी भीड़

कौशांबी। चायल तहसील क्षेत्र के काजू गांव में श्रीमद्भागवत एवं श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है भागवत कथा राम कथा के आयोजन में कथा के दूसरे दिन पांडाल में महिला पुरुष ग्रामीणों की अपार भीड़ उमड़ी है और बड़े ध्यान पूर्वक श्रद्धालुओं ने कथा सुनी है कथा आयोजक प्रमोद केशरवानी ने बताया कि गायत्री परिवार कुलदेवी दक्षिण मुखी हनुमान ,राधा कृष्ण की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा व नगर बारात भ्रमण दिनांक 12 मार्च को कराया गया कलस यात्रा,12 मार्च मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा बारात, 12 मार्च से दोपहर 2 बजे शाम 6 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा एवं रात्रि 7.30 बजे से 10.30 बजे तक प्रज्ञापुराण कथा जिसमे प्रथम दिन सुदेव आगमन, 13 मार्च सती चरित्र बारह अवतार ध्रुव चरित्र, 14 मार्च जड़भरत चरित्र नरसिंह अवतार, लीला चरित्र 15 मार्च वामन अवतार रामचरित्र कृष्ण जन्मोत्सव, 16 मार्च बाललीला गिरिराज पूजन 56 भोग दर्शन,17 मार्च कंश वध द्वारका गमन ,रूक्मिणी विवाह ,18 मार्च सुदामा चरित्र कलयुग वर्णन सुखदेव विदाई कथा विश्राम , दिनांक 19 मार्च को विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा आयोजक प्रमोद केशरवानी घनश्याम सिंह गायत्री परिवार जिला व्यवस्था प्रमुख उमेश केशरवानी , त्रिभुवन केशरवानी राजेंद्र केशरवानी राम भवन मिश्रा समस्त गायत्री परिवार कलशयात्रा एवं विशाल शोभायात्रा के साथ कथा का शुभारंभ कराया गया यह कलश यात्रा ग्राम के प्रज्ञा मंडल काजू के लोगों की देख रेख मे आचार्य डॉ राम नारायण त्रिपाठी महाराज गायत्री शक्ति पीठ चित्रकूट ने श्री मद भागवत व द्वारा कलश यात्रा सम्पन्न कराकर कथा का शुभारंभ किया इस कलश यात्रा में लगभग 251 महिलाएं पीले वस्त्र धारण किये सिर पर कलश उठाये कतारबद्ध और अनुसाशित होकर चल रही थी और मन में समस्त जीव-प्राणियों के मंगल कामना करते हुए आगे बढ़ रही थी। इस कलशयात्रा के साथ साथ विशाल शोभायात्रा का भी आयोजन किया गया, शोभायात्रा में सुसज्जित चार पहिया वाहन, बैण्ड एवं धर्मध्वजा लिए सैकड़ो लोग यात्रा में शामिल हुए श्रद्धालुओं के उत्साहपूर्ण जयकारों एवं सुमधुर व कर्णप्रिय भजनों से पूरा ग्राम गुंजायमान हो गया। इस कलशयात्रा का शुभारंभ कथा स्थल काजू कौशाम्बी निज निवास से जल भरकर पूरे ग्राम का भ्रमण कर कथा स्थल पर समाप्त हुई।ग्राम काजू के प्रबुद्धजनों ने मंगल कलशयात्रा का भव्य स्वागत कर कथा का आनंद लिया कलश यात्रा में परम पूज्य गुरुदेव श्री राम शर्मा आचार्य के विचारो को लोगो तक जन जागृत किया भागवत कथा के अवसर पर दिवाकर केशरवानी सतीश केशरवानी ,आशीष विश्वास अरुण प्रिंस केशरवानी विपिन केशरवानी अशोक केशरवानी, सुरेश जयसवाल हिमांशु विनोद वर्मा ,घनश्याम चौधरी यादव,सहित सम्मानित ग्रामीण और भारी जनसमुदाय उपस्थित रहा।

स्वच्छता व आत्मनिर्भरता तथा समाज सशक्ति करण पर प्राचार्य ने व्यक्त किया विचार

अखंड भारत संदेश

मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करते प्राचार्य

भरवारी कौशाम्बी। भवन्स मेहता महाविद्यालय, भरवारी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रबोध श्रीवास्तव के कर कमलों द्वारा किया गया । प्राचार्य ने माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरांत उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवको को संबोधित किया । अपने संबोधन में उन्होने स्वच्छता,आत्मनिर्भरता तथा समाज सशक्तिकरण पर विचार व्यक्त किया उन्होंने स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना आपको सामाजिकता और राष्ट्रीयता की भावना से जोड़ती है ।उन्होंने अपने वक्तव्य को आगे बढ़ाते हुए कहा कि यदि आप लोग समाज में अपनी सजग भूमिका का निर्वाह करें तो समाज प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर प्रो. विवेक कुमार त्रिपाठी, प्रो. श्वेता यादव डॉ. विमलेश सिंह यादव, डॉ. सतीश कुमार तिवारी, डॉ. योगेश मिश्र , डॉ श्रध्दा तिवारी , डॉ. मो. आदिल, डॉ. लक्ष्मीकांत मिश्र, डॉ. अनुज कुमार तिवारी, डॉ. राहुल राय ,डॉ. सी. पी. श्रीवास्तव, डॉ. महेंद्र उपाध्याय, डॉ. नीति मिश्रा पंकज कुमार आदि उपस्थित रहें कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार अग्रहरी ने किया।

निरोधात्मक कार्यवाही मे 16 अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना सराय अकिल से पांच थाना पिपरी से एक थाना चरवा से दो थाना सदीपन घाट से तीन थाना कोखराज से एक थाना सैनी से एक थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से दो बाना कनारी से एक कुल 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम मे जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दोपहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 165 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 01 वाहन से 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

डॉक्टर ना होने से जिला अस्पताल में बंद पड़ा है अल्ट्रा साउंड

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही उदासीनता के चलते जिला अस्पताल की व्यवस्था दिनोदिन चरमरा रही है जिससे जिला अस्पताल पहुंचने वाले मरीज प्रतिदिन परेशान होते हैं मरीज बार-बार जिला अस्पताल की व्यवस्था सुधार करने की मांग कर रहे हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के कानों में जूं नहीं रेंग रही है बीते कई महीनों से जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के डॉक्टर मौजूद नहीं है जिससे अल्ट्रासाउंड कराने वाले मरीजों का जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की जांच नहीं होता है जिला अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को मजबूरन बाहर के अल्ट्रासाउंड केंद्र में मोटी फीस दे कर अल्ट्रासाउंड कराना पड़ रहा है बाहर के अल्ट्रासाउंड पर कई बार स्वास्थ्य अधिकारियों ने भी सवाल खड़े किए हैं लेकिन मरीज मजबूर है। अल्ट्रासाउंड चिकित्सक की तैनाती को लेकर अभी तक सीएमओ ने शासन को पत्र लिखकर जिला अस्पताल की समस्या से अवगत कराते हुए अल्ट्रासाउंड चिकित्सक के तैनाती की मांग नहीं की है जिससे प्रतिदिन जिला अस्पताल पहुंचने वाले सैकड़ों मरीज परेशान होते हैं जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड चिकित्सक न होने से अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो जाने के बाद गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों की जब जांच नहीं होगी तो मरीजों का इलाज कैसे होगा इस गंभीर समस्या को लेकर अभी तक समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों ने भी पहल नहीं किया है आखिर आम जनता जन प्रतिनिधियों से क्या उम्मीद लगाती है इन जन प्रतिनिधियों का जनता के प्रति क्या जवाबदेही है लेकिन उसके बाद भी आम जनमानस की समस्या को लेकर सांसद विधायक गंभीर नहीं दिखाई पड़ रहे हैं क्षेत्र के लोगों ने योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड चिकित्सक की तैनाती की मांग की है।

न्यूज झरोखा

रेलवे ट्रैक पर मिला रक्त रंजित शव

अझुवा कौशाम्बी। हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के सिराथू रेलवे स्टेशन के पास रक्त रंजित एक शव मिला है मामले की सूचना मिलने पर जीआरपी सिराथू ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है सिराथू स्टेशन मास्टर कार्यालय के सामने बीते कल सोमवार शाम को एक 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव डाउन लाइन पर पड़ा था आसपास के लोगों ने रेल लाइन के पास शव देखा तो मामले की जानकारी रेलवे पुलिस को दी लोगों के अनुसार मृतक रेलवे ट्रैक को पार कर रहा था तभी तेजरफ्तार मालगाड़ी के चपेट में वह आ गया जिससे युवक की दर्दनाक मौत हो गयी है रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर प्रयागराज मोर्चरी में रखवा कर शिनाख्त हेतु जुट गई खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नही हो सकी है।

संगीतमई धुन में कादीपुर में हो रही भागवत कथा

कौशांबी। जनपद मुख्यालय के नजदीक कादीपुर ग्राम सभा में 3 दिनों से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कथावाचक संत श्री शीतला प्रसाद महाराज के मुखारविंद द्वारा किया जा रहा है भगवत कथा के आयोजन में कादीपुर समेत आसपास के गांव के महिला पुरुष भक्तों की भीड़ उमड़ रही है और श्रीमद् भागवत कथा सुन कर भक्त भावविभोर हो रहे हैं मंगलवार को कथावाचक संत शीतला प्रसाद महाराज ने ध्रुव चरित्र पर चर्चा करते हुए भक्तों को भावविभोर कर दिया है उन्होंने बताया कि प्रभु की भक्ति से ही सब कुछ संभव है उन्होंने कहा कि प्रभु की भक्ति में लीन रहने वाले भक्तों का दुष्ट नुकसान नहीं कर सकते प्रभु भक्तो की हमेशा रक्षा करते हैं 12 मार्च को भव्य कलश यात्रा से शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा 19 मार्च को पूर्णाहुति और भंडारे से समापन होगी उक्त जानकारी कथावाचक संत श्री शीतला प्रसाद महाराज ने दी है।

अधिवक्ता की मां के निधन पर न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

कौशांबी। जिला कचहरी के अधिवक्ता और बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रामसागर अधिवक्ता की माता का निधन हो गया है जैसे ही इस बात की जानकारी अधिवक्ताओं को लगी शोक में अधिवक्ता डूब गए शोक सभा कर अधिवक्ताओं ने 2 मिनट का मौन रखा और दिवंगत आत्मा की शांति की कामना ईश्वर से की शोक सभा के बाद अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व अध्यक्ष नर नारायण मिश्रा पूर्व अध्यक्ष मनु देव त्रिपाठी पूर्व महामंत्री तुषार तिवारी अशोक मिश्रा अंकित त्रिपाठी सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

बाइक सवार को स्विफ्ट डिजायर कार ने मारी टक्कर

ओसा कौशांबी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के आर्या किसान सेवा पेट्रोल पंप ओसा के पास तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने स्प्लेंडर बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी है जिससे युवक बाइक समेत सड़क पर गिर पड़ा है घटना मंगलवार की देर रात के लगभग 8:00 बजे की है हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया है बताया जाता है कि उसके पैर की हड्डियां टूट गई है हादसे को देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे हैं और एंबुलेंस के माध्यम से घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है खबर लिखे जाने तक घायल युवक का नाम पता नहीं मालूम चला है मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है

विधवा महिला की जमीन पर दबंग कर रहे कब्जा

एसपी से शिकायत कर विधवा महिला ने मांगा न्याय

कौशांबी। कोखराज थाना क्षेत्र के बिदन पुर ककोड़ा गांव निवासी केवली देवी की जमीन पर गांव के दबंग आकाश अमित दीपक विनोद मनोज आदि सुंदर लाल की पत्नी सुंदरी देवी को मोहरा बनाकर केवली की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं जबकि उपरोक्त जमीन पर कई दशक से केवली देवी के परिवार का कब्जा है उसी जमीन पर केवली देवी की बांस के पेड़ लगे थे जिसे बीते वर्षों केवली देवी और उनके बेटों ने काटकर बेच लिया है लेकिन अब उसी जमीन को सुंदरी देवी का बनाने का प्रयास दबंग करने लगे हैं लेखपाल भी साजिश रच कर केवली देवी की जमीन सुंदरी के पक्ष में देने का प्रयास कर रहे हैं मामले को लेकर केवली देवी ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय मांगा है। दबंगों पर इसके पहले भी कई गंभीर आरोप लग चुके हैं लेकिन मामले में दबंगों पर कार्यवाही नहीं हुई है इसके पहले भी दबंग आकाश दीपक अमित विनोद मनोज आदि केवली देवी के बेटों पर प्राणघातक हमला कर चुके हैं मामले का मुकदमा भी अदालत में विचाराधीन है और अब दबंग सुंदरी देवी को मोहरा बनाकर नया विवाद खड़ा कर रहे हैं बीते दिनों केवली देवी के निर्माण पर कोखराज पुलिस ने निर्माण रुकवा दिया है पीड़ित महिला ने एसपी से बताया कि उसके जमीन पर गलत तरीके से निर्माण रोका गया है साजिश रचकर उसके साथ अत्याचार करने वाले दबंगों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग केवली देवी ने एसपी से की है।

पहले गिरफ्तारी फिर बाइज्जत बरी दलाल खा गए कोतवाल के नाम पर डेढ़ लाख रुपए!

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। आरोपों की जांच करने के नाम पर आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद कई दिनों तक चरवा थाने में रखने के मामले में दलाल तेजी से सक्रिय हो रहे हैं और आरोपियों को थाने से बेदाग बाइज्जत बरी कराने के नाम पर थानेदार के नाम पर दलाल मोटी रकम वसूल रहे हैं अहम बात यह है कि जिनसे दलाल पैसा ले लेते हैं तमाम गंभीर आरोप के बाद भी वह थाना से बाइज्जत बरी हो जाता है पुलिस की जांच ठंडी हो जाती है और जिनसे दलालों को रकम नहीं मिलती उनकी मुसीबत बढ़ जाती है इसी तरह का एक मामला चरवा थाना क्षेत्र का सामने आया है जिसमें दलाल ने कोतवाल के नाम से डेढ़ लाख रुपए थाने में बंद लोगों के परिजनों से ले लिया और जैसे ही दलाल ने डेढ़ लाख आरोपियों के परिजनों से लिया उसी बीच गंभीर अपराध के आरोपी थाने से बेदाग छूट गए हैं जिससे पुलिस और दलाल के गठजोड़ का अंदाजा लगाया जा सकता है मामले में लोगों ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए थाना पुलिस और दलालों के गठजोड़ को उजागर करने की मांग की है। बताते चलें कि चरवा थाना क्षेत्र के बरोलहा गांव में देशराज यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी देशराज की मौत के आरोप में थाना पुलिस उसके बेटे और पुत्रवधू को गिरफ्तार कर थाने उठा लाई 3 दिनों तक मृतक के बहू और बेटे को पुलिस ने थाने में रखा पुलिस का कहना था कि देशराज की मौत का जिम्मेदार उसके बेटे और बहू हैं थाने में बंद उसके बेटे और पुत्रवधू को छोड़ने के लिए पहले पुलिस कतई तैयार नहीं थी बेटे और बहू थाने से छोड़ने के लिए पुलिस से बार-बार मिन्नत कर रहे थे लेकिन पुलिस छोड़ने को तैयार नहीं हुई इसी बीच एक ब्लाक प्रमुख के दबंग प्रतिनिधि सक्रिय हुए यह प्रतिनिधि अपने को एक माननीय का भी प्रतिनिधि बताते हैं और उन्होंने बेटे पुत्रवधू को थाने से बेदाग बाइज्जत बरी कराने के नाम पर डेढ़ लाख रुपए की रकम ले लिया ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि के पास रकम पहुंचने के बाद बेटे बहु थाने से बेदाग बाइज्जत बरी हो गए हैं चरवा पुलिस का यह कारनामा चर्चा का विषय बना हुआ है और इस मामले में आला अधिकारियों ने जांच कराई तो थाना पुलिस की दलालों से गठजोड़ का उजागर होना तय है।

उमरावा बालू घाट पर एसडीएम ने की बड़ी कार्रवाई

कौशाम्बी। यमुना नदी के बालू घाट से अवैध खनन की जानकारी मिलने के बाद एसडीएम मंझनपुर सीओ एवं खनन अधिकारी के साथ उमरावा बालू खनन घाट पर पहुचे और अधिकारियों ने बालू घाट का औचक निरीक्षण किया। उमरावा घाट मे पट्टे धारक द्वारा यमुना नदी से पोकलैंड मशीन द्वारा बालू खनन किया जा रहा था जिसे मौके पर एसडीएम ने पकड़ लिया है एसडीएम प्रखर उत्तम के निर्देश पर टीम ने तत्काल पोकलैंड मशीन को सीज किया बालू घाट पर ही एक ओवरलोड ट्रक को भी टीम ने सीज किया उप जिलाधिकारी ने उमरावा के बालू पट्टे धारक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए है एसडीएम की इस कार्रवाई से पट्टे धारकों में हड़कंप मचा है।

डॉ. वेदप्रताप वैदिक: हिन्दी का लहराया था परचम

संपादकीय

चुनाव आयोग की स्वतंत्रता के हक में

आयोग के लिए नियुक्तियों में सरकार की मनमर्जी ही इस आयोग का, जिसकी निष्पक्षता पर पूरी चुनाव प्रक्रिया तथा इस प्रक्रिया पर टिकी पूरी जनतांत्रिक व्यवस्था की ही वैधता निर्भर करती है, निजाम ए वक्त का 'यस मैन' बना रहना सुनिश्चित करती है और सुप्रीम कोर्ट ने ठीक इसी को रोकने की कोशिश की है। वैसे इस मामले में वर्तमान सरकार की सरासर मनमानी का आंखें खोलने वाला उदाहरण, अरुण गोयल की चुनाव आयोग में नियुक्ति के रूप में सामने आया है। पुरानी कहावत है कि सच्चाई अक्सर कड़वी लगती है। कैंब्रिज विश्वविद्यालय में राहुल गांधी के भारत में जनतंत्र की वर्तमान दशा और दिशा पर चिंता जताने पर, मौजूदा सत्ताधारियों द्वारा जो बौखलाहट भरी प्रतिक्रिया की गई है, जिसमें भारत के कानून मंत्री के बाद, अब भारत के उपराष्ट्रपति ने भी प्रमुखता से अपनी कर्कश आवाज जोड़ दी है, उस पुरानी कहावत की ही सच्चाई को दिखाती है। इसका इससे बड़ा सबूत क्या होगा कि राहुल गांधी ने वर्तमान सत्ताधारियों की विचारधारा के वफादारों द्वारा भारत के चुनाव आयोग समेत सभी संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा कर, जनतंत्र को सीमित तथा खोखला किए जाने की जो शिकायत की थी, उसकी और किसी ने नहीं, खुद सुप्रीम कोर्ट की एक संवैधानिक बैंच ने हाल के अपने एक फैसले में व्यवहारतः पुष्टिद्द की है। चुनाव आयोग के लिए नियुक्तियों की अब तक चल रही प्रक्रिया और उसके फलस्वरूप चुनाव आयोग में निष्पक्षता के घाटे पर, साफ तौर पर अपनी नाराजगी जताते हुए, 2 मार्च के अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने टीएन शेषन के दौर के चुनाव आयोग की स्वतंत्रता को याद किया और दो-टूक शब्दों में कहा कि भारत की जनतांत्रिक व्यवस्था को, 'सरकार के आगे घुटनों के बल पर रेंगने वाला, यस मैन इलैक्शन कमीशन नहीं चाहिए।' लेकिन, सुप्रीम कोर्ट चुनाव आयोग में स्वतंत्रता के घाटे पर असंतोष जताने या उसके स्वतंत्रतापूर्वक आचरण करने की मांग करने पर ही नहीं रुका। उसने चुनाव आयोग की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए एक न्यूनतम उपाय के तौर पर, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया में ठोस बदलाव का भी आदेश दिया है। इस आदेश का सार है, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को कार्यपालिका की ही मर्जी पर छोड़ने वाली वर्तमान व्यवस्था को बदलकर, एक कॉलीजियम द्वारा नियुक्ति की व्यवस्था लाना। इस कॉलीजियम में, कार्यपालिका की मनमर्जी पर अंकुश लगाने के लिए, प्रधानमंत्री के साथ ही, लोकसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के नेता और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भी रहेंगे।

नेमप्लेट से क्यों दूर है अबतक आधी दुनिया

आर.के. सिन्हा

पिछली 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। महिलाओं को घर और घर से बाहर, उनके जायज हक देने को लेकर तमाम वादे किए गए और अनेकों बातें भी हुईं। यह तो हर साल ही 8 मार्च को होता है। इसमें कुछ भी नया नहीं है। यह सब आगे भी होता ही रहेगा। पर अफसोस कि घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में मां, बेटी और बहू के लिए अबतक कोई जगह नहीं है। हालांकि अब घर बनाने के लिए आमतौर पर पति-पत्नी मिलकर ही मेहनत करते हैं और फिर होम लोन भी मिलकर ही लेने लगे हैं। कहने को भले ही कहा जाता रहे कि हर सफल इंसान के पीछे किसी महिला की प्रेरणा होती है। यह बात अपने आप में सौ फीसद सही भी है। इस बारे में कोई बहस या विवाद नहीं हो सकता। सफल इंसान को जीवन में सफलता दिलाने में मां, बहन, पत्नी वगैरह किसी न किसी मातृशक्ति का रोल रहता है। पर, उन्हें घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में थोड़ी सी जगह देने के बारे में सोचने वाले लोग अबतक बहुत कम ही लोग हैं। एक प्रकार से मान लिय गया है कि नेमप्लेट में तो घर के पुरुष सदस्य का ही नाम होगा। कोई माने या ना माने, पर नेम प्लेट में आधी दुनिया के लिए जगह नहीं है। मुझे हाल ही में एक अध्ययन के निष्कर्ष मिले। इसमें घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में आधी दुनिया की स्थिति का गहराई से अध्ययन किया गया था। इस रोचक अध्ययन के दौरान राजधानी दिल्ली के राजौरी गार्डन, विवेक विहार, आई.पी.एक्सटेंशन और न्यू राजेन्द्र नगर के 160 घरों और फ्लैटों के बाहर लगी नेम प्लेट को देखा गया। इस अभियान के दौरान कई चौंकाने वाले, तो कुछ नए तथ्य सामने आए। इन सभी कालोनियों में खाते-पीते और पढ़े-लिखे लोग रहते हैं। इन 160 घरों में सिर्फ 23 घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में महिलाओं के नाम मिले। इनमें भी 11 नेमप्लेट में महिलाओं के नाम घर के पुरुष सदस्यों के नामों के साथ थे। इन्हीं 11 में से पांच महिलाओं के नामों के आगे डॉ. लिखा था। यानी कि वह मेडिकल पेशे से संबंध रखती हैं। हो सकता है कि किसी ने अन्य विषय में पी.एचडी की डिग्री ली हो। तो माना जाए कि जिन लोगों ने अपने घर की महिला सदस्यों के नाम डॉक्टर न होने के बावजूद नेमप्लेट में रखे, वे वास्तव में अलग तरह के लोग हैं। ये आदरणीय हैं। इसके साथ ही वकालत के पेशे से जुड़ी महिलाओं के नाम भी नेमेप्लेट में जगह पा जाते हैं। आप मुंबई, पटना, रांची, चंडीगढ़ या देश के किसी भी छोटे-बड़े शहर में चले जाइये। वहां के किसी आवासीय इलाके में घूमिए। आपको कमोबेश वही स्तिथि मिलेगी जो दिल्ली में है। सब जगह आधी दुनिया अन्याय का शिकार हो रही है। उन्हें घर के भीतर न्याय मिलने का फिलहाल तो इंतजार है। मालूम नहीं कि उन्हें कब उनका जायज हक मिलेगा। यह सोचने वाला मसला है। मैंने हिंदी की दो प्रख्यात लेखिकाओं के घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में भी उनका नाम नहीं देखा। वहां पर उनके क्रमशः कारोबारी तथा सरकारी अफसर पतियों के नाम ही नेमप्लेट पर चमक रहे थे।

ललित गर्ग

पत्रकारिता के एक महान् पुरोधा पुरुष, मजबूत कलम एवं निर्भीक वैचारिक क्रांति के सूत्रधार, उत्कृष्ट राष्ट्रवादी, हिन्दीसेवी, भाषा के मुख्य सम्पादक, नवभारत टाइम्स के सम्पादक, डॉ. वेदप्रताप वैदिक अब हमारे बीच नहीं रहे। मंगलवार सुबह उनका निधन 78 वर्ष की उम्र में बाथरूम में गिरने की वजह से हो गया। एक संभावनाओं भरा हिन्दी पत्रकारिता का सफर ठहर गया, उनका निधन न केवल पत्रकारिता एवं हिन्दी के लिये बल्कि भारत की राष्ट्रवादी सोच के लिये एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है। वैदिक का जीवन सफर आदर्शों एवं मूल्यों की पत्रकारिता की ऊंची मीनार है। उनका निधन एक युग की समाप्ति है। वे चित्रता में मित्रता के प्रतीक थे तो गहन मानवीय चेतना के चितेरे जुझारु, निडर, साहसिक एवं प्रखर व्यक्तित्व थे। वे एक ऐसे बहुआयामी व्यक्तित्व थे, जिन्हें पत्रकारिता एवं हिन्दी का यशस्वी योद्धा माना जाता है। उनके परिवार में एक पुत्र और एक पुत्री हैं। उनकी पत्नी का पहले ही निधन हो गया था।

डॉ. वैदिक ने पत्रकारिता, राजनीतिक चिंतन, अंतरराष्ट्रीय राजनीति, और हिंदी के क्षेत्र में लंबे समय तक काम किया। डॉ. वैदिक का जन्म 30 दिसंबर 1944 को इंदौर में हुआ था। अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार होने के साथ ही उनकी रुसी, फारसी, जर्मन और संस्कृत भाषा पर पकड़ रही। डॉ. वैदिक ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज से अंतरराष्ट्रीय राजनीति में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। वे भारत के ऐसे पहले विद्वान थे, जिन्होंने अपना अंतरराष्ट्रीय राजनीति का शोध-ग्रंथ हिंदी में लिखा। उन्होंने अपनी पीएचडी के शोधकार्य के दौरान न्यूयॉर्क की कोलंबिया यूनिवर्सिटी, मॉस्को के इंस्तीतूते नरोदोव आजी, लंदन के स्कूल ऑफ ओरियंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज और अफगानिस्तान के काबुल विश्वविद्यालय में अध्ययन और शोध किया। मेरा सौभाग्य रहा कि अणुव्रत लेखक मंच का राष्ट्रीय संयोजक होने के दौरान उन्हें अणुव्रत लेखक पुरस्कार के लिये चुना गया और महान् आचार्य श्री महाश्रमण के सान्निध्य में 17 एवं 18 अक्टूबर, 2021 को भीलवाड़ा (राजस्थान) में उन्हें प्रदत्त किया गया। दो दिन तक उनके साथ रहने एवं वहां से राजसमंद में अणुव्रत विश्व भारती के अणुव्रत निलयम जाने एवं अवलोकन करने का अवसर मिला। रतलाम (मध्यप्रदेश) के राजनेता एवं पत्रकार चैतन्य कश्यप के दिल्ली केन्द्र हेली रोड पर मुझे कुछ समय कार्य करने का अवसर मिला, जहां प्रायः हर दिन डॉ. वैदिक से मुलाकात एवं चर्चा का अवसर मिलता रहा। मेरी शादी में 1988 में उन्होंने भाषा के सम्पादक रहते हुए मुझे शुभकामना सन्देश भेजते हुए शादी के बाद दिल्ली आने का निमंत्रण दिया। यूं तो दिल्ली के विभिन्न कार्यक्रमों में उनसे मुलाकातें होती रहती थी। मेरे पिता पत्रकार एवं साहित्यकार स्व. रामस्वरूपजी गर्ग के वे अभिन्न मित्र थे।

डॉ. वैदिक एक ऐसे जीवन की दास्तान है जिन्होंने अपने जीवन को बिन्दु से सिन्धु बनाया है। उनके जीवन की दास्तान को पढ़ते हुए जीवन के बारे में एक नई सोच पैदा होती है। जीवन सभी जीते हैं पर सार्थक जीवन जीने की कला बहुत कम व्यक्ति जान पाते हैं। डॉ. वैदिक के जीवन कथानक की प्रस्तुति को देखते हुए सुखद आश्चर्य होता है एवं प्रेरणा मिलती है कि किस तरह से दूषित राजनीतिक-सामाजिक परिवेश एवं आधुनिक युग के संकुचित दृष्टिकोण वाले समाज में जमीन से जुड़कर आदर्श जीवन जिया जा सकता है, आदर्श स्थापित किया जा सकता है। और उन आदर्शों के माध्यम से देश की पत्रकारिता, पारिवारिक, सामाजिक, राष्ट्रीय और वैयक्तिक जीवन की अनेक सार्थक दिशाएँ उद्घाटित की जा सकती हैं। उन्होंने व्यापक संदर्भों में जीवन के सार्थक आयामों को प्रकट किया है, वे आदर्श जीवन का एक अनुकरणीय उदाहरण हैं, मूल्यों पर आधारित पत्रकारिता, समाजसेवा एवं राजनीति को समर्पित एक लोककर्मी का जीवनवृत्त है। उनके जीवन से कुछ नया करने, कुछ मौलिक सोचने, पत्रकारिता एवं सामाजिक को मूल्य प्रेरित बनाने, सेवा का संसार रचने, सद्प्रवृत्तियों को जागृत करने की प्रेरणा मिलती रहेगी। डॉ. वैदिक की गणना उन राष्ट्रीय अग्रदूतों में होती है, जिन्होंने हिंदी को मौलिक चिंतन की भाषा बनाया, हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने और भारतीय भाषाओं को उनका उचित स्थान दिलवाने के लिए सतत संघर्ष और त्याग किया। महर्षि दयानंद, महात्मा गांधी और डॉ. राममनोहर लोहिया की महान परंपरा को आगे बढ़ानेवाले योद्धाओं में वैदिकजी का नाम अग्रणी है। पिछले 60 वर्षों में हजारों लेख और भाषण उन्हें लिखे। वे लगभग 10 वर्षों तक पीटीआई भाषा (हिन्दी समाचार समिति) के संस्थापक-संपादक और उसके पहले नवभारत टाइम्स के संपादक (विचारक) रहे थे। फिलहाल राष्ट्रीय समाचार पत्रों तथा प्रदेशों और विदेशों के लगभग 200 समाचार पत्रों में भारतीय राजनीति और अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर डॉ. वैदिक के लेख हर दिन प्रकाशित होते रहते थे। वे साल 2014 में खूंखार आतंकी हाफिज सईद से साक्षात्कार से काफी चर्चा में रहे। मुंबई हमलों के सरगना और लश्करे तैय्यबा के आतंकवादी हाफिज सईद से लिये गये इस इंटरव्यू के बाद पूरे देश में काफी हंगामा हुआ और दो सांसदों ने उन्हें गिरफ्तार करके उन पर देशद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग की थी। डॉ. वैदिक ने करीब चार साल तक दिल्ली में राजनीति शास्त्र का अध्यापन भी किया। उनकी रुचि दर्शनशास्त्र और राजनीतिशास्त्र में भी थी। राजेन्द्र माथुर, प्रभाष जोशी की पीढ़ी के आखिरी सशक्त हस्ताक्षर रहे वैदिक ने अफगानिस्तान पर एक शोध किया था और 50 से अधिक देशों की यात्रा की थी। वैदिकजी ने अपनी पहली जेल-यात्रा सिर्फ 13 वर्ष की आयु में की थी। हिंदी सत्याग्रही के तौर पर वे 1957 में पटियाला जेल में रहे। बाद में छात्र नेता और भाषाई आंदोलनकारी के तौर पर कई जेल यात्राएं की। भारत में चलनेवाले अनेक प्रचंड जन-आंदोलनों के वे सूत्रधार थे। डॉ. वैदिक को मीडिया और भाषा के क्षेत्र में काम करने के लिए कई सम्मान दिए गए। उन्हें विश्व हिन्दी सम्मान (2003), महात्मा गांधी सम्मान (2008), दिनकर शिखर सम्मान, पुरुषोत्तम टंडन स्वर्ण-पदक, गोविंद वल्लभ पंत पुरस्कार, हिन्दी अकादमी सम्मान, लोहिया सम्मान, काबुल विश्वविद्यालय पुरस्कार, मीडिया इंडिया सम्मान, लाला लाजपतराय सम्मान, अणुव्रत लेखक पुरस्कार (2021) आदि दिए गए। वे कई न्यासों, संस्थाओं और संगठनों में सक्रिय थे। वैदिक वर्तमान में भारतीय भाषा सम्मेलन और भारतीय विदेश नीति परिषद के अध्यक्ष थे। आपने अनेक लिखी जिनमें प्रमुख हैं अफगानिस्तान में सोवियत-अमेरिकी प्रतिस्पर्धा, अंग्रेजी हटाओ, क्यों और कैसे?, हिन्दी पत्रकारिता-विविध आयाम, भारतीय विदेश नीतिः नए दिशा संकेत, एथनिक क्राइसिस इन श्रीलंका, इंडियाज ऑप्शन्स, हिन्दी का संपूर्ण समाचार-पत्र कैसा हो?, वर्तमान भारत, अफगानिस्तान, कल, आज और कल, महाशक्ति भारत, भाजपा, हिंदुत्व और मुसलमान, कुछ मित्र और कुछ महापुरुष, मेरे सपनों का हिंदी विश्वविद्यालय हिंदी कैसे बने विश्वभाषा, स्वभाषा लाओ अंग्रेजी हटाओ आदि है। डॉ. वैदिक को निर्भीक विचारों, स्वतंत्र लेखनी और बेबाक सम्पादकीय टिप्पणियों के लिये जाना जाता है। उनको पढ़ने वाले लोगों की संख्या करोड़ों में है और अपने निर्भीक लेखन से वे काफी लोगों के चहेते थे। उन्होंने पत्रकारिता में उच्चतम मानक स्थापित किये। वे न केवल अपने कॉलम के जरिये राष्ट्र की ज्वलंत समस्याओं को सशक्त तरीके से प्रस्तुति देते रहे बल्कि गरीबों, अभावग्रस्तों, पीड़ितों और मजलूमों की आवाज बनते रहे और उनकी बेखौफ कलम के सामने सत्ताएं हिल जाती थीं। अपनी कलम के जरिये उन्होंने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी कलम जब भी चली उन्होंने लाखों लोगों की समस्याओं को सरकारों और प्रशासन के सामने रखा और भारतीय लोकतंत्र में लोगों की आस्था को और मजबूत बनाने में योगदान दिया। उन्होंने आमजन के बीच, हर जगह अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया।

लाखों-लाखों की भीड़ में कोई-कोई डॉ. वैदिक जैसा विलक्षण एवं प्रतिभाशाली व्यक्ति जीवन-विकास की प्रयोगशाला में विभिन्न प्रशिक्षणों-परीक्षणों से गुजर कर महानता का वरण करता है, विकास के उच्च शिखरों पर आरूढ़ होता है और अपनी मौलिक सोच, कर्मठता, कलम, जिजीविषा, पुरुषार्थ एवं राष्ट्र-भावना से समाज एवं राष्ट्र को अभिप्रेरित करता है। उनके जीवन से जुड़ी विधायक धारणा और यथार्थपरक सोच ऐसे शक्तिशाली हथियार थे जिसका वार कभी खाली नहीं गया। वे जितने उच्च नैतिक-चारित्रिक पत्रकार थे, उससे अधिक मानवीय एवं सामाजिक थे। डॉ. वैदिक को एक सुलझा हुआ और कद्दावर जनसेवक एवं पत्रकार माना जाता रहा है। उनका निधन एक आदर्श एवं बेबाक सोच की पत्रकारिता का अंत है।

> उनके जीवन से जुड़ी विधायक धारणा और यथार्थपरक सोच ऐसे शक्तिशाली हथियार थे जिसका वार कभी खाली नहीं गया। वे जितने उच्च नैतिक-चारित्रिक पत्रकार थे, उससे अधिक मानवीय एवं सामाजिक थे। डॉ. वैदिक को एक सुलझा हुआ और कद्दावर जनसेवक एवं पत्रकार माना जाता रहा है

स्वच्छता का संदेश देती है शीतला माता

रमेश सर्राफ धमोरा

शीतला माता स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं और इसी संदर्भ में शीतला माता की पूजा से हमें स्वच्छता की प्रेरणा मिलती है। इनका सैदव से ही बहुत अधिक माहात्म्य रहा है। शीतला-मंदिरों में प्रायः माता शीतला को गर्दभ पर ही आसीन दिखाया गया है। शीतला माता के संग ज्वरासुर- ज्वर का दैत्य, ओलै चंडी बीबी - हैजे की देवी, चैंसठ रोग, घेंटुकर्ण- त्वचा-रोग के देवता एवं रक्तवती - रक्त संक्रमण की देवी होते हैं। इनके कलश में दाल के दानों के रूप में विषाणु या शीतल स्वास्थ्यवर्धक एवं रोगाणु नाशक जल होता है। हिन्दू धर्म के विविध पर्व-त्योहारों को मनाने के पीछे वैज्ञानिक सोच व तत्व-दर्शन निहित है। होली के एक सप्ताह बाद मनाये जाने वाले शीतलाष्टमी त्योहार पर शीतला माता का पूजन कर व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि माता के पूजन से चेचक, खसरा जैसे संक्रामक रोगों का मुक्ति मिलती है। चूंकि ऋतु-परिवर्तन के दौरान इस समय संक्रामक रोगों के प्रकोप की काफी आशंका रहती है। इसलिए इन रोगों से बचाव के लिए श्रद्धालु शीतलाष्टमी के दिन माता का विधिपूर्वक पूजन करते हैं जिससे शरीर स्वस्थ बना रहे। सामान्य तौर पर शीतला माता का पूजन चैत्र कृष्ण पक्ष की अष्टमी को किया जाता है। भगवती शीतला की पूजा का विधान भी विशिष्ट है। शीतलाष्टमी के एक दिन पूर्व उन्हें भोग लगाने के लिए बासी खाना यानी बसौड़ा तैयार किया जाता है। अष्टमी के दिन बासी पदार्थ ही देवी को नैवेद्य के रूप में अर्पित करते हैं और भक्तों के बीच प्रसाद के रूप में इसे वितरित करते हैं। उत्तर भारत में शीतलाष्टमी का त्योहार बसौड़ा नाम से भी प्रचलित है। मान्यता है कि इस दिन के बाद से बासी खाना नहीं खाना चाहिए। यह ऋतु का अंतिम दिन होता है जब बासी खाना खा सकते हैं। इस व्रत में रसोई की दीवार पर हाथ की पांच अंगुली घी से लगाई जाती है। इस पर रोली और चावल लगाकर देवी माता के गीत गाये जाते हैं। इसके साथ, शीतला स्तोत्र तथा कहानी सुनी जाती है। रात में जोत जलाई जाती है। एक थाली में बासी भोजन रखकर परिवार के सारे सदस्यों का हाथ लगवाकर शीतला माता के मंदिर में चढ़ाते हैं। इनकी उपासना से स्वच्छता और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की प्रेरणा मिलती है। शीतला माता की महत्ता के विषय में स्कंद पुराण में विस्तृत वर्णन मिलता है। इसमें उल्लेख है कि शीतला देवी का वाहन गर्दभ है। ये हाथों में कलश, सूप, मार्जन (झाडू) और नीम के पत्ते धारण किये हैं। इनका प्रतीकात्मक महत्व है। आशय यह है कि चेचक का रोगी व्यग्रता में वस्त्र उतार देता है। सूप से रोगी को हवा की जाती है। झाडू से चेचक के फोड़े फट जाते हैं। नीम की पत्तियां फोड़ों को सड़ने नहीं देतीं। रोगी को ठंडा जल अच्छा लगता है, अतः कलश का महत्व है। गर्दभ की लीद के लेपन से चेचक के दाग मिट जाते हैं। स्कंद पुराण में शीतला माता की अर्चना का स्तोत्र है शीतलाष्टक। माना जाता है कि इस स्तोत्र की रचना भगवान शंकर ने की थी। यह स्तोत्र शीतला देवी की महिमा का गान कर उनकी उपासना के लिए भक्तों को प्रेरित करता है।

वन्देहं शीतलां देवीं रासभस्थां दिगम्बराम।
मार्जनीकलशोपेतां
शूर्पालङ्कृतमस्तकाम।।

अर्थात गर्दभ पर विराजमान दिगम्बरा, हाथ में झाडू तथा कलश धारण करने वाली, सूप से अलंकृत मस्तकवाली भगवती शीतला की मैं वंदना करता हूं। शीतला माता के इस वंदना मंत्र से स्पष्ट है कि ये स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं। हाथ में मार्जनी (झाडू) होने का अर्थ है कि हम लोगों को भी सफाई के प्रति जागरूक होना चाहिए। कलश से तात्पर्य है कि स्वच्छता रहने पर ही स्वास्थ्य रूपी समृद्धि आती है। मान्यता के अनुसार, इस व्रत को रखने से शीतला देवी प्रसन्न होती हैं और व्रती के कुल में चेचक, खसरा, दाह, ज्वर, पीतज्वर, दुर्गंधयुक्त फोड़े और नेत्रों के रोग आदि दूर हो जाते हैं। माता के रोगी के लिए यह व्रत बहुत मददगार है। आमतौर पर, शीतला रोग के आक्रमण के समय रोगी दाह (जलन) से निरंतर पीड़ित रहता है। उसे शीतलता की बहुत जरूरत होती है। गर्दभ पिंडी (गधे की लीद) की गंध से फोड़ों का दर्द कम हो जाता है। नीम के पत्तों से फोड़े सड़ते नहीं है और जलघट भी उसके पास रखना अनिवार्य है। इससे शीतलता मिलती है। लोक किंवदंतियों के अनुसार बसौड़ा की पूजा माता शीतला को प्रसन्न करने के लिए की जाती है। कहते हैं कि एक बार किसी गांव में गांववासी शीतला माता की पूजा-अर्चना कर रहे थे तो मां को गांववासियों ने गरिष्ठ भोजन प्रसादस्वरूप चढ़ा दिया। शीतलता की प्रतिमूर्ति मां भवानी का गर्म भोजन से मुंह जल गया तो वे नाराज हो गईं और उन्होंने कोपदृष्टि से संपूर्ण गांव में आग लगा दी। बस केवल एक बुढिया का घर सुरक्षित बचा हुआ था। गांव वालों ने जाकर उस बुढिया से घर न जलने के बारे में पूछा तो बुढिया ने मां शीतला को गरिष्ठ भोजन खिलाने वाली बात कही और कहा कि उन्होंने रात को ही भोजन बनाकर मां को भोग में ठंडा-बासी भोजन खिलाया। जिससे मां ने प्रसन्न होकर बुढिया का घर जलने से बचा लिया। बुढिया की बात सुनकर गांव वालों ने शीतलामाता से क्षमा मांगी और रंगपंचमी के बाद आने वाली सप्तमी के दिन उन्हें बासी भोजन खिलाकर मां का बसौड़ा पूजन किया। संसार में दो प्रकार के प्राणी होते है। पहला सौर शक्ति प्रधान और दूसरा चान्द्र शक्ति प्रधान। सौर शक्ति के बारे में कहा जाता है कि सौर शक्ति जीव बहुत चंचल, चुलबुले, तत्काल बिगड़ उठने वाले और असहनशील होते हैं जबकि चान्द्र शक्ति प्रधान व्यक्ति इसके विपरीत होते है। चान्द्र शक्ति प्रधान जीवों में प्रमुख गधा ही माता शीतला का वाहन हो सकता है। यहां गधा संकेत देता है कि चामुण्डा के आक्रमण के समय रोग का अधिक प्रहार सहन करते हुए रोगी को कभी अधीर नहीं होना चाहिए। इसके अतिरिक्त शीतला रोग में गर्दभी का दूध, गधा लोटने के स्थान की मिट्टी और गधों के संपर्क का वातावरण उपयुक्त समझा जाता है। कहते हैं कि कुम्हार को चामुण्डा का भय नहीं होता है। वहीं ऊंट वाले को कभी पेट का रोग नहीं होता। चामुण्डा शववाहना के अनुसार चामुण्डा का वाहन शव होता है। इसका तात्पर्य यह है कि चामुण्डा से आक्रान्त रोगी को शव की भांति निश्चेष्ट होकर उचित समय की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

तोताराम जी उवाच ऑन रीडिंग !

सुनील कुमार महला

शिक्षा के स्तर से संबंधित कुछ आंकड़ें देखकर इन दिनों अमेरिका बहुत चिंतित है। अमेरिका वालों के मुख-मंडल पर चिंता की लकीरें हैं, सलवटें हैं। वो क्या है कि जब से अमेरिका में एक अध्ययन की रिपोर्ट सार्वजनिक हुई है कि अमेरिका में चौथी क्लास के दो-तिहाई बच्चे पढ़ने में पूरी तरह सक्षम नहीं हैं। उनमें मैथमैटिक्स, जॉब की योग्यता जैसी क्षमताओं का नितांत अभाव है। सुना है कि 25 साल तक चले अभियान के बाद भी बच्चों की ऐसी हालत है कि वे पढ़ने में मुश्किलात का सामना कर रहे हैं। छात्रों की रीडिंग स्किल खराब है। वहाँ पढ़ाई की रणनीतियां कामयाब नहीं हो पा रही हैं। बच्चों को रीडिंग के लिए सही निर्देश नहीं मिल रहे हैं। प्रोफेशनल कहते हैं कि बच्चों के लिए ध्वनि विज्ञान या फोनिक्स पर जोर दिया जाना चाहिए। उन्हें ट्रेनिंग दी जानी चाहिए। एक पार्टी ने बीस-बाइस बरस पहले फोनिक्स से बच्चों की पढ़ाई करवाने का समर्थन किया तो मामला राजनीतिक हो गया। तोताराम जी अमेरिका वालों के माथे पर अमरीकी बच्चों की पढ़ाई को लेकर शिकन देखकर हमसे कहने लगे- ये अमेरिका वाले न, यूं ही पढ़ाई के प्रति बावले हो रहे हैं। आजकल पढ़ाई को पूछ कौन रहा है ? पढ़े-लिखे लोग आज हमारी तरह बेरोजगार घूमते हैं। हमने कहा नहीं तोताराम जी, ऐसी बात नहीं है, जीवन में पढ़ना-लिखना बहुत जरूरी है। पढ़ाई ही एक ऐसी चीज है, जिसे कोई दूसरा छीन नहीं सकता। शिक्षा हमारे व्यवहार में आमूल चूल परिवर्तन लाती है। तोताराम जी बोलें- लेखक भैय्या आप राइटर हो,इसलिए पढ़ाई की तारीफ कर रहे हो। आपका तो काम ही लेखन-वेखन से चलता है। आप नेताओं को देखिए ! उनका फ्यूचर बिना पढ़ाई के ही सुपर परम्ब्राइट है। एक बार चुनाव जीत जाते हैं तो जीवन भर पेंशन पर मौज-मस्ती करते हैं। आज जो लोग पढ़े-लिखे हैं, इन्हीं नेताओं के अंडर(अधीन) काम करते हैं। इन्हें सैल्यूट तक मारते हैं। आपको नहीं पता एक बड़े पढ़े लिखे घनघोर अधिकारी को भी नेताजी को सैल्यूट करना पड़ता है। पढ़े-लिखे युवा तो आजकल बेरोजगार घूम रहे हैं। मक्खी मार रहे हैं। गलत कहा गया है- पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे कूदोगे होओगे खराब। यह कथन ऐसा होना चाहिए था- अनपढ़ रहोगे तो बनोगे नेता, पढ़ोगे-लिखोगे तो पहनोगे फटा पुराना जूता। जितने फायदे अनपढ़ रहने के हैं, उतने पढ़े-लिखे होने के आज नहीं हैं। अजी ! अनपढ़ व्यक्ति अपने विवेक और तर्क-तजुर्बे से किसी भी जटिल समस्या का फटाक से हल निकाल सकता है। अब आप किसी पढ़े लिखे नौजवान से यह पूछ लीजिए कि एक टके की नौ मन भांग, तो बहत्तर धड़ी के कितने दाम ?, अगर बता दे,हम मान जाएंगे। लेखक भैय्या जीवन में बहुत बार खोटे सिक्के(अनपढ़) ही काम आते हैं और पढ़े-लिखे बहुत बार धरे के धरे रह जाते हैं। अब आप देखिए न कि अनपढ़ आदमी को किसी चीज का ज्यादा ज्ञान-वान तो होता नहीं है, इसलिए वह ज्ञान के चक्कर में पड़ता नहीं है लेकिन पढ़े-लिखे आदमी के मन में कुछ न कुछ चलता ही रहता है, मतलब ज्ञान का कीड़ा कुलबुलाता ही रहता है और वह कुछ उलटा-सीधा कर बैठता है।

अनपढ़ लोग कभी किसी बात पर कभी अधिक बहस-वहस नहीं करते। अनपढ़ होने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि लड़ाई-झगड़ा,दंगा-फसाद न के बराबर होता है। अब आप देखिए एक पढ़ा-लिखा व्यक्ति सामने वाले पर अच्छा-खासा दबाव बनाता है। अनपढ़ को नौकरी की चिंता बिल्कुल नहीं होती। पढ़े-लिखे लोग पहले पढ़ाई का तनाव लेते हैं, बाद में नौकरी का। अनपढ़ लोग शारीरिक परिश्रम में विश्वास रखते हैं। ये हमेशा खुश रहते हैं और दूसरों को भी खुश रखते हैं। इन पर भरोसा किया जा सकता है। ये अपनी संस्कृति, रीति-रिवाज, त्योहारों तथा व्यावहारिक ज्ञान रखते हैं। इन्हीं के कारण समाज में अच्छा तालमेल, सामंजस्य व सौहार्द रहता है। हमने कहा तोताराम जी हम आपकी बातों से ज?ा भी सहमत नहीं हैं। कोई उदाहरण देकर हमें समझाओ कि अनपढ़ लोग पढ़े-लिखे लोगों से कैसे बेटर (अच्छे) हैं। इस पर तोताराम ने लेखक से कहा- एक बार एक बारात लेकर लड़के वाले लड़की के यहाँ पहुंचे। दुल्हन लड़की खूब पढ़ी-लिखी थी। लड़की वालों ने लड़का पक्ष के समक्ष यह शर्त रखी कि वो अपनी लड़की की शादी तभी करेंगे जब लड़के वाले गांव की नदी में पानी के स्थान पर दूध बहा देंगे। लड़के वाले असमंजस में पड़ गए, उनके लिए यह असंभव ही नहीं बल्कि नामुमकिन था। तभी बारात में एक अनपढ़ बुजुर्ग समस्या को हल करने के लिए आगे आया और कहा कि - इसमें चिंता की कोई बात नहीं है। हम नदी में पानी के स्थान पर दूध बहा देंगे। इस पर सभी बारात वाले हैरानी में पड़ गए कि यह कैसे संभव है।

तभी अनपढ़ बुजुर्ग ने उत्तर दिया कि- लड़की वालों से यह बात कहो कि पहले नदी का सारा का सारा पानी तो खाली करवाओ, आप नदी को खाली करेंगे तभी तो हम नदी को दूध से भरेंगे। अनपढ़ की बात सुनकर सभी बारातियों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। इसलिए लेखक भैय्या मैं कहता हूँ कि जीवन में अनपढ़ होने के बहुत फायदे हैं। हम तोताराम जी बातें सुनते रह गए और घर आकर अनपढ़ होने के फायदे पर आर्टिकल लिखकर आप सभी के सम्मुख प्रस्तुत कर दिया। गुस्ताखी माफ ! जय राम जी की।

बेवकूफ बनना है तो यहाँ आओ

डॉ. सुरेश कुमार

मैं बहुत दिनों से पंडिताई कर रहा था। मुझे पंडिताई का खास ज्ञान तो नहीं है लेकिन लोग खुद-ब-खुद बेवकूफ बनने के लिए तैयार हों तो मैं उनकी बेवकूफी को अपना ज्ञान बना लेता हूँ वह क्या हैं न कि जिस तरह अशुद्ध भोगियों से शुद्ध चीजें नहीं पचतीं ठीक उसी तरह से मूर्खों को ज्ञान की बातें समझ नहीं आतीं। इसीलिए तो चार कौओं के बीच में कोयल भी खुद को कौआ मानकर रह जाता है। वैसे भी रीलधारी मूर्खता भरी हरकतें कर लाखो कमा लेते हैं जबकि बुद्धिमान कहलाने वाले डिग्रीधारी उधारी पर जिंदगी जिए जाते हैं। एक दिन मैंने अपने घर पर गारंटी वाली भविष्यवाणी का बोर्ड लगा दिया। भविष्यवाणी गलत होने पर पैसा वापस वाली पंक्ति बड़े-बड़े अक्षरों में लिखवा दी। शुक्र है कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था आज भी इतनी अपडेट नहीं हुई है कि वह भविष्यवाणियों को मात दे सके। मैं इसी बहती गंगा में हाथ, पैर या यूं कहिए साष्टांग डूब कर अपनी चांदी (हो सके तो सोना भी) करना चाहता था। इस धंधे में कामयाबी अपनी काबिलियत के हिसाब से नहीं सामने वाले की बेवकूफी पर निर्भर करती है। सड़कछाप भविष्यकताओं के प्रति अंधभक्तों की लक्ष्मी जेब से निकल-निकल कर मेरा तिलक करना चाहती है तो मैं अपना माथा कैसे पोंछ सकता हूँ। वरना यही मूर्ख अंधभक्त मुझे बेवकूफ कहकर किसी और बड़े बेवकूफ के पास जायेंगे। भला दुनिया में बेवकूफों की कमी है जो मेरे पास उल्टे कदम आने की भूल करेंगे। लोगों को बेवकूफ बनाने का धंधा अत्यंत प्राचीन है।

फटाफट खबरें

मनरेगा के कार्यों की करायें टीएसी जांचः समाजसेवी

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। क्षेत्र के समाजसेवी सीताराम बडगइयां ने विकासखंडों में मनरेगा कार्यों में जमकर हो रही कमीशनखोरी के आरोप लगाये हैं।

मंगलवार को क्षेत्र के समाजसेवी सीताराम बडगइयां ने मानिकपुर ब्लाक में मनरेगा के कार्यों में जमकर कमीशनखोरी के आरोप लगाये हैं। उन्होंने कहा कि कमीशनखोरी के चलते मानकविहीन कार्य हो रहे हैं। मानिकपुर ब्लाक में मनरेगा के कार्य कमीशनबाजी के चक्कर में बर्बाद हो रहे हैं। कुछ ही दिनों में सड़क, नाली, खड़ंजा उखड़ने लगते हैं।

उन्होंने कहा कि कमीशनबाजी का खेल खंड विकास अधिकारी धनंजय सिंह के कार्यभार संभालते ही बहुत तेजी से फलफूल रहा है। जो कमीशन तय करते हैं, उसी रणनीति के चलते मानिकपुर ब्लाक में मनरेगा के कार्यों में कोई भी गुणवत्ता नहीं रहती। मुख्य विकास अधिकारी से उन्होंने मनरेगा के सभी कार्यों की टीएसी जांच करवाने की मांग की है।

बूडे हनुमान मंदिर में धूमधाम से मना बुढ़वा मंगल

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। दशकों से चले आ रहे एजेंट के अनुसार होली के बाद मंगल को बूडे हनुमानजी मंदिर में धूमधाम से बुढ़वा मंगल मनाया गया। अखंड संकीर्तन, भण्डारा, हवन के बाद संगीरतमयी सुंदरकांड का पाठ और महाआरती हुई। सुबह से देर रात तक भक्तों का पत्र रहा। मंदिर को फूलों से भव्यता के साथ सजाया गया।

मंगलवार को मन्दाकिनी तट पर रामघाट के निकट ही बूडे हनुमानजी का मंदिर है। यहां बुढ़वा मंगल की धूम रही है हजारों भक्तों नें बजरंगी सरकार के दर्शन किए। पुजारी रामजीदास महराज ने बताया कि भादौ और चैत्र माह में दो बार बुढ़वा मंगल मनाया जाता है। यहां भक्तों को फ्रीसई और बूंदी का प्रसाद बांटा जाता है। सुबह से ही धार्मिक परंपरा विशेष संबंधित हो जाती हैं और देर रात तक भजन, पूजा पाठ अनुष्ठान जारी हैं। कलयुग में हनुमानजी साक्षात देव हैं और बुढ़वा मंगल में कृपा का लाभ भक्तों को मिलता है। अखंड रामनाम संकीर्तन के बाद हवन और भंडारे का आयोजन एल शाम को मनपारा (गुजरात) निवासी शास्त्री की टीम द्वारा संगीतमयी सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया एवं भक्तजन लगातार जय सियाराम के जयकारे आवेदन कर रहे हैं। शाम और महाआरती और विधान विधि से हनुमानजी का पूजन किया गया।

इस एक पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष आनंद सिंह पटेल, गंगा आरती के पुजारी केशरी तिवारी, महंत रामहृदय दास जी महराज, गुलजारी लाल तिवारी, बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत पटेल समंत हजारों भक्तों की मौजूदगी रही।

तेंदुए के हमले से किसान की मौत, वन विभाग ने लोगों को किया अलर्ट

बुलंदशहर। आहार थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद ताहरपुर में रोजाना की तरह एक 60 वर्षीय किसान खेत की रखवाली करने के लिए घेर में सो रहा था। वही रविवार देर रात्रि एक तेंदुए ने उस किसान पर अचानक हमलाकर उसकी गर्दन को दबोच लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। सोमवार की सुबह परिजन घेर में पहुंचे तो उन्होंने देखा कि मृतक किसान के चारों तरफ खून फैला हुआ था। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उक्त घटना के बाद ग्राम औरंगाबाद ताहरपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत का माहौल है।

परिजनों की जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव औरंगाबाद ताहरपुर बसंता सिंह पुत्र लीला सिंह उम्र 60 वर्ष गांव के बाहर जंगलों में अपना घर व घेर बनाकर रहता था। रोजाना की तरह घेर में रहकर वह अपने खेतों व पशुओं की रखवाली करता था। रविवार देर रात्रि को अपने घेर पर ही सो कर खेतों व पशुओं की रखवाली कर रहा था। जानकारी के अनुसार इसी दौरान उस किसान पर एक खूंखार तेंदुए ने अचानक हमलाकर उसकी गर्दन को दबोच लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। सोमवार की सुबह मृतक किसान के परिजन सुबह चाय लेकर घेर में पहुंचे तो। उन्होंने किसान के चारों तरफ खून फैला हुआ देखा था। तो उसके बाद परिजनों में मातम छा गया। घटना की जानकारी लगते ही घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई।

ग्रामीणों में घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। उक्त घटना के बाद ग्राम औरंगाबाद ताहरपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि यह हमला तेंदुए ने नहीं, शेर ने किया है। तो कुछ ग्रामीणों का कहना है कि कई बार आदमखोर एक तेंदुए जंगलों में देखा गया है। इस पर वन विभाग ने अलर्ट भी जारी कर दिया है। थाना प्रभारी निशांन सिंह ने बताया कि किसान को तेंदुए के हमले से किसान को मार डालने की सूचना प्राप्त हुई थी। शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

ऊंचागांव फोर्ट में चल रही गैंगस्टर वैब सीरीज फिल्म की शूटिंग हुई पूरी

स्याना.(बुलंदशहर)। नरसेना क्षेत्र के ऊंचागांव फोर्ट में चल रही गैंगस्टर वैब सीरीज फिल्म शूटिंग के दौरान रविवार को फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा विधायक अखिलेन्द्र भाटी का किरदार निभा रहे। शत्रुघ्न सिन्हा ने दोनो गैगस्टर को बैठा कर सुलह कराई उसके बाद तोफा भेंट किया। गैगस्टर वैब सीरीज के निमार्ता नागेन्द्र चौधरी, विनय कुमार, प्रदीप नागर ने बताया कि वैब सीरीज को तैयार किया जा रहा है आग हम किया सीन शूट करेगे ये अभी नही बताय सकते है गैंगस्टर वैब सीरीज की शूटिंग को देखने के लिए दूर दूर से लोगों की भीड़ लगी हुई है।किले में चल रही शूटिंग की सूचना पर दूर-दूर से लोग वैब सीरीज की शूटिंग को देखने के लिए ऊंचागांव किले पर पहुंचे उसके बाद लोगो में फिल्मी कलाकारो के साथ फोटो लेने के लिए उत्साहित नजर आए और कुछ कलाकारोके साथ फोटो खींचे ऊंचागांव फोर्ट में चल रही गैंगस्टर वैब सीरीज फिल्म शूटिंग के दौरान रविवार को फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा विधायक अखिलेन्द्र भाटी का किरदार निभा रहे।

मां-बेटी की हत्या के बाद पिता ने भी लगाई फांसी

सोशल मीडिया ने पूरे परिवार को किया तबाह- एएसपी कर रहे पूरे मामले की तफ्तीश



अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सोशल मीडिया ने एक भरे पूरे परिवार को तबाह कर दिया। ब्वायफ्रेंड के साथ आपत्तिजनक स्थिति में फोटो देखकर एक पिता ने मां-बेटी की गोली मारकर हत्या करने के बाद खुद भी फांसी लगाकर जान दे दी। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी पूरे मामले की बारीकी से तफ्तीश कर रहे हैं।

मां-बेटी की सोमवार को अपरान्ह डेढ बजे हत्या करने के बाद आरोपी पिता नन्दकिशोर त्रिपाठी ने मंगलवार को सवेरे बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के सेमरदहा गांव से दो किमी दूर पिपरहरी जंगल में पेड में फंदा बनाकर फांसी लगाकर जान दे दी। बताया गया कि कल हुई मां-बेटी की हत्या के बाद पुलिस आरोपी पिता की तलाश में जुटी थी। पिता का शव मिलने पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी पूरे मामले की बारीकी से तफ्तीश कर रहे हैं। बताते हैं कि सेमरदहा गांव के नन्दकिशोर त्रिपाठी की पुत्री खुशी (18) अपने ननिहाल माराचन्द्रा गांव में रहती थी। वहां पंकज यादव नाम के युवक से प्रेम प्रसंग हो गया।

पिता ने बेटी के फोन पर एक लडके के साथ आपत्तिजनक स्थिति में रील देखी तो वह आग बबूला हो गया। उसने बेटी को समझाने का प्रयास किया तो विवाद बढता गया। पत्नी सीमा ने शान्त कराने की कोशिश की तो मामला और उलझ गया।

परिवार में विवाद इस कदर बढा कि पिता ने लाइसेंसी दोनाली बन्दूक से बेटी खुशी व पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली की आवाज सुनकर पडोसी तत्काल मौके पर पहुंचे। इस बीच पिता बन्दूक छोडकर मौके से फरार हो गया।

आज मंगलवार को आरोपी नन्दकिशोर त्रिपाठी ने भी गांव से दो किमी दूर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता कर्वी स्थित कृष्ण विनायक प्राइवेट अस्पताल में काम करता था। ऐंचवारा गांव में वह पशु मित्र भी था। उसके पास कुल एक बीघा जमीन थी। उसे बंटाई पर देकर परिवार का गुजर-बसर करता था। अब उसके परिवार में 15 साल की पुत्री निशी बची है। मां-दीदी की मृत्यु के बाद पिता की भी मौत से वह सुधबुध खो बैठी है। पिता के शव से लिपटकर बार-बार रोने पर लोगों ने उसे ढांढस बंधाया। पूरे परिवार के खत्म होने से वह टूट चुकी है। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि वह कल ही आत्महत्या करने वाला था, लेकिन लोगों ने उसे रोक लिया। आत्मग्लानि वश उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

सीएम विवाह योजना से 158 जोडे परिणय सूत्र में बंधे

दस जोडों का बौद्ध रीति से हुआ विवाह

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। समाज कल्याण विभाग से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में 158 जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर आदि की मौजूदगी में विवाह समारोह का शुभारम्भ हुआ।

मंगलवार को जिला समाज कल्याण ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में 158 जोडों का विवाह कराया जा रहा है। दस जोड़े बौद्ध धर्म के अनुसार विवाह बंधन में बंधे हैं। कहा कि सरकार की ओर से 51 हजार रुपए खर्च किये जाते हैं। 35 हजार रुपए नगद कन्या के खाते में, जेवरात आदि को दस हजार रुपए व छह हजार रुपए आयोजन में खर्च होते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि लोगों की शादी में खर्च कम हो। इसी संकल्प के साथ सामूहिक विवाह योजना लागू कर प्रत्येक जिले में विवाह कराये जा रहे हैं। सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने वैवाहिक जोडों को जयमाला दौरान पुष्प वर्षा कर शुभकामनायें दी। प्रमाण पत्र व अन्य सामग्री भेंट की गई। गायत्री शक्तिपीठ ने वैदिक मंत्रो के बीच विवाह कराया। विवाह पंजीकरण अधिकारी/उपनिबंधक राजेश सिंह ने वैवाहिक जोडों का पंजीकरण किया। संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ल ने किया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने पंजीकृत दल मां भगवती संगीत पार्टी भी मौजूद रही। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों का स्वागत कर अंग वस्त्र, पुष्पगुच्छ भेंट किया। विवाह समारोह में भाजपा के सुरेश अनुरागी, आशीष सिंह रघुवंशी, ब्लाक प्रमुख गंगाधर मिश्रा, भाजपा नेता पंकज अग्रवाल, एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम राजबहादुर, डीडी आरके त्रिपाठी, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, खंड विकास अधिकारी आस्था पांडेय, मानिकपुर धनंजय सिंह समेत संबंधित अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

अच्छे दिनों का सपना दिखाकर लाद रहे बुरे दिनः रुद्र

तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। उप्र किसान सभा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य का रुद्र प्रसाद मिश्र एड की अगुवाई में जुलूस निकालकर नारेबाजी करते हुए तहसील मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया है। यहां तहसीलदार राकेश पाठक को राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को उप्र किसान सभा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य का रुद्र प्रसाद मिश्र ने तहसील में हुए धरना प्रदर्शन में कहा कि मोदी सरकार ने रसोई गैस की कीमत में वृद्धि तथा योगी सरकार ने बिजली की दरें बढ़ा दी हैं। इससे किसानों, इक्विटी और कमर को तोड़ने का काम हुआ है। अच्छे दिनों के सपने दिखाने वाले बुरे दिन लादते जा रहे हैं, इसका खामियाजा भुगतना पडेगा। उन्होंने कहा कि उप्र सरकार ने 23 फीसदी बिजली दरों में वृद्धि करके किसानों, मजदूरों और बेरोजगारों की कमर तोड रही है। जिसे जनता स्वीकार नहीं करेगी। 2024 में जनता सबक सिखायेगी। बढे हुए दामों को तत्काल वापस लेने की मांग उठाई। विद्युत नियामक आयोग को स्वीकार करने की निन्दा की। धरना प्रदर्शन में शामिल किसानों, नौजवानों से कहा कि डबल इंजन की सरकार अच्छे दिनों का सपना दिखाकर बुरे दिन लाद रही है। किसान सभा जिलाध्यक्ष का चुनकूराम पाल एड ने कहा कि योगी-मोदी सरकार में लोगों का जीवन मंहगाई की मार से खत्म होता जा रहा है। जनवादी महिला समिति की जिलाध्यक्ष का पूनम ने कहा कि महिलाओं की रसोई अब धुंध से भर गई है। मुफ्त गैस देने का वायदा कर दाम बढ़ा दिए। महिलायें इसका चुनाव में जवाब देंगी। इस मौके पर का अजय सिंह एड, का लल्लू राम त्रिपाठी, का रामप्रताप विश्वकर्मा, का शिवप्रसाद, राजाराम, मोहम्मद अली, मुन्ना, अफरोज, राकेश कुमार, रामसहाय, शालिक राम, कैलाश एवं शशि भूषण पाल एड शामिल रहे। इसके बाद राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार राकेश पाठक को सौंपा।

अनुसूचित जाति को दें सब सुविधायेंः का अमित

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। खेत मजदूर यूनियन ने का सुशील सिंह की अगुवाई में भाकपा कार्यालय से नारेबाजी करते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचकर का बुद्धराज की अध्यक्षता में सभा की। राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार कर्वी को सौंपा।

मंगलवार को सभा में भाकपा जिला सचिव का अमित यादव ने कहा कि दलितों एवं महिलाओं पर अत्याचार जल्द रोकें जायें। दलित अत्याचारों के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना कर दोषियों को कम समय में सजा दिलायें। अनुसूचित जाति, जनजाति के बच्चों को प्राइमरी से लेकर उच्च शिक्षा मुफ्त दी जाये। मैला उठाने की प्रथा पर रोक लगाने के साथ मजबूर लोगों को वैकल्पिक रोजगार की व्यवस्था की जाये। दलित भूमिहीन परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर भूमि बांटी जाये। वनाधिकार कानून लागू किये जायें। दलितों के लिए त्रिस्तरीय आरक्षण व्यवस्था लागू की जाये। निजी क्षेत्र में आरक्षण व्यवस्था तय की जाये। जाति विहीन समाज के लिए अन्तरजातीय विवाह को मान्यता दी जाये। प्रोत्साहन राशि के साथ अन्तरधार्मिक विवाह को भी मान्यता दी जाये। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति-जनजाति सबप्लान के बजट को बढाया जाये। बजट को ईमानदारी से खर्च किया जाये। मनरेगा का बजट दो लाख करोड किया जाये। खेत मजदूरों को साल में दो सौ दिन काम और छह सौ रुपये मजदूरी दी जाये। सीवर सफाई कर्मी की काम के दौरान मौत होने पर 25 लाख रुपये मुआवजा दिया जाये। अनुसूचित जाति-जनजाति कर्मियों, अधिकारियों की पदोन्नति में आरक्षण दिया जाये। खेत मजदूरों के लिए सर्वसमावेशी कानून बनाया जाये। केन्द्र व राज्य में रिक्त पडे सभी पदों को भरकर रोजगार के नये अवसर पैदा किये जायें। खेत मजदूरों को 55 वर्ष के बाद पांच हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाये। ज्ञापन देने में का बुद्धराम, हनुमान, कमलेश, संजय, रविकरण, गोपी, श्रीपाल प्रजापति, आशिक अली, दिनेश, पुरुषोत्तम, शिवमंगल आदि मौजूद रहे।

न्यूज झरोखा

कलयुगी बहू ने सास-ससुर पर किया जानलेवा हमला

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मानिकपुर में बहू की करतूत सास-ससुर के सामने खुल गई। इससे बहू ने सास व चचेरे ससुर पर जानलेवा हमला कर दिया। सास व चचेरे ससुर को घायल दशा में पीआरवी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज को भर्ती कराया।

ये मामला मानिकपुर तहसील के रैपुरा थाना क्षेत्र के गढचपा गांव का है। बताया गया कि कलयुगी बहू ने अपने सास व चचेरे ससुर को इसलिए जान से मारने का प्रयास किया कि उसे प्रेमी के साथ घर के अन्दर देख लिया था। पीडित रामबदन पुत्र चन्दू ने बताया कि उसके भाई की मृत्यु के बाद भाभी का कोई सहारा नहीं था। उसकी गोद में एक छोटा बालक था। इसके चलते उसने अब तक विवाह नहीं किया।

वह विकलांग होने के चलते कुछ कामधाम नहीं करता। प्रयागराज में भीख मांगकर अपने भाई के परिवार की मदद कर रहा था। उसका भतीजा बडा होने पर रोजगार को बम्बई चला गया है। यहां बहू रहती है। बहू के पास गौरिया गांव का ननकू आता-जाता है। वह रात में घर आ गया था। भाभी धोखिया और पीडित रामबदन के शोर मचाने से खफा बहू ने ननकू के साथ मिलकर कुल्हाडी से जानलेवा हमला कर मरणासन्न छोडकर मौके से फरार हो गये। रामबदन ने 12 पीआरवी को मामले की सूचना दी। पीआरवी ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया है।

बिना ले-आउट के न खरीदें प्लाटः एडीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण की सचिव/एडीएम वन्दिता श्रीवास्तव ने बताया कि प्राधिकरण के संज्ञान में आया है कि बनाड़ी गांव के गाटा संख्या750/1 में रोहित पटेल पुत्र रामहित बिना ले-आउट मंजूर कराये प्लाटिंग कर रहा है। भूखण्डों का विभाजन करते हुए प्लाटिंग का अवैध ढंग से काम कर रहा है। यहां भूखंडों की बिक्री वैधानिक नहीं है। प्राधिकरण क्षेत्र स्थित गांवों में जो भी प्लाटिंग का कार्य हो रहा है, वह अवैध है।

उन्होंने आम जनता को सचेत करते हुए कहा कि किसी भी भूखण्ड को खरीदने से पहले प्राधिकरण कार्यालय से अनिवार्य रुप से जांच कर ले कि भूखण्ड का ले-आउट प्राधिकरण से मंजूर है या नहीं। बिना ले-आउट मंजूर कराये की जा रही प्लाटिंग पर प्राधिकरण किसी भी समय ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कर सकता है। जिसका खामियाजा खरीदार को भुगतना पड सकता है।

अवैध संबंधों के शक में महिला की गला घोंटकर हत्या

बुलन्दशहर। सोमवार को गुलावठी कोतवाली क्षेत्र के गांव खुशहालपुर में 28 वर्षीय विवाहित महिला आशा की उसके पति अजीत उर्फ गुड्डू ने अवैध संबंधों के शक में दुपट्टे से गला घोट कर हत्या कर दी और खुद ही थाने पहुँच गया। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। हत्यारोपी ने पुलिस द्वारा पूछताछ में अवैध संबंधों के शक में अपनी पत्नी की हत्या करने की बात कही।

बीबीनगर थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर निवासी अशोक कुमार पुत्र सतवीर ने थाने में दी नामजद तहरीर में लिखा कि उसकी बहन आशा की शादी 11 वर्ष पूर्व गांव खुशहालपुर निवासी अजित उर्फ गुड्डू पुत्र किरनपाल के साथ हुई थी। दहेज को लेकर विवाद होता था।

आये दिन पति दारू पीकर मारपीट करता था। बीती 12 मार्च की रात पति अजीत उर्फ गुड्डू, जेठ राजीव, नन्द मोटा, व नंदोई राकेश निवासी जसरूफनगर हापुड़ ने आशा के साथ मारपीट की और गला घोंटकर मार दिया। गुलावठी पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर पति समेत चार ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्जकर हत्यारोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। मृतका के तीन पुत्र जयंत, लव, अर्नव, व एक बेटी मेघा हैं। सबसे बड़ा बेटा जयंत करीब सात वर्ष का है। घटना की सूचना पर एसपी सिटी सुरेन्द्रनाथ तिवारी व सीओ विकाश चौहान, और थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह गांव पहुंचे। जहां ग्रामीणों से पूछताछ के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामे की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम लिए भेज दिया।

वन विभाग ने फिर पकड़ा गुलदार

नगीना। ग्रामीण क्षेत्रों के बाद शहरी क्षेत्रों में भी गुलदार की सक्रियता के बीच वन विभाग को एक और गुलदार को पकड़ने में सफलता मिली है।वन विभाग की टीम ने शहर के पास स्थित फतेहपुर गांव में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था।सोमवार की तड़के एक गुलदार पिंजरे में कैद हो गया।मौके पर पहुंचे वन्य अधिकारियों ने गुलदार को वन्य क्षेत्र में पहुंचवा दिया है।

गौरतलब है कि पिछले कई महीनों से आधा दर्जन से अधिक गुलदार ग्रामीण क्षेत्रों में आतंक मचा रहे हैं। खुंकार गुलदारों द्वारा महिलाओं,बच्चों,किसानों, मजदूरों पर लगातार हमले किए जा रहे हैं और लोगों को घायल कर रहे हैं।किरतपुर गांव में तो आदमखोर गुलदार ने एक बच्ची पर जानलेवा हमला कर मौत के घाट उतार दिया था।फतेहपुर गांव में भी कुछ दिन पूर्व खेतों में घास काट रही वृद्ध महिला पर भी हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।वृद्ध महिला ने जीवट दिखा कर गुलदार का मुकाबला किया था और गुलदार को भागने पर मजबूर कर दिया था और अपनी जान बचा ली थी।

शी जिनपिंग की नई पारीः रूस से विदेश यात्राओं की शुरुआत, अगले सप्ताह पुतिन से मुलाकात की उम्मीद

बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अपनी नई पारी में विदेश यात्राओं की शुरुआत रूस से करेंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि जिनपिंग अगले सप्ताह मॉस्को यात्रा पर जाकर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से मुलाकात करेंगे। यूक्रेन पर रूस के हमले का एक साल से अधिक समय बीतने के बाद यूक्रेन की यात्रा तो कई पश्चिमी देशों के राष्ट्राध्यक्ष कर चुके हैं किन्तु रूस की यात्रा किसी प्रमुख देश के राष्ट्राध्यक्ष ने नहीं की है। अब चीन की ओर से इसकी पहल की उम्मीद की जा रही है। दरअसल चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ऐतिहासिक रूप से तीसरी बार चीन के राष्ट्राध्यक्ष का दायित्व संभाला है। विशेषज्ञों का मानना है कि जिनपिंग नई पारी में अपनी विदेश यात्राओं की शुरुआत चीन से कर सकते हैं।रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से ही चीन लगातार रूस के समर्थन में दिखता रहा है। अब अमेरिका-चीन रिश्तों में खटास बढ़ने के बाद यह समर्थन खुलकर सामने आने की चर्चा हो रही है। माना जा रहा है कि इन्हीं कारणों से दुनिया को सीधा संदेश देने के लिए चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग रूस जाएंगे। अगले सप्ताह जिनपिंग और व्लादिमिर पुतिन के बीच मॉस्को में बातचीत की उम्मीद जताई जा रही है। पिछले दिनों रूस की एक समाचार एजेंसी ने भी जानकारी दी थी कि पुतिन ने जिनपिंग को रूस आने के न्यौता दिया था।40 से अधिक घायल हो गए थे।

नेपाल के संगठित अपराध में चीन के नागरिकों का 'बड़ा' हाथ

काठमांडू। नेपाल के संगठित अपराधों में चीन के नागरिकों की सक्रियता तेजी बढ़ रही है। पुलिस का कहना है कि चीन के नागरिक ड्रग्स की खरीद-फरोख्त ,, मानव तस्करी, सोने की तस्करी, विदेशी मुद्रा तस्करी, बलात्कार और साइबर अपराधों में अधिक शामिल हैं। 22 दिसंबर, 2022 को दो चीनी नागरिकों चेन यांग और रुआन चाओ होंग को पुलिस के एंटी-ह्यूमन ट्रैफिकिंग ब्यूरो ने गिरफ्तार किया था। यह दोनों नेपाली महिलाओं को लाओस ले गए थे। कोविड महामारी के दौरान चीन में नेपाली महिलाओं से शादी के खुलासे में साफ हुआ था कि छह चीनी नागरिक मानव तस्करी में शामिल थे। पुलिस ने ऐसे गिरोह के नेटवर्क से जुड़े चेहरों को बेनकाब भी किया है। नेपाल में पिछले 8 महीनों में विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप में 92 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है, इनमें 22 चीन के नागरिक हैं। यह संख्या आपराधिक गतिविधियों के लिए गिरफ्तार किए गए 27 भारतीय नागरिकों की संख्या से थोड़ी कम है। पुलिस के अनुसार, 22 में से आठ चीनियों को नशीला पदार्थ रखने, पांच को संगठित अपराध में शामिल होने, तीन को दुराचार, दो को अपने वीजा से अधिक समय तक रहने, दो को हत्या, एक को बलात्कार और एक को बंधक बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। नेपाल के संगठित अपराध पर नजर रखने वाले एसपी प्रवीण पोखरेल ने कहा कि चीनी नागरिकों को अधिक संगठित अपराध में शामिल पाया गया है। चीन के नागरिक बंधक बनाकर युवतियों का यौन शोषण करते हैं।काठमांडू से 10 किलोमीटर दूर एक फैक्टरी में यांग लिपिंग नाम का 49 वर्षीय चीनी व्यक्ति रहता था। वहां वह युवतियों का यौन शोषण करते रंगेहाथ पकड़ा गया था। पिछले दिनों चीनी नागरिकों को डॉलर और सोने की तस्करी के आरोप में भी गिरफ्तार किया गया है।



ऑस्ट्रेलिया जल्द खरीदेगा अमेरिकी परमाणु-संचालित पनडुब्बियां, 30 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का सौदा

बीजिंग। चीन की करतूतों से परेशान दुनियाभर के देश उसके खिलाफ पुरजोर तरीके से योजनाएं बना रहे हैं। दक्षिण चीन सागर से लेकर दुनियाभर में फैले व्यापार में ड्रैगन के हस्तक्षेप को लेकर ताकतवर देश उस पर नजर बनाए हुए हैं और इसी के मद्देनजर त्रिपक्षीय सुरक्षा गठबंधन ऑकस के तहत ऑस्ट्रेलिया को परमाणु-संचालित पनडुब्बियां मिलने जा रही है। संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के नेताओं ने ऑस्ट्रेलिया को परमाणु-संचालित हमलावर पनडुब्बियां देने की योजना का खुलासा किया। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की महत्वाकांक्षाओं का मुकाबला करने के उद्देश्य से सैकड़ों अरब डॉलर के निवेश से जुड़ा एक बड़ा कदम है। इस समझौते से चीन को जरूर मिर्ची लगेगी, इससे पहले इन तीनों देशों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन का मुकाबला करने के प्रयासों के तहत 2021 में ऑकस (AUKUS) की घोषणा की थी।

अमेरिका व दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास का जवाब, उत्तर कोरिया ने दागीं चार मिसाइल

प्योंग्यांग। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच शुरू हुए संयुक्त सैन्य अभ्यास का उत्तर कोरिया लगातार विरोध कर रहा है। अभ्यास शुरू होते ही उत्तर कोरिया ने जवाबी कार्रवाई की और चार मिसाइलें दाग दी हैं। इनमें पनडुब्बी से दो क्रूज मिसाइल और दो छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल शामिल है।

अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच 13 मार्च से संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू हुआ है। 23 मार्च तक होने वाले सैन्य अभ्यास को रोकने के लिए उत्तर कोरिया ने संयुक्त राष्ट्र संघ से भी गुहार की है। उत्तर कोरिया के उप विदेश मंत्री किम सोन ग्योंग ने बयान जारी कर कहा कि संयुक्त सैन्य अभ्यास और सहयोगियों की बयानबाजी ने उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच तनाव को बेहद खतरनाक स्तर पर धकेल दिया है। इसलिए इस पर तुरंत रोक लगनी चाहिए। इस बीच उत्तर कोरिया ने मिसाइल परीक्षण भी तेज कर दिये हैं। सैन्य अभ्यास शुरू होते ही लगातार चार मिसाइल दाग कर उत्तर कोरिया ने जवाबी कार्रवाई की है।

दक्षिण कोरिया ने इन परीक्षणों को उकसावे वाला करार दिया है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि दक्षिण-पश्चिमी तटीय शहर जांगयोन से प्रक्षेपित की गई मिसाइलों ने देश के पूर्वी तट के पास समुद्र में गिरने से पहले उत्तर कोरिया से ऊंची उड़ान भरी थी। मिसाइलों ने लगभग 620 किलोमीटर की दूरी तय की। रिपोर्ट की गई उड़ान दूरी से पता चलता है कि मिसाइल परीक्षण दक्षिण कोरिया को निशाना बनाने को लेकर किये गए हैं। उन्होंने इन परीक्षणों को एक गंभीर उकसावे वाला बताया और कहा कि यह कोरियाई प्रायद्वीप की स्थिरता को कमजोर करता है।

इस बीच अमेरिकी सेना की ओर से यूएस इंडो-पैसिफिक कमांड ने कहा कि मंगलवार के परीक्षण से उसके सहयोगियों को तत्काल खतरा नहीं है। लेकिन उत्तर कोरिया के हालिया परीक्षण उसके गैरकानूनी हथियार कार्यक्रमों के अस्थिर करने वाले प्रभाव को उजागर करते हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि दक्षिण कोरिया और जापान के लिए अमेरिकी सुरक्षा जारी रहेगी। जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि अधिकारी अभी भी उत्तर कोरियाई प्रक्षेपणों का विवरण एकत्र कर रहे हैं और जापानी जल में नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

बैंकों के डूबने पर हो रहे थे सवाल, पत्रकारों को जवाब दिए बिना बीच कॉन्फ्रेंस से चले गए राष्ट्रपति बाइडन

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन कई बार अपनी अजीबो-गरीब हरकतों और जवाबों को लेकर पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बन जाते हैं। कई मौकों पर अमेरिका की विपक्षी रिपब्लिकन पार्टी ने बाइडन को मुद्दे से भटक जाने और किसी चर्चा के बीच में ही सो जाने के आरोप लगाए हैं। इस बीच सोमवार को बाइडन एक बार फिर चर्चा में आ गए। दरअसल, जब उनसे अमेरिकी बैंकों के हालात को लेकर सवाल किए जा रहे थे, ठीक उसी दौरान वे अचानक मंच से हटकर अपने कमरे में चले गए। गौरतलब है कि बाइडन ने यह प्रेस कॉन्फ्रेंस सिलिकॉन वैली बैंक और सिग्नेचर बैंक के डूबने के मुद्दे पर सरकार का पक्ष रखने के लिए बुलाई थी। इस दौरान कुछ पत्रकार ने उनसे पूछा कि क्या आप अमेरिकियों को यह आश्वान दे सकते हैं कि बैंक डूबने की घटनाओं का कोई उल्टा असर नहीं होगा? और क्या अमेरिका में कोई और बैंक भी डूब सकता है? हालांकि, इसी दौरान बाइडन पोडियम से पीछे हटे और पत्रकारों को अनसुना करते हुए बिना कोई जवाब दिए कमरे में चले गए। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पर कई लोगों ने बाइडन का मजाक उड़ाया है। कैलेब मैक्स नाम के एक व्यक्ति ने कहा कि इस आदमी को पता नहीं है कि उसने नाश्ते में क्या खाया, तो अगले 5 दिनों में बैंक में क्या होगा, ये कैसे पता होगा? एक और शख्स डेविड वोह्ल ने कहा, ÷सवालों का जवाब देना नामुमकिन होता है, जब आपको पता ही न हो कि आप किस बारे में बात कर रहे थे। यह चौंकाने वाला है कि वह एक टेलीप्रॉम्प्टर पढ़ सकते हैं। ऐसा पहली बार नहीं है जब जो बाइडन ने बीच में ही कॉन्फ्रेंस को छोड़ दिया हो। इससे पहले चीन के जासूसी गुब्बारों पर सवाल-जवाब के दौरान एक मौके पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भी बाइडन बिना जवाब दिए ही चले गए थे।

इमरान खान पर गिरफ्तारी की तलवार, 19 मार्च को लाहौर में रैली का एलान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। इस बीच इमरान ने 19 मार्च को लाहौर में बड़ी रैली का एलान किया है। दो मामलों में गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किए जाने के बाद पुलिस इमरान को गिरफ्तार करने गई। इस दौरान इमरान ने समर्थकों के साथ बड़ी रैली निकालकर पुलिस को चुनौती दी। तोशाखाना मामले में कोर्ट के सामने पेश नहीं होने और पिछले साल एक जनसभा के दौरान महिला न्यायाधीश को कथित तौर पर धमकी देने के मामले में यह गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। तोशाखाना मामले की सुनवाई कर रहे इस्लामाबाद की जिला एवं सत्र अदालत के न्यायाधीश जफर इकबाल और न्यायाधीश को धमकी देने के मामले में वरिष्ठ दीवानी न्यायाधीश राणा मुजाहिद रहीम ने पुलिस को पूर्व प्रधानमंत्री को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने को कहा है। कोर्ट ने तोशाखाना मामले में उन्हें 18 मार्च और न्यायाधीश को धमकी देने के मामले में इमरान को 21 मार्च को अदालत में पेश करने का निर्देश दिया। अब इमरान खान के समर्थक गिरफ्तारी वारंट के खिलाफ हाई कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं, किन्तु उन पर गिरफ्तारी की तलवार तो लटक ही रही है।

ऐसे में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के मुखिया इमरान खान ने 19 मार्च को लाहौर के मीनार-ए-पाकिस्तान में एक ऐतिहासिक सार्वजनिक रैली आयोजित करने की घोषणा की है। इमरान खान ने लोगों से रैली में पहुंचने का आह्वान कर कहा कि सभी को मिलकर संघर्ष करना होगा। उन्होंने 19 मार्च को दोपहर 2 बजे मीनार-ए-पाकिस्तान में जलसे का एलान किया।

म्यांमार में सेना का बौद्ध मठ पर हमला, तीस लोगों की मौत

नाएप्यीडॉ। म्यांमार में सेना ने एक बौद्ध मठ पर हमला कर गोलियों की बौछार कर दी। इस गोलीबारी में तीस लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में कई बौद्ध भिक्षु भी शामिल हैं। यह हमला म्यांमार के शान राज्य के एक गांव में किया गया। म्यांमार के विद्रोही संगठन कारेन्नी नेशनलिस्ट डिफेंस फोर्स ने यह जानकारी दी। कारेन्नी नेशनलिस्ट डिफेंस फोर्स ने कहा है कि हमले में म्यांमार की थल सेना के साथ वायु सेना भी शामिल थी। सेना के हमले से बचने के लिए बड़ी संख्या में लोग भाग कर गांव में स्थित बौद्ध मठ में छिप गए। सेना ने इन लोगों को मठ की दीवार के सहारे खड़ा कर गोलियों से भून दिया। इस हमले में कुछ बौद्ध भिक्षुओं सहित तीस लोगों की मौत हो गई। इस क्रूर हमले के दौरान सेना ने कई मकानों को आग के हवाले कर दिया। इससे पूरे गांव में चीख-पुकार मच गई। शान प्रांत थाईलैंड की सीमा से सटा है। यहां तख्तापलट के बाद से सेना को कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। यहां हिंसक झड़पें आम बात हो गई हैं। कारेन्नी संगठन सेना विरोधी है और शान प्रांत की राजधानी नान नेईन इसका गढ़ माना जाता है। कुछ समय से म्यांमार की सेना इस इलाके में अपनी पकड़ मजबूत कर रही है। म्यांमार में वर्ष 2021 में सरकार का तख्तापलट कर सेना ने सत्ता पर कब्जा जमा लिया था। तब से देश में हिंसा जारी है। अभी तक इस हिंसा में म्यांमार के 40 हजार लोग बेघर हो चुके हैं। अस्सी लाख बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे है और डेढ़ करोड़ लोग कुपोषण के शिकार हैं। अभी तक इस लड़ाई में आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 2900 लोगों की मौत हो चुकी है।

ब्रिटेन में हजारों चिकित्सकों की तीन दिन की हड़ताल से चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था

लंदन। ब्रिटेन में हजारों कनिष्ठ चिकित्सकों के वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर तीन दिन हड़ताल पर जाने से देश की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ा है। ब्रिटेन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) में 45 प्रतिशत कनिष्ठ चिकित्सक हैं।

हड़ताल के पहले दिन कनिष्ठ चिकित्सकों की अनुपस्थिति के कारण वरिष्ठ चिकित्सकों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को आपातकालीन, गहन चिकित्सा एवं मातृत्व सेवाओं में अतिरिक्त काम करना पड़ा।

चिकित्सकों के श्रमिक संघ ब्रिटिश मेडिकल एसोसिएशन ने कहा कि 2008 के बाद से कनिष्ठ चिकित्सकों के वेतन में वास्तविक रूप से 26 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि काम का बोझ बढ़ा है। इसके अलावा मरीजों की प्रतीक्षा सूची रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है। संघ ने कहा कि कम वेतन और अधिक खर्च के कारण डॉक्टर सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं से कतरा रहे हैं। संघ ने कहा कि नवनियुक्त चिकित्सक को एक घंटे के लिए 14.09 पाउंड (1,399 रुपए) मिलते हैं। नर्सों और पराचिकित्सा सेवा कर्मियों समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने भी हालिया महीनों में बेहतर वेतन एवं शर्तों की मांग को लेकर हड़तालें की हैं। एनएचएस के चिकित्सा निदेशक स्टीफन पॉविस ने कहा कि इस सप्ताह 72 घंटे की हड़ताल का सबसे गंभीर प्रभाव होने की संभावना है और इससे बड़े पैमाने स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने की आशंका है।

ब्रिटेन ने पहली बार यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता का किया समर्थन

लंदन। ब्रिटेन सरकार ने संसद में पेश रक्षा और विदेश नीति समीक्षा रिपोर्ट 'इंटीग्रेटेड रिव्यू रिफ्रेश 2023' में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत को स्थायी सदस्यता देने और यूएनएससी में सुधारों की वकालत की है। यह ब्रिटेन सरकार की ओर से भारत को सुरक्षा परिषद में स्थान देने का समर्थन करने की पहली बड़ी प्रतिबद्धता है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के विदेशी मामलों के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। 'इंटीग्रेटेड रिव्यू रिफ्रेश 2023: रिस्पोंडिंग टू ए मोर कंटेस्टेड एंड वोलेटाइल वर्ल्ड' (समेकित ताजा समीक्षा 2023: एक अधिक प्रतिस्पर्धी और अस्थिर दुनिया के संबंध में प्रतिक्रिया) 2021 की समीक्षा (आईआर2021) से आगे की बात करती है। आईआर2021 में हिंद-प्रशांत को लेकर तथाकथित झुकाव दिखा था। सरकार का अब मानना है कि हिंद-प्रशांत अब केवल झुकाव नहीं, बल्कि ब्रिटेन की विदेश नीति का एक स्थायी स्तंभ है और ब्रिटेन भारत के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मलावी और मोजाम्बिक में चक्रवात फ्रेडी से 56 लोगों की मौत

ब्लांटायर (मलावी)। चक्रवात फ्रेडी के कारण मलावी और मोजाम्बिक में कम से कम 56 लोगों की मौत सूचना है। दोनों देशों के अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी। इस चक्रवात ने रात को दूसरी बार महाद्वीप में दस्तक दी। स्थानीय पुलिस के अनुसार मलावी में 51 लोगों की मौत हुई है जबकि कई अन्य लापता या घायल हैं। मोजाम्बिक रही है। वहीं, नदियां अपने किनारे तोड़कर बेतहाशा बाढ़ आगे बढ़ रही हैं। चक्रवात किस हद तक भंयकर है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अमेरिका के साल भर के तूफानों में जितनी ताकत होती है, उससे अधिक ताकत इस अकेले चक्रवात में है। फ्रेडी चक्रवात की शुरुआत फरवरी में ऑस्ट्रेलिया से हुई, फिर यह पूरे दक्षिणी हिंद महासागर को पार करके यहां पहुंचा। यह अब तक का सबसे लंबा दर्ज किया गया उष्णकटिबंधीय चक्रवात है। अब पता किया जा रहा है कि क्या इसने 1994 में 31 दिन चले जॉन तूफान का रिकार्ड तोड़ दिया है। फ्रेडी से दोनों देशों में भंयकर नुकसान हुए है। इससे प्रभावित इलाकों में अभी भी दूरसंचार और बिजली जैसी सेवाएं ठप हैं। इससे बचाव और अन्य मानवीय प्रयास बाधित हो रहे हैं। इतना ही नहीं मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि इन इलाकों में अगले 48 घंटों में भयंकर बारिश जारी रहेगी। आपदा से ज्यादातर नुकसान कानून द्वारा निषिद्ध पर्वतीय क्षेत्रों में या नदियों के आसपास बनाए घरों में हुआ है। मलावी की सरकार ने आपदा प्रभावित 10 जिलों में स्कूल बंद कर दिए हैं। ऐसी उम्मीद है कि बुधवार तक यह चक्रवात कमज़ोर पड़ जाएगा और वापस समुद्र की तरफ लौट जाएगा।

नेपाल में बैंक खोलने की तैयारी में चीन

काठमांडू। चीन नेपाल समेत दक्षिण एशियाई देशों में बैंक स्थापित करने की तैयारी कर रहा है। नेपाल का दौरा करने वाले चीनी अधिकारियों ने भी साफ किया कि वे इसके लिए अध्ययन कर रहे हैं।

नेपाल के दौरे पर पहुंचे चाइना काउंसिल फॉर प्रमोशन ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड (सीसीपीआईटी) के उपाध्यक्ष झांग सौगांग ने नेपाल चाइना इंडस्ट्रियल चैंबर ऑफ कॉमर्स के एक कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि नेपाल में चीनी बैंकों की शाखाओं के विस्तार की तैयारी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि नेपाल सहित पूरे दक्षिण एशिया में चीनी बैंकों की मांग है। उन्होंने कहा कि हम इसे लेकर गंभीर हैं और हम इसका अध्ययन भी कर रहे हैं। जल्द ही फैसला लिया जाएगा। झांग ने कहा कि चीनी बैंकों के संचालन के लिए बाजार, चीन के उच्चाधिकारियों और उद्योगपतियों से मुलाकात करेगा। चीनी

साथ आर्थिक लेनदेन की मांग, स्थानीय बैंकों के साथ सहयोग और अन्य मुद्दों का अध्ययन किया जा रहा है।

झांग के नेतृत्व में सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल रविवार से नेपाल के दौरे पर है। इस दौरान यह प्रतिनिधिमंडल नेपाल के प्रतिनिधिमंडल ने उप प्रधानमंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ से मुलाकात की। बैठक में बताया गया कि श्रेष्ठ ने तातोपानी और केरुंग नाका के संचालन का मुद्दा उठाया।

नेपाल के निर्माण क्षेत्र में चीनी कंपनियों का इजाफा हुआ है। सीमेंट कंपनी खोलकर चीनी कंपनियों ने नेपाल में सड़क, सुरंग, जलविद्युत, बांध और हवाईअड्डे जैसी बड़ी परियोजनाओं के निर्माण का ठेका लिया है। वे अनुबंध विवादों में रहे हैं।

रामचंद्र पौडेल ने नेपाल के राष्ट्रपति पद की शपथ ली



काठमांडू। रामचंद्र पौडेल ने नेपाल के तीसरे राष्ट्रपति के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश हरिकृष्ण कार्की ने राष्ट्रपति कार्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह में शपथ दिलाई। नेपाल के तीसरे राष्ट्रपति के रूप में पौडेल ने पदभार ग्रहण किया है। वह 09 मार्च को सीपीएन (यूएमएल) नेता सुभाष चंद्र नेमवांग को हराकर राष्ट्रपति चुने गए थे। राष्ट्रपति बनने से पहले वे नेपाली कांग्रेस के नेता थे।

सराफा बाजार : सोना चांदी में लगातार दूसरे दिन तेजी, चांदी ने लगाई 3 हजार रुपये की छलांग

नई दिल्ली। अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मची हलचल की वजह से वर्ल्ड गोल्ड मार्केट की तरह ही भारतीय सराफा बाजार में भी आज लगातार दूसरे दिन तेजी का माहौल बना रहा। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन सोने की कीमत में जोरदार उछाल का रुख बना, जिसकी वजह से ये चमकीली धातु आज 57,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को भी पार कर गई। सोने की तरह ही चांदी ने भी आज जोरदार तेजी दिखाई। आज ये चमकीली धातु करीब 3 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक उछल गई।

पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को सोना का आखिरी बंद भाव 56,968 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। आज के कारोबार में इस चमकीली धातु ने 800 रुपये से अधिक की छलांग लगाई। अलग-अलग श्रेणियों में सोने ने आज 804 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 471 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की मजबूती दर्ज की। इसी तरह चांदी भी आज के कारोबार में 2,955 रुपये प्रति किलोग्राम उछल गया। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक घरेलू सराफा बाजार में आज कारोबारी यानी 24 कैरेट (999) सोने की औसत कीमत 804 रुपये की तेजी के साथ चढ़ कर 57,772 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। इसी तरह 23 कैरेट (995) सोने की कीमत 801 रुपये की मजबूती के साथ 57,541 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। जेवराती यानी 22 कैरेट (916) सोने की कीमत में आज 737 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी दर्ज की गई।

इसके साथ ही 22 कैरेट सोना 52,919 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा 18 कैरेट (750) सोने की कीमत आज प्रति 10 ग्राम 567 रुपये उछल कर 43,329 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गई। जबकि 14 कैरेट (585) सोना आज 471 रुपये महंगा होकर 33,797 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।